# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-03-2023

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

बेलीपार (एसएनबी)। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ रेप करने के आरोप में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को बेलीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम वकील भूज पुत्र राम सनेही निवासी चिलवा थाना गोला जनपद गोरखपुर व विजय गुप्ता उर्फ भोला पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता उर्फ होतीलाल निवासी गड़वा थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर हाल पता महावीर छपरा थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक थाना बेलीपार इकरार अहमद ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 363, 366, 506, 120बी, 376 व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना बेलीपार के तहत कोर्ट मे पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# दहेज हत्या की आरोपिता गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। खजनी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपिता कैलाशी देवी पत्नी रामभागवत निवासिनी ग्राम छपिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपिता को आईपीसी की धारा 498ए, 304बी, 504, 506, 120बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसएसआई सुनील कुमार त्रिपाठी व महिला आरक्षी रोली ओझा शामिल रही।

# शातिर चोर तमंचा-कारतूस व बाइक के साथ गिरफ्तार

चिलुआताल (एसएनबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को तमंचा-कारतूस व बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय निषाद पुत्र स्व. कोईल निवासी ग्राम भगवानपुर खास थाना चिलुआताल बताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 457, 380, 411, 414,भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चिलुआताल गोरखपुर के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। गुडवर्क टीम मे प्रभारी निरिक्षक चिलुआताल जयन्त कुमार सिंह, एसआई राकेश कुमार सिंह, हेका. श्यामनरायण यादव व का. रामहरख चौहान शामिल रहे।

## पूजा के दीपक से मकान में लगी आग

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर इलाके के आवास विकास कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह घर के मंदिर में दीपक से आग लगने से लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गया। आवास विकास कालोनी में राजेश पांडेय का मकान है। वह बाहर रहते हैं। उनके मकान की देखभाल अनिल कुमार करते हैं। उन्होंने एक कमरा किराए पर दिया है। शुक्रवार की सुबह किराएदार घर में रखे मंदिर में पूजा कर और दीपक जलाकर कमरा बंद कर शहर चले गए। कुछ देर बाद घर में से धुआं उठने के बाद लोगों की नजर पड़ी। आसपास के लोग की मदद से कमरे का ताला तोड़कर पानी फेंककर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शाहपुर मधुप नाथ मिश्र के तत्परता से समय से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई।

## दो नकबजन गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

बांसगांव (एसएनबी)। बांसगांव पुलिस ने दो नकबजन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किए जाने का दावा किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम पंकज चौहान पुत्र दिनेश चौहान निवासी ग्राम डड़वा रामचन्दर उर्फ आनंद पुरवा थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर व पवन कुमार उर्फ सन्नी पुत्र राम प्रकाश निवासी बसौली खुर्द थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक बांसगांव विज्ञानकर सिंह ने बताया कि आरोपितों को आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत कोर्ट मे पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपित गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक जय नारायण शुक्ला ने हमराही फोर्स के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तीनों जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे थे। अभियुक्तों ने पुलिस को अपना नाम सुनील पुत्र अच्छेलाल प्रसाद, शोलू उर्फ अजय कुमार पुत्र अच्छेलाल प्रसाद, बालगोविन्द पुत्र मुक्खु प्रसाद निवासीगण ग्राम महुलिया खुर्द थाना बड़हलगंज बताया। पुलिस आरोपितों को धारा 147, 323, 504, 506, 308 भादवि के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी पकड़ा है।

## अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को बेलीपार पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बेलीपार इकरार अहमद ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अलाउद्दीन पुत्र मुस्लिम निवासी ग्राम नौतन थाना तरकुलवा देवरिया हाल मुकाम कोना सोनबरसा थाना झंगहा बताया। उसे धारा 363, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना बेलीपार गोरखपुर पर दर्ज मुकदमे के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 15 मार्च को मुखवीर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, आपराध आसूचना शाखा व राजकीय रेलवे पुलिस, छपरा द्वारा दो व्यक्तियों को चोरी के 3 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल के साथ गिरतार किया गया। 16 मार्च को आपराध आसूचना शाखा एवं रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी द्वारा संयुक्त निगरानी के क्रम में आवा बाजार, वाराणसी स्थित एक दूकान के संचालक को ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर व्यक्तिगत यूजर आइडी पर बने 26 अदद ई-टिकटों के साथ गिरतार किया गया। 16 मार्च को रेल मदद से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-18201 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मार-पीटकर गंभीर चोट पहुंचाने के जुर्म में दो को कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। मार पीट कर गंभीर चोटें पहुंचाने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम मन्नीपुर निवासी अभियुक्त संदीप पाण्डेय व कुलदीप पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास व 30 हजार अर्थदंड किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना वादी किशोरी लाल ने अपने गांव में एक खेत जयराम गुप्ता से खरीदा था। उससे पहले वह खेत दीप कुमार पांडेय का था। 10 जून 2006 को शाम करीब 6 बजे वादी और उसका भाई शिवाकांत उक्त खेत से घांस निकाल रहे थे।उसी समय अभियुक्त संदीप व कुलदीप अपने हाथ में गड़ासा और कुदाल लेकर वहां आए और वादी के भाई शिवाकांत को घेर कर उसे बुरी तरह मारे पीटे।जिससे वादी के भाई को गंभीर व प्राणघातक चोटे आई।

# एसपी नार्थ की गाड़ी को ठोकर मारने वाला इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। यूपी एसटीएफ की फील्ड यूनिट गोरखपुर को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गोवंशीय पशु तस्कर मोनू उर्फ वाहिद रजा को गुलरिहा क्षेत्र सरैया बाजार के समीप से गिरफ्तार किया। टीम ने उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल व 810 रुपए नकदी बरामद किया है। मोनू पर एसपी नार्थ की सरकारी वाहन में ठोकर मारने, पीआरबी टीम पर जानलेवा हमला कर नकदी लूट के मामले में गुलरिहा थाना पर केस दर्ज है। बदमाश की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम घोषित था। एसटीएफ ने आरोपित के विरूद्ध आर्म्स एक्ट में गुलरिहा थाना पर केस दर्ज कराया है।



एसटीएफ सीओ लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में एसटीएफ फील्ड यूनिट गोरखपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने टीम में शामिल हेका. यशवंत सिंह, अशोक कुमार सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अभिलाष कुमार तिवारी, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं आदित्य कुमार पाण्डेय के सहयोग से गोवंशीय पशु तस्कर को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू उर्फ वाहिद रजा पुत्र सगीर आलम निवासी लाला गुरवलिया थाना तुर्कपट्टी जिला कुशीनगर बताया।

**50 हजार के इनामी तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा**

**घुमंतू पशुओं को गोकशी के लिए साथियों के साथ मिलकर उठा लेता था तस्कर**

**गुलरिहा में पीआरबी पर भी हमला कर डैशबोर्ड से लूट लिया था रुपए**

**जिले के दर्जनभर थाना क्षेत्र से वध के लिए कर चुका है पशुओं की चोरी**

**कुशीनगर का रहने वाला है तस्कर मोनू उर्फ वाहिद रजा**

**एसपी नार्थ के सरकारी वाहन में मारा था ठोकर :** गत वर्ष एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी मेडिकल कालेज चौकी पर मातहतों के साथ मीटिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गौ-तस्करों का दल गुलरिहा क्षेत्र से होते हुए कुशीनगर जा रहा है। इस सूचना पर एसपी नार्थ ने तस्करों का पीछा शुरू कर दिया। तस्करों ने अपनी पिकअप गाड़ी से एसपी नार्थ के सरकारी वाहन में ठोकर मार दिया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। संयोग ठीक रहा कि एसपी समेत उनके समस्त हमराहीगण बाल-बाल बच गए। इसी टीम ने पीछा करने पर गुलरिहा में पीआरबी वैन पर हमला कर लूटपाट की थी।

**जिले के दर्जनभर थाना क्षेत्र में दे चुका है घटनाओं को अंजाम :** एसटीएफ की पूछताछ में मोनू उर्फ वाहिद रजा ने बताया कि वह अपने गैंग के सदस्यों के साथ गोरखपुर जिले के चौरीचौरा, तिवारीपुर, चिलुआताल, गुलरिहा, शाहपुर, कैंट, खोराबार, पिपराइच, राजघाट, रामगढ़ताल आदि थाना क्षेत्र के अलावा कुशीनगर जिले के कई थाना क्षेत्र से गौकशी के लिए गोवंशीय पशुओं की चोरी कर उन्हें बेच चुका है।

**गंभीर धाराओं में दर्ज हैं 15 मुकदमे :** इनामी पशु तस्कर मोनू उर्फ वाहिद व उसके सहयोगियों के विरूद्ध कुशीनगर के कसया थाना पर चार, तुर्कपट्टी थाना पर दो, रामकोला और पडरौना थाना पर एक-एक जबकि गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना पर तीन, तिवारीपुर, चौरीचौरा, चिलुआताल, रामगढ़ताल थाना पर एक-एक मुकदमे दर्ज हैं। कुछ थाना क्षेत्रों पर तो मुकदमे ही दर्ज नहीं किए गए हैं जबकि मोनू ने अपने साथियों के साथ उन थाना क्षेत्रों से भी गोवंशियों को वध के लिए चुराकर बेचने की बात स्वीकार की है।

# गोला में गोवंशियों के कटे अवशेष बरामद, गौकशी की आशंका

गोरखपुर (एसएनबी)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खदरा में आधा दर्जन से अधिक गोवंश के कटे अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। गोकशी की सूचना पर घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर पंहुची पुलिस आनन-फानन में अवशेष को जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर उसमें जमींदोज करा दिया। लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से ही गोकशी हो रही है। इतनी बड़ी तादाद में गोवंशियों को काटकर उनका मांस तस्कर ले गए हैं इसकी भनक वीपीओ को भी क्यों नहीं लग सकी।

**आधा दर्जन गाय की मिली खाल, सिर, पैर व मांस के लोथड़े**

**गोकशी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश,पुलिस-प्रशासन पर आरोप**

ककरही प्रतिनिधि के मुताबिक चोपलहवा बाग की तरफ बहुत सारे कौवों को उड़ता देख ग्रामीणों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों ने जब जाकर देखा तो जगह जगह दर्जनों गौवंशो के अवशेष बिखरे मिले। जिसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी गयी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पंहुच गयी और गौवंश के भारी मात्रा में अवशेष देखकर हाथ-पांव फूल गये। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आनन-फानन में जेसीबी से अवशेषों को इकट्ठा कर दफना दिया गया। सूचना पर उपजिलाधिकारी गोला रोहित कुमार मौर्य, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एके सिंह, सीओ जगत राम कनौजिया,कोतवाल अश्वनी कुमार तिवारी मयफोर्स मौके पर पहुंचे और जांच की।



प्रशासन से दोषियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग करते ग्रामीण।

**गठ्ठर में बांध कर फेंके गये थे सिर और पैर**

घटना स्थल के आस-पास बिखरे मांस के लोथड़ों व खून गोवंशीय पशुओं के साथ हुए क्रूरता की गवाही दे रहे थे। सिर, पैर व कई अवशेषों को गठ्ठरों में बांध कर फेंका गया था। बहुत सारा अवशेष खेतों में बिखेर दिया गया था। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जो हिस्सा तस्करों के काम का नही था उन्हें वहीं पर बिखेर दिया गया। या वह इसे ले जाने में असमर्थ थे।

**शाम के समय छुट्टा गौवंश को लेकर जा रहे थे अज्ञात**

ग्रामीणों के अनुसार शाम के समय कुछ लोग छुट्टा पशुओं को हांक कर बाग की ओर ले जा रहे थे। जिसे देखकर उन्होंने यह सोचा कि खेत चर रहे पशुओं को ले जाया जा रहा था लेकिन सुबह वहां अवशेष मिलने पर मामला समझ में आया।

**घटना स्थल पर मिले बड़े और नये फंदे**

घटनास्थल पर नये और बड़े फंदे मिले। जिससे इन छुट्टा पशुओं को पकड़ने का कार्य किया गया था। घटनास्थल पर देखने पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पूरी तैयारी के साथ ही इस कार्य को अंजाम दिया है।

**भाजपाइयों व ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की**

भाजपा नेता राजकपूर सिंह सैंथवार,रतन प्रकाश दूबे,अनिल भट्ट,शम्भू चंद,अशोक जायसवाल, संतोष तिवारी,देवेश निषाद,गुड्ड राय,नवनीत राय ने कहा कि जनता इस घटना से आक्रोशित है। प्रशासन से तुरंत दोषियों गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

**गोला थाने पर दर्ज हुआ मुकदमा**

गोला थाने में अज्ञात पशु तस्करों पर गोवध निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। पशु अवशेष को लैब टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। रोहित कुमार मौर्य, एसडीएम गोला

# बीआरडी के डाक्टरों ने बचा ली नवजात की जान

गोरखपुर (एसएनबी)। बीआरडी मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने नवजात का आपरेशन कर जान बचा ली है। जन्म से ही उसके डायाफ्राम की झिल्ली में छेद होने से आंत, पेट व प्लीहा (स्पलीन) फेफड़े की बायीं ओर चला गया था। इससे फेफड़ा दब रहा था और अल्प विकसित था। डायाफ्राम की मांसपेशियां पीछे की तरफ थीं ही नहीं। इस वजह से आपरेशन बहुत जटिल था। लेकिन डाक्टरों ने हिम्मत नहीं हारी। डायाफ्राम की झिल्ली के छेद को छाती की मांसपेशियों से जोड़कर आपरेशन कर दिया। बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

सिद्धार्थनगर की पुनीता ने एक मार्च को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। उस समय बच्चा आठ दिन का था। उसका जन्म सिद्धार्थ नगर के अस्पताल में हुआ था। जन्म के बाद से ही उसकी सांस फूल रही थी और दूध भी नहीं पी रहा था। जिला अस्पताल के डाक्टरों बीआरडी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में सभी जरूरी जांच के बाद स्वजन की अनुमति लेकर पीडियाट्रिक सर्जन डा. रेनू कुशवाहा ने आपरेशन किया। इसमें बाल रोग विशेषज्ञ डा. अभिषेक व बेहोशी के चिकित्सक डा. सुनील आर्या व डा. शहबाज ने सहयोग किया।

# पूर्व सीएम के बेटे को नोटिस तीसरा असलाह जमा करें

**नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज बड़हलगंज के पूर्व प्राचार्य डा. शिवदत्त को भी नोटिस**

**सात दिन में नहीं जमा किया तो आखिर में लिए गए शस्त्र का निरस्त होगा लाइसेंस**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 March):**तीन में से एक असलाह सरेंडर न करने पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है. पूर्व सीएम वीर बहादुर सिंह के बेटे विक्रम बहादुर सिंह, नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज बड़हलगंज के पूर्व प्राचार्य डा. शिवदत्त तिवारी समेत 20 को एक सप्ताह की मोहलत दी गई है. यदि इन्होंने अपना एक शस्त्र जमा नहीं किया तो प्रशासन आखिर में लिए गए शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर देगा. लाइसेंस का निरस्तीकरण 13 दिसंबर, 2020 से होगा. इसके बाद प्रशासन विधिक कार्रवाई भी करेगा.

डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि संजय सिंह, सुजाता अग्रवाल, मंजूर आलम, सत्येंद्र बहादुर सरकारी, अनय कुमार सिंह, सैयद फौआद अली, अमित कुमार सिंह, रामनरेश चंद, विजय बहादुर गुप्ता, उदयवीर सिंह, छोटेलाल, रमेश कुमार पांडेय, गौतम पोद्दार, आलोक शेखर तिवारी, जयराम प्रसाद, जितेंद्र नाथ सिंह, विश्राम प्रसाद सिंघानिया, अंजनी कुमार सिंह दो से ज्यादा शस्त्र रखने पर नोटिस जारी किया गया है.

# हत्या व हत्या के प्रयास की घटनाओं से फैलाई थी दहशत

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (17 March): माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर और ग्राम प्रधानों से रंगदारी मांगने वाले राजन पासी के सहयोगी सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक ने 2008 में गोरखपुर जिले में हत्या और हत्या के प्रयास की घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाई थी. आजमगढ़ में मुठभेड़ के बाद उसकी गिरफ्तारी की सूचना बड़हलगंज पहुंची तो लोगों में उसके दुस्साहस की यादें ताजा हो गई.

## बड़हलगंज में तीन मुकदमे

अलग-अलग जिलों में अपराध करने वाला सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक कुछ दिन पहले सुल्तानपुर जेल से छूटा था. उस पर बड़हलगंज थाने में भी हत्या व हत्या का प्रयास करने के तीन मुकदमे दर्ज हैं. सत्यनारायण गोरखपुर जिले के बड़हलगंज क्षेत्र के मिश्रौली गांव का निवासी है. मुठभेड़ में बदमाश के घायल होने की सूचना पर बड़हलगंज थाना पुलिस उसके गांव पहुंची. पत्नी प्रमिला ने बताया कि सत्यनारायण घर से कोई मतलब नहीं रखता था. कभी-कभार ही वह आता था. सास-ससुर की बहुत पहले ही मृत्यु हो चुकी है. कोरोना संक्रमण की वजह से दो वर्ष पहले देवर बब्लू की भी मृत्यु हो गई. प्रमिला ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं, जिसमें सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है.

# आठ हजार गोरखपुराइट्स का 'कैरेक्टर ढीला है'

साल 2022 से अब तक 29,291 लोगों ने कैरेक्टर सर्टिफिकेट के लिए किया आवेदन

anurag.pandey@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 March):** 'मैं कहूं तो साला कैरेक्टर ढीला है...' रेडी मूवी का यह सांग भेल ही दूसरी थीम लेकर बनाया गया हो, लेकिन गोरखपुर में ऐसे हजारों लोग हैं, जिनका कैरेक्टर ढीली है. यह पुलिस रिकॉर्ड में अपना कैरेक्टर अच्छा साबित करने में नाकाम हुए हैं. गोरखपुर जिले में ऐसे लोगों की तादाद 8,198 है. यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि पुलिस रिकॉर्ड खुद इस बात की गवाही दे रहे हैं. खराब कैरेक्टर के बाद भी इन लोगों ने अपने कैरेक्ट सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया. मगर पुलिस के वेरिफिकेशन में उनकी हकीकत सामने आ गई और यह फेल हो गए.

## अहम दस्तावेजों के लिए जरूरी

नौकरी और पासपोर्ट समेत कई अहम वर्क्स के लिए व्यक्ति का कैरेक्टर सर्टिफिकेट लगाना जरूरी होता है. यह अहम दस्तावेज है, इसलिए इसका वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी गई है. पुलिस बड़ी बारीकी से इसकी जांच करती है, जिसके बाद सर्टिफिकेट के लिए अप्रूवल दिया जाता है. कैरेक्टर सर्टिफिकेट के लिए हर माह लगभग दो हजार आवेदन आते हैं. साल 2023 जनवरी माह से 17 मार्च तक 7490 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है. जिसमे 3379 कैरेक्टर सर्टिफिकेट अप्रूव कर जारी किए गए, जबकि 1145 का आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया है.

**EXCLUSIVE**



## साल 2022 में आए आवेदन

साल 2022 जनवरी से 31 दिसंबर तक 21804 आवेदन कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आए. इसमे 14733 सर्टिफिकेट अप्रूव हुए. जबकि एक साल में 7053 सर्टिफिकेट रिजेक्ट किए गए. इस तरह 2022 और 2023 मिलाकर 29,291 लोगों ने कैरेक्टर सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है. जिसमें 18,112 अप्रूव और 8,198 हजार आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं.




## इस तरह होता है वेरिफिकेशन

- कोई भी व्यक्ति कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करता है.
- इसके बाद उसकी वेरिफिकेशन संबंधित थाना स्तर से होती है.
- आवेदक पर कोई मुकदमा तो नही है.
- इसकी जांच के लिए पुलिस सबसे पहले अपराध रजिस्टर 4 और 8 को खंगालती है.
- रजिस्टर नंबर 4 में हर साल अपराध होने वाले अपराध डिटेल लिखा जाता है.
- रजिस्टर नंबर 8 में साल 1860 से अब तक के अपराध की डिटेल होती है.
- बीपीओ मुहल्ले में जाकर करता है वेरिफिकेशन
- इसके बाद पुलिस सीसीटीएनएस पर ऑनलाइन भी आवेदक का नाम से मुकदमा चेक करती है.
- इसके बाद बीट पुलिस अधिकारी आवेदक के मुहल्ले में जाकर उसके बारे में आस-पास पड़ोसियों से फीडबैक लेता है.

## निक नेम की भी करती पुलिस पड़ताल

पुलिस की मानें तो बहुत से शातिर लोग जिस नाम से मुकदमा होता है, उससे आवेदन ना करके निक नेम से कैरेक्टर सर्टिफिकेट के लिए आवेदन कर देते हैं. इसलिए बीपीओ मुहल्ले में जाकर आवेदन का निक नेम भी पता करते हैं. जो भी निक नेम होता है, उस नाम से भी सीसीटीएनएस पर अपराध चेक करते हैं.

### साल 2023 में आए आवेदन

आवेदन आए- 7490
अप्रूव हुए 3379
रिजेक्ट किए 1145

### साल 2022 में आए आवेदन

आवेदन आए 21804
अप्रूव हुए 14733
रिजेक्ट हुए 7053

### 2022 से अब तक आवेदन आए- 29,291

अब तक रिजेक्ट हुए 8,198
अब तक अप्रूव हुए 18,112

## इस तरह होता है आवेदन

- कैरेक्टर सर्टिफिकेट के लिए यूपी कॉप पर करें आवेदन.
- पेज खुलते ही उसमे नाम, पता, जन्म तिथि आदि भरना होता है.
- फोटो पहचान पत्र और अड्रेस प्रूफ भी साथ अपलोड करना होता है.
- आपके या परिवार के किसी भी सदस्य का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे भी दर्शाना होता है.

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले 50 हजार का इनामी अरेस्ट

**GORAKHPUR (17 March):** गोरखपुर एसटीएफ ने कुशीनगर के पशु तस्कर मोनू उर्फ वाहिद को गिफ्तार कर लिया. वो पुलिस पर फयरिंग कर काफी दिनों फरार चल रहा था. वाहिद गुलरिहा थाने से 14 महीने से वांछित चल रहा था. एसएसपी ने तस्कर पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था. शुक्रवार को एसटीएफ ने उसे गुलरिहा इलाके के सरैया के पास से दबोचकर गुलरिहा पुलिस को सौंप दिया.

## जनवरी में हुई थी घटना

पुलिस के मुताबिक, 3 जनवरी 2022 की रात करीब 12.30 बजे पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मी चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी को रोकने की कोशिश की थी. पिकअप से मोनू उर्फ वाहिद रजा और तीन चार की संख्या में तस्कर उतर और पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे. पीआरवी पर तैनात पुलिसवाले जान बचाकर दूर चले गए. वहीं, पशु तस्करों ने गाड़ी के अंदर घुसकर मोबाइल और 500 सौ रुपए लूट कर गाली और धमकी देते हुए फरार हो गए.

## एसएसपी ने घोषित किया था 50 हजार का इनाम

इस मामले में गुलरिहा पुलिस ने हत्या का प्रयास, लूट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर पशु तस्करों की तलाश शुरू कर दी थी. अन्य आरोपितों को एक के बाद एक कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि वाहिद रजा पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था. एसएसपी गोरखपुर ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम घोषित किया था. जिसके बाद एसटीएफ गोरखपुर की यूनिट इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी थी. .एसटीएफ को सूचना मिली कि वाहिद रजा मेडिकल कॉलेज आगे सरैया के पास आने वाला है. एसटीएफ टीम ने घेराबंदी कर उसके इंतजार करने लगी रात में जब वह आया तब टीम ने उसे दबोच लिया. पूछताछ में वाहिद ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ पिछले कई सालों से चिलुआताल, गुलरिहा, शाहपुर, कैंट, खोराबार, रामगढ़ताल, तिवारीपुर, पिपराइच राजघाट इलाके से घुमंतु पशुओं को उठाकर तस्करी करता है. एसटीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, वाहिद पर 14 केस दर्ज है. जिसमें 4 कुशीनगर के कसया और एक रामकोला, 2 तुर्कपट्टी, एक पड़रौना और गोरखपुर में तिवारीपुर, गुलरिहा आदि थाने में मुकदमा दर्ज है.

# अब सोमवार तक नहीं पकड़े जाएंगे छुट्टा पशु

**GORAKHPUR (17 March):** सड़क पर पशु छोड़ने वाले पशुपालकों को सोमवार तक की मोहलत दी गई है. नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने तीन दिन में 50 से ज्यादा पशुओं को पकड़ा था. सभी पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया था, लेकिन पशुपालक लगातार नगर आयुक्त के पास एक बार मोहलत देने की गुहार लगा रहे थे. इसके बाद नगर आयुक्त ने तीन दिन का समय दिया है. कहा कि मंगलवार से सड़क पर पालतू पशु मिले तो पशुपालक से हर हाल में पांच हजार रुपये जुर्माना जमा कराया जाएगा. शुक्रवार को नगर आयुक्त ने महानगर में हो रही नाला सफाई का निरीक्षण किया. सिटी माल के सामने अध्यास गली में नाले के दोनों तरफ झाड़ियां मिलने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई. कहा कि नाला व नाली की सफाई के साथ ही झाड़ियों को जरूर साफ करें. इससे मच्छर नहीं पनपेंगे.

# कुशीनगर सीमा पर हाईअलर्ट, नक्सली हमले की आशंका

**खड्डा (कुशीनगर)।** उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे बिहार के बगहां जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर नक्सली हमले की आशंका में हाईअलर्ट जारी किया गया है। खुफिया विभाग और एसटीएफ के मुख्यालय से मिले इनपुट्स के बाद सतर्कता बरती जा रही है। सीमा पर भी चौकसी बढ़ाई गई है।

कुशीनगर जिले से सटा बिहार का जिला बगहां नक्सल प्रभावित रहा है। इसकी आंच कुशीनगर जिले तक पहुंचती रही है। बगहां में नक्सल अभियान के लिए तैनात दल के प्रभारी व एएसपी दिवेश कुमार मिश्रा ने एसएसबी 21वीं और 65वीं वाहनी को विशेष तौर पर सतर्क रहने के लिए पत्र जारी किया है। आशंका जताई है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में माओवादियों की तरफ से फरवरी से जून माह के बीच अर्द्धसैनिक बलों, (एसएसबी) पुलिस, थाना और पिकेट आदि पर हमले हो सकते हैं। एएसपी का कहना है कि पूर्व में अन्य जगहों पर हुई नक्सली गतिविधियों को देखते हुए विशेष चौकसी बरती जा रही है। संवाद

# 50 हजार का इनामी कुशीनगर का पशु तस्कर वाहिद गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर एसटीएफ ने पुलिस पर फयरिंग कर फरार चल रहे कुशीनगर के पशु तस्कर मोनू उर्फ वाहिद को गुलरिहा इलाके के सरैया के पास से गुरुवार की रात में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद 50 हजार के इनामी बदमाश को एसटीएफ ने गुलरिहा पुलिस को सौंप दिया। गुलरिहा थाने से 14 महीने से वांछित चल रहा था। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

तीन जनवरी 2022 की रात करीब साढे.12 बजे पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मी चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया था। पिकअप से मोनू उर्फ वाहिद रजा और तीन चार की संख्या में तस्कर उतर और पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पीआरवी पर तैनात पुलिसवाले जान बचाकर दूर चले गए वहीं पशु तस्करों ने गाड़ी के अंदर घुसकर मोबाइल और 500 सौ रुपये लूट कर गाली और धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में गुलरिहा पुलिस ने हत्या का प्रयास, लूट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर पशु तस्करों की तलाश शुरू कर दी थी। अन्य आरोपितों को एक के बाद एक कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि वाहिद रजा पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। एसएसपी गोरखपुर ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम घोषित किया था जिसके बाद एसटीएफ गोरखपुर की यूनिट इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिह के नेतृत्व में उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी थी। एसटीएफ को सूचना मिली कि वाहिद रजा मेडिकल कालेज आगे सरैया के पास आने वाला है।



मोनू उर्फ वाहिद

# 35 घंटे के मासूम की पांच घंटे सर्जरी कर बचाई जान

मासूम को संजीवनी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक जटिल ऑपरेशन में सफलता पाई है। टीम ने 35 घंटे पहले जन्मे एक बच्चे का ऑपरेशन कर जान बचाई। नवजात के शरीर के अंदर डायफ्रॉम (झिल्ली) न बनने से आंत, गुर्दा, लिवर उसके सीने में चला गया था। दबाव से दिल दाहिनी तरफ शिफ्ट हो गया और फेफड़ा दब गया। करीब पांच घंटे की सर्जरी के बाद मासूम का डायफ्रॉम बनाया गया। अब वह खतरे से बाहर है। अब तक ऐसे केस में मरीज को लखनऊ-दिल्ली भागना पड़ता था।

सिद्धार्थनगर की रहने वाली महिला का यह तीसरा सिजेरियन प्रसव था। पहले दो बच्चों की जन्म के दिनों बाद ही मौत हो चुकी थी। जन्म लेते ही इस बच्चे की भी हालत बिगड़ने लगी। मासूम सांस नहीं ले पा रहा था। उसके मुंह से कोई आवाज भी नहीं निकल रही थी। शरीर नीला पड़ने लगा। परिजन उसे लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर पहुंचे। यहां बाल रोग विभाग के नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में भर्ती किया गया। जनरल सर्जरी विभाग की पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. रेनू कुशवाहा ने सर्जरी की।

**जांच में पता चली बीमारी :** एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड में पता चला कि नवजात का डायफ्रॉम बना ही नहीं है। यह झिल्ली सीने और पेट के बीच में दीवार का काम करती है। इसके कारण नवजात की आंत, गुर्दा, लिवर दिल वाली जगह पर पहुंच गए।



- मासूम के सीने में पहुंच गई थी आंत, खतरे में थी जान
- बीआरडी में हुई जटिल पीडियाट्रिक सर्जरी

## सीने के पास की मांशपेशियों से बनाया गया डायफ्रॉम

डॉ. रेनू कुशवाहा ने बताया कि मासूम की जान बचाने के लिए फौरन सर्जरी करने का फैसला किया गया। एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील आर्य और डॉ. शाहबाज खान की टीम तैयार हुई। महज डेढ़ दिन के मासूम को बेहोश करने के लिए बेहद धीमी गति से दवाएं दी गई। इसके बाद सर्जरी शुरू की गई। शरीर के आंतरिक अंगों को उचित स्थान पर स्थित किया गया। इसके बाद सीने के पास की मांसपेशियों से डायफ्रॉम बनाया गया।

## सात दिन वेंटिलेटर पर रहा नवजात

डॉ. रेनू ने बताया कि ऑपरेशन के बाद भी मासूम को इंटेंसिव केयर की जरूरत थी। उसे एनआईसीयू में सात दिन वेंटिलेटर पर रखा गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक उसकी सेहत पर नजर रखे रहे। अब उसकी सेहत ठीक है। वह स्तनपान कर पा रहा है। शनिवार को टांका काटा जाएगा।

"यह बेहद जटिल सर्जरी है। आमतौर पर इस तरह के बच्चों की चार से पांच दिन के अंदर सर्जरी हो जानी चाहिए। निर्णय में देरी बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। अब बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भी ऐसे ऑपरेशन की सुविधा है। मरीजों को इसके लिए लखनऊ या दिल्ली के चक्कर नहीं काटने होंगे।

**डॉ. गणेश कुमार,** प्राचार्य, बीआरडी मेडिकल कॉलेज

# धोखाधड़ी के शिकार छह लोगों के 2.07 लाख वापस दिलाए

गोरखपुर, निज संवाददाता। ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार छह लोगों का तकरीबन 2.07 लाख रुपया साइबर सेल ने खाते में वापस कराया।

निरीक्षक यदुनन्दन यादव ऑनलाइन रुपया भेजते समय 25 हजार रुपये दूसरे के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। इसी प्रकार गुलरिहा निवासी राकेश से जालसाज 19972 रुपया, बनकटा निवासी सूरज सिंह से 32 हजार रुपया, सहजनवा निवासी अजीत यादव को पॉलिसी के नाम पर धोखे से खाते से 1.10 लाख रुपया, दोस्त बनकर पैसा भेजने के नाम पर चौरीचौरा के सरदारनगर निवासी हरिओम चौहान के खाते से 20 हजार रुपया और ट्रैवेल्स का किराया खाते में भेजने के नाम पर बड़हलगंज के संदीप त्रिपाठी के खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिए थे। पीड़ितों ने इसकी सूचना संबंधित थाने के साथ साइबर सेल को दी।

# दरोगा, सिपाही ने घर में घुस कर पीटा, केस

- सीसीटीवी में कैद हो गई थी मारपीट की घटना
- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट थाने के दरोगा अमित चतुर्वेदी और सिपाही निखिल यादव पर मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि दोनों बेतिहयाता निवासी एक व्यक्ति के गवाही नहीं देने पर मारपीट की और धमकी दी। घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पहले तो पुलिसवालों ने फुटेज डीलिट कराने की काफी कोशिश की। लेकिन, पीड़ित की सक्रियता से सफल नहीं हो पाए। हरपुर-बुदहट इलाके के बरसिंघा के रहने वाले प्रदीप यादव कैंट इलाके के बेतियाहाता आवास विकास कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। प्रदीप ने अपने घर में ही नीचे अपनी कंपनी का कार्यालय बना रखा है, ऊपरी हिस्से में रहते हैं। प्रदीप ने कोर्ट के जरिये पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है, उनके मकान मालिक हृदयलाल होरा का महेंद्र श्रीवास्तव नाम के एक किराएदार से विवाद था। 17 अक्टूबर 2020 को कैंट थाने के तत्कालीन बेतियाहाता चौकी इंचार्ज अमित चौधरी और सिपाही निखिल यादव प्रदीप के घर पहुंचे और मकान मालिक- किराएदार के बीच चल रहे विवाद में गवाह बनाने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने बाद में प्रदीप के कंपनी मालिक को भी फोन कर गवाही देने के लिए धमकी दी थी।

घटना के वक्त ही प्रदीप ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

# छुट्टा पशुओं के खिलाफ चलेगा अभियान

- मोहद्दीपुर में गंदगी देखकर नाराज हुए नगर आयुक्त
- पशु पालकों पर पांच हजार से 30 हजार तक जुर्माना

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने शुक्रवार को नाला और सड़क सफाई को लेकर निरीक्षण किया। मोहद्दीपुर चारफाटक के पास गंदगी देखकर नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने मंगलवार से सड़क पर छुट्टा घूम रहे गोवंश को पकड़ने और पशु पालकों पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है।

सुबह नगर आयुक्त शुक्रवार को सिटी मॉल के सामने कार्मल गली का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां अब्बासी नर्सिंग होम से सामने पेड़ और झाड़ को काटने का निर्देश दिया। इसके बाद मोहद्दीपुर के आगे नहर रोड पर नाले का निरीक्षण कर सिल्ट निकालने का निर्देश दिया। चार फाटक के पास गंदगी मिलने पर सफाई निरीक्षक सुनील मणि को




मोहद्दीपुर में नाला सफाई का निरीक्षण करते नगर आयुक्त। • हिन्दुस्तान

फटकार भी लगाई। उन्होंने सड़क पर छुट्टा पशुओं को लेकर पशु पालकों को चेतावनी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंगलवार से अभियान चलाकर सड़क पर घूम रहे गोवंश को पकड़कर कान्हा उपवन पहुंचाएं। वहीं पशु पालकों पर 5000 से लेकर 30 हजार तक जुर्माना लगाने का भी निर्देश दिया।

# गोरखपुर के एएसपी समेत 29 के तबादले

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। शासन ने शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के 29 अधिकारियों का तबादला कर दिया। अभय नाथ त्रिपाठी का तबादला संशोधित कर उन्हें पुलिस भर्ती बोर्ड भेजा गया है।

डीएसपी-एएसपी गोरखपुर श्याम देव को एएसपी पीटीसी सीतापुर, ओम प्रकाश सिंह तृतीय को एएसपी नक्सल मिर्जापुर, ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद को एएसपी नगर गाजीपुर,हरिगोविंद को एएसपी प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, अरुण कुमार सिंह को उप सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी, दिनेश कुमार पुरी को एएसपी फायर सर्विस मुख्यालय, राजेश कुमार पांडेय को एएसपी कानपुर देहात, राजेश कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, अवनीश कुमार मिश्र को एएसपी क्राइम मथुरा, घनश्याम को एएसपी अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

# हत्या के आरोप में बंद युवक की कैंसर से मौत

गोरखपुर। एक साल की बच्ची की हत्या करने के आरोपित आशीष गुप्ता की जेल में कैंसर से मौत हो गई। करीब पांच महीने पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजवाया था।

हत्यारोपित आशीष की जेल में तबीयत बिगड़ने पर उसका मेडिकल कॉलेज के कैंसर विभाग में इलाज चल रहा था। जेल प्रशासन ने मौत की सूचना उसके घरवालों को दे दी है।

# पुलिस पर हमला व लूट करने वाला पशु तस्कर गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला और लूट करने वाले तस्कर को एसटीएफ गोरखपुर की टीम ने शुक्रवार की सुबह तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। कुशीनगर जिले के रहने वाले तस्कर वाहिद रजा पर आइजी ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गुलरिहा थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



मोनू उर्फ वाहिद रजा

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तीन जनवरी, 2022 की रात करीब साढ़े 12 बजे गुलरिहा क्षेत्र में पशु तस्करों ने पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर मोबाइल फोन और 500 रुपये लूट लिए थे। पकड़ने का प्रयास करने पर फायरिंग करते हुए तस्कर फरार हो गए थे। अज्ञात

## कुशीनगर के वाहिद पर था 50 हजार का इनाम, एसटीएफ ने दबोचा, कुशीनगर व गोरखपुर के थानों में दर्ज हैं 14 मुकदमे

तस्करों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन की तो कई लोगों के नाम सामने आए। घटना में शामिल कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के लाला गुरवलिया निवासी मोनू उर्फ वाहिद रजा की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी। आइजी रेंज ने उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

शुक्रवार की सुबह एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह ने टीम के साथ सरैया बाजार में तस्कर को 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। वाहिद रजा ने बताया कि वह साथियों के साथ चिलुआताल, गुलरिहा, शाहपुर, कैंट, खोराबार, राजघाट आदि इलाके से घुमंतू मवेशियों को उठाकर तस्करी करता है। उसके विरुद्ध 14 मुकदमे दर्ज हैं।

# थाना परिसर में भिड़े किन्नर समाज के दो गुट

**जासं, गोरखपुर :** महिला थाना परिसर में शुक्रवार की दोपहर किन्नर समाज के दो गुट आपस में भिड़ गए। महिला पुलिसकर्मियों ने किसी तरह स्थिति पर काबू पाया। कैंट थाना पुलिस दोनों पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

महिला थाना में स्थित पुलिस कंट्रोल के दूसरे तल पर बने किन्नर सुरक्षा प्रकोष्ठ के कार्यालय का शुक्रवार की दोपहर में उद्घाटन था। इसमें कुछ किन्नर पहले से पहुंचे थे। इसी दौरान किन्नर समाज की महामंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी पहुंच गईं और दूसरे गुट को फर्जी बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। एक पक्ष के किन्नर को पुलिस ने सुरक्षित महिला थाने के कमरा में बंद कर मामला शांत कराने का प्रयास किया तो महामंडलेश्वर व उनके समर्थक थाने के अंदर पहुंच गए। कमरे में रखे गए दूसरे गुट के एक किन्नर को पीट दिया। कनकेश्वरी देवी का आरोप है कि कार्यक्रम में पुलिस ने फर्जी लोगों को बुलाया था। उन्हें सूचना नहीं दी गई।

# लूट के लिए सैनिक की हत्या कर फैलाई थी सनसनी

## आजमगढ़ में मुठभेड़ के दौरान हुआ गिरफ्तार, बड़हलगंज व बेलीपार थाने में सत्यनारायण पर हैं पांच मुकदमे

**जासं, गोरखपुर :** माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर और ग्राम प्रधानों से रंगदारी मांगने वाले राजन पासी के सहयोगी सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक बड़हलगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वर्ष 2008 में लूट के लिए सैनिक की हत्या कर सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आजमगढ़ में मुठभेड़ के बाद उसकी गिरफ्तारी की सूचना बड़हलगंज पहुंची तो लोगों में उसके दुस्साहस की यादें ताजा हो गईं।

बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर और ग्राम प्रधानों से रंगदारी मांगने वाले राजन पासी के सहयोगी सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक को शुक्रवार सुबह मेंहनगर के हटवा गांव के समीप पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसका एक साथी भाग निकला।

अलग-अलग जिलों में अपराध करने वाला मिश्रौली गांव का



मुठभेड़ में घायल सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक ●जागरण

सत्यनारायण यादव उर्फ झीनक कुछ दिन पहले सुल्तानपुर जेल से छूटा था। बड़हलगंज व बेलीपार थाने में उसके विरुद्ध हत्या, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स व गैंगस्टर एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं। सत्यनारायण गोरखपुर जिले के बड़हलगंज क्षेत्र के मिश्रौली गांव का निवासी है। मुठभेड़ में बदमाश के घायल होने की सूचना पर बड़हलगंज थाना पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि दो अप्रैल 2008 को सत्यनारायण ने बाइक लूटने में नाकाम होने पर शनिचरा गांव के रहने वाले सैनिक उदयनारायण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी वर्ष नौ अक्टूबर को पांच अन्य साथियों संग मिलकर उसने मुहाजलकर गांव निवासी संतोष यादव की हत्या कर दी। बाद में बड़हलगंज थाना पुलिस ने मुठभेड़ में असलहे के साथ सत्यनारायण को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जेल से छूटकर आने के बाद वर्ष 2012 में बदमाश ने एक युवक की हत्या का प्रयास किया था, जिसमें जेल गया था।एसपी साउथ अरुण सिंह ने बताया कि सत्यनारायण बड़हलगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

**कुछ दिन पहले सुल्तानपुर जेल से छूटा था :** बड़हलगंज पुलिस गांव में पहुंची तो सत्यनाराण की पत्नी प्रमिला ने बताया कि वह घर से मतलब नहीं रखता था। कभी-कभार ही घर आता था। सास-ससुर की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। कोरोना संक्रमण की वजह से दो वर्ष पहले देवर बब्लू की भी मृत्यु हो गई। प्रमिला ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं, जिसमें सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। कुछ दिन पहले सत्यनारायण सुल्तानपुर जेल से छूटा था।

### नेपाल के पेट्रोल पंप मालिक को एसटीएफ ने उठाया, शाम को छोड़ा

**सिद्धार्थनगर :** प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरुवार की रात नेपाल में घुसकर कयूम अंसारी नाम के व्यक्ति को उठा लिया। कयूम को नेपाल के कपिलवस्तु जिला स्थित चंद्रौटा पेट्रोल पंप का मालिक बताया जा रहा है।एसटीएफ को सूचना मिली थी कि कयूम ने ही माफिया अतीक अहमद के बेटे असद, गुड्डू मुस्लिम, साबिर व अरमान को नेपाल पहुंचाकर शरण दिलाई थी।सिद्धार्थनगर के लोटन थाने में पूछताछ के बाद एसटीएफ ने शुक्रवार की शाम कयूम को छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस कयूम के बारे में एसटीएफ को सूचना मिली थी वह यह नहीं है।इस बारे में जिला पुलिस और एसटीएफ ने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। नेपाल के चंद्रौटा थानेदार ने कयूम के रिहा होने की पुष्टि की है।

### देवरिया में अतीक के नेटवर्क पर पुलिस की नजर

**देवरिया :** उमेश पाल हत्याकांड मे आरोपित बनने के बाद जिला पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है।पुलिस सीडीआर के जरिये पता लगा रही है कि कौन- कौन लोग अतीक के संपर्क में है। अतीक अप्रैल 2017 से दिसंबर 2018 तक देवरिया जेल में निरुद्ध था।

**अन्य खबरें देखें**– https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दर्जनभर गोवंशी पशुओं का वध, मिले अवशेष

**जागरण संवाददाता, ककरही :** गोला थाना क्षेत्र के खदरा गांव के सिवान में शुक्रवार सुबह दर्जनभर गोवंशी पशुओं के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। वध करने के बाद मांस को कसाई उठा ले गए थे। घटना की जानकारी होने पर एसपी साउथ अरुण सिंह, एसडीएम गोला रोहित मौर्य मौके पर पहुंच गए। गांव के लोगों ने बताया कि गुरुवार की शाम कुछ युवक घूमते हुए दिखे थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लिया है।

ककरही गांव की सीमा खदरा गांव से सटी हुई है। शुक्रवार की सुबह गांव के लोग टहलते हुए चयलवा बाग की तरफ गए। वहां पर चारों तरफ पशुओं के मांस का टुकड़ा व अवशेष बिखरा देखकर ग्राम प्रधान



खदरा गांव में मिले गोवंश के अवशेष को एकत्र कराती गोला थाना पुलिस ●जागरण

व पुलिस को जानकारी दी। गोला थाना पुलिस ने बैकहो लोडर से मांस के टुकड़े व खाल को इकट्ठा किया। पशु चिकित्सकों की टीम ने नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि हलका दारोगा ने अज्ञात के विरुद्ध गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मौके पर मिले अवशेष को जांच के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई होगी।

**नेताओं ने की शीघ्र पर्दाफाश करने की मांग:** घटना की जानकारी होते ही हिंदू युवा वाहिनी व भाजपा के नेता मौके पर पहुंच गए। हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष रतन प्रकाश दुबे ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि जल्द घटना का पर्दाफाश करें। आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर वह आंदोलन करेंगे। गांव के मोनू शुक्ल, गुड्डू राय, श्याम बिहारी मिश्र, इंद्रेश शुक्ल, अशोक जायसवाल ने भी जल्द से जल्द घटना का पर्दाफाश करने की मांग की।

# शादी नहीं की तो मंडप जला दूंगा

## राजघाट क्षेत्र में एक शोहदे ने छात्रा को धमकाया, मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : एक शोहदे ने दुस्साहस दिखाते हुए स्कूल से घर लौट रही छात्रा को जबरन आटो में बैठा लिया और उसे अपने घर ले जाकर उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए। शादी न करने पर मंडप में आग लगा देने की धमकी दे रहा है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

शहर के एक स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा ने राजघाट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि रायगंज निवासी जयसिंह से उसकी जान-पहचान थी। एकतरफा प्यार में वह काफी दिनों से उसका पीछा कर रहा था। पहले वह ध्यान नहीं देती थी। गुरुवार को स्कूल से बाहर निकली तो बाहर खड़े जयसिंह ने जबरन उसे आटो में बैठा लिया और घर ले जाकर छेड़खानी शुरू कर दी। वह उससे पीछा छुड़ाकर भागी। इस बीच उसने उसने कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर जब अन्य लोग इकट्ठा हो गए तो जय सिंह ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा- तुम मुझसे ही शादी करोगी। अगर किसी और से शादी की तो मंडप में आग लगा दूंगा। छात्रा ने अपनी तहरीर में बताया है कि वह जय सिंह की इस हरकत से काफी डरी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बेखौफ शोहदों ने खोली सख्ती की पोल

**गोरखपुर** : महिला सुरक्षा के प्रति सख्ती के दावे के बीच जिले में लगातार हो रहीं घटनाएं इस बात की गवाह हैं कि व्यवस्था कितनी पुख्ता है? एक माह के भीतर किशोरी व युवतियों के साथ हुई छेड़खानी, दरिंदगी और बदनाम करने की घटनाएं इसका प्रमाण हैं। आधी आबादी पर बुरी नजर रखने वालों को सबक सिखाने के लिए महिला हेल्पलाइन व एंटी रोमियो टीमों का गठन किया गया। थानों में पिंक पेटिकाएं लगवाई गईं, लेकिन शोहदों का दुस्साहस नहीं रुक रहा है। 10 दिन पहले शाहपुर में शोहदे ने घर में घुसकर युवती पर ब्लेड से हमला कर दिया था।

**हाल के दिनों में हुई घटनाएं**

- **15 मार्च** : गुलरिहा में बुजुर्ग ने किशोरी से दुष्कर्म किया। ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंपा।
- **14 मार्च** : नौकायन पर होमगार्ड ने युवती से छेड़खानी की। दुकानदारों ने पकड़कर रामगढ़ताल पुलिस को सौंपा।
- **13 मार्च** : गोरखनाथ में रहने वाली छात्रा का शोहदे ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो प्रसारित किया।
- **12 मार्च** : खोराबार क्षेत्र की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया।
- **09 मार्च** : सहजनवां क्षेत्र में मंगेतर के साथ दरवाजे पर बैठी युवती से शोहदों ने छेड़खानी की। विरोध पर पीट दिया।
- **09 मार्च** : हरपुर-बुदहट में भाभी के साथ खेत की तरफ गई किशोरी को बाइक सवार युवक ने अगवा कर लिया।
- **09 मार्च** : चिलुआताल क्षेत्र में शोहदे ने घर में अकेली रही किशोरी का अपहरण कर लिया।
- **07 मार्च** : शाहपुर में शोहदे ने घर में घुसकर युवती पर ब्लेड से हमला किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को नोटिस तीसरा असलाह जमा करें

- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. शिवदत्त को भी नोटिस
- सात दिन में नहीं जमा किया तो निरस्त किया जाएगा लाइसेंस

**जासं, गोरखपुर :** तीन में से एक असलाह सरेंडर न करने पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के बेटे विक्रम बहादुर सिंह, नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज बड़हलगंज के पूर्व प्राचार्य डा. शिवदत्त तिवारी समेत 20 को एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। यदि इन्होंने अपना एक शस्त्र जमा नहीं किया तो प्रशासन आखिर में लिए गए शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर देगा। लाइसेंस का निरस्तीकरण 13 दिसंबर, 2020 से होगा।

डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि संजय सिंह, सुजाता अग्रवाल, मंजूर आलम, सत्येंद्र बहादुर सरकारी, अनय कुमार सिंह, सैयद फौआद अली, अमित सिंह, रामनरेश चंद, विजय बहादुर गुप्ता, उदयवीर सिंह, छोटेलाल, रमेश कुमार पांडेय, गौतम पोद्दार, आलोक शेखर तिवारी, जयराम प्रसाद, जितेंद्र नाथ सिंह, विश्राम प्रसाद सिंघानिया, अंजनी कुमार सिंह दो से ज्यादा शस्त्र रखने पर नोटिस जारी किया गया है।

# वसूली पर नकेल : क्रेन नहीं उठाएगी गाड़ी, क्लैंप लगेगा, फिर जुर्माना वसूलेंगे

## वसूली की शिकायतों के बाद गोलघर और आसपास से गाड़ियों को उठाने वाली क्रेन पुलिस लाइंस में खड़ी की गई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोलघर और आसपास के बाजारों में अब नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को यातायात पुलिस व्हील क्लैंप से वहीं पर लॉक कर देगी और जुर्माना देने पर उन्हें छोड़ा जाएगा। इन इलाकों में अब तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों को नगर निगम की ओर से तैनात क्रेन उठा ले जाती थी। इस व्यवस्था में वाहनों चालकों से वसूली की शिकायत के बाद एसपी सिटी ने नई व्यवस्था लागू की गई है। नगर निगम ने क्रेन को पुलिस लाइंस में खड़ा करा दिया है।

गोलघर और नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को अब तक क्रेन की मदद से यातायात यार्ड में ले जाया जाता था। कई बार ज्यादा जुर्माने का भौंस देकर वसूली की शिकायत मिली थीं। आमतौर पर लोग परिवार लेकर बाजार आते हैं, ऐसे में किसी तरह से वाहन लेने में ही भलाई समझते हैं। इसी का फायदा उठाकर कार चालकों से पांच सौ रुपये तक की वसूली की शिकायतें थीं।

### पुलिस नो पार्किंग में खड़े वाहनों को कर देगी लॉक, तत्काल होगी जेब ढीली

इसके अलावा क्रेन पर ले जाने की वजह से कई कार में डेंट आने और कार चोरी तक की शिकायतों के बाद एसपी सिटी ने गोपनीय जांच कराई और जांच में वसूली व लापरवाही की पुष्टि होने पर नगर निगम से वार्ता कर व्यवस्था को खत्म कराया।

**छोड़ने के नाम पर होती थी वसूली :** रोजाना 20 से 25 गाड़ियों को उठा लिया जाता था। उसमें से कुछ से ही जुर्माना वसूला जाता था, बाकी से वसूली की जाती थी। रकम गाड़ी के नंबर के आधार पर तय की जाती थी। जिले के बाहर का नंबर होने पर अधिक रुपये की मांग होती थी, नंबर गैर प्रांत का हुआ तो दो हजार तक वसूली की जाती थी। मामला बढ़ने के बाद जांच हुई तो तो पूरा खेल खुलकर सामने आ गया।



नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाती क्रेन। फाइल फोटो

वाहनों को क्रेन से उठाने के मामले में कई शिकायतें मिली थीं। नगर निगम के अफसरों को मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने इस व्यवस्था को बंद करवा दिया है। नियम तोड़ने वाले वाहनों को अब व्हील क्लैंप लगाकर मौके पर लॉक कर दिया जाएगा और जुर्माना लिया जाएगा। लोगों से अपील है कि वह वाहनों को पार्किंग में खड़ा करें। - **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

**केस 1**

**14 अक्तूबर 2022 :** तारामंडल निवासी अभिजीत सिंह अपने बेटे को स्कूल से लेकर उसका ड्रेस लेने गोलघर जलकल भवन के पास गए थे। बेटे के पेट में दर्द होने की वजह से उसे कार में ही छोड़ दिए और दुकान में चले गए। कार सफेद लाइन के अंदर थी, इस वजह से निश्चिंत थे, लेकिन कुछ ही देर में क्रेन ने कार को उठा लिया। बच्चा चीखने लगा, अभिजीत पीछे दौड़े, लेकिन क्रेन वाले ने एक न सुनी और कार लेकर यार्ड पहुंच गया। बाद में हंगामे के बाद कार मिली और चालक पर कार्रवाई की गई थी।

**केस 2**

**11 अप्रैल 2022 :** बांसगांव के कन्हैया निवासी व डिग्री के प्रवक्ता सुधांशु राय कार में बैठे थे। इसी दौरान क्रेन ने कार को उठा लिया और यार्ड में पहुंचा दिया। वह उस दिन गोरखपुर विश्वविद्यालय किसी काम से गए थे। उन्हें भूख लगी थी तो गोलघर स्थित एक दुकान पर कुछ खाने लगे। तभी नगर निगम की वाहन उठाने वाली गाड़ी आई। जैसे ही वो गाड़ी में जाकर बैठे गाड़ी को उठा लिया गया। प्रवक्ता के बार-बार निवेदन करने के बाद भी उन्हें कार से उतरने तक का मौका नहीं दिया गया।

नगर निगम से अनुबंध की समय सीमा खत्म होने की वजह से क्रेन को खड़ा किया गया है। जल्द ही नगर निगम से प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

- **विभूति द्विवेदी**, प्रोपराइटर, ट्रिनिटी व्हीकॅल्स

# बरी हुए बंदर, सदस्य प्रत्याशी पर पर्चा नष्ट करने का केस

- सहजनवां साधन सहकारी समिति के चुनाव के दौरान हुआ था विवाद
- बंदरों पर पर्चा खराब करने का था आरोप, फिर बदली गई तहरीर

**जागरण संवाददाता, सहजनवां** : ब्लाक के सिसवा साधन सहकारी समिति के चुनाव में गुरुवार को हुए विवाद में फिर नया मोड़ आ गया है। शुक्रवार को बंदरों को बरी करते हुए उनके विरुद्ध दी गई तहरीर वापस ले ली गई। चुनाव अधिकारी ने सदस्य पद के प्रत्याशी अवध बिहारी मिश्रा के विरुद्ध तहरीर देकर पर्चा नष्ट करने का मुकदमा दर्ज कराया।

सिसवा साधन सहकारी समिति के प्रबंध कमेटी के चुनाव में गुरुवार को पर्चा वापसी का समय खत्म हो गया था। नौ सदस्य पदों के सापेक्ष 15 पर्चे दाखिल हुए थे। इसी दौरान विवाद हो गया और आरोपित प्रत्याशी ने सभी पर्चों को लेकर तालाब में कूद गया। इसमें सभी पर्चे खराब हो गए। चुनाव से जुड़े सभी कर्मचारी हरपुर बुदहट थाने पहुंचे। पहले आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। बाद में पुलिस के सामने कर्मियों ने तहरीर बदल दी और बंदरों के झुंड पर आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था। अब 12 घंटे के अंदर गंभीर आरोपों से घिरे बंदरों को बरी कर दिया गया। मामले की क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है।

## विवाद के बाद चुनाव निरस्त

सिसवा साधन सहकारी समिति के चुनाव में विवाद के बीच प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर अनुमति लेने के बाद चुनाव प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। एडीओ सहकारिता सुनील पांडेय ने कहा कि चुनाव अधिकारी ने लिख कर दिया है कि उनके पास कोई अभिलेख नहीं है। ऐसे में चुनाव कराना संभव नहीं है, जिसके कारण चुनाव प्रक्रिया निरस्त किया गया है।

## अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गोला के चिलवा निवासी वकील और विजय गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## जालसाजी का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के आरोपी को शुक्रवार को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान संतकबीरनगर के मेंहदावल निवासी दिनेश के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

## चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों इरफान, करीम व रवि को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने लैपटॉप, चोरी के दो हजार रुपये बरामद कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## युवती से मारपीट करने वालों पर केस

पाली। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को छेड़खानी का विरोध करने पर युवती से मारपीट करने वालों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, युवती 13 मार्च की शाम 6:30 बजे के करीब किराने की दुकान से सामान लेकर घर आ रही थी। ब्यूरो

## गुमटी में आग लगाने वालों पर मुकदमा दर्ज

सरदारनगर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के रामूडीहा निवासी कपिल देव ओझा ने गुमटी में आग लगाने का केस दर्ज कराया। आरोप है कि उनकी जमीन को कुछ लोग हड़पना चाहते हैं, इस वजह से मारपीट किए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही। कपिल देव ने प्रार्थनापत्र में लिखा कि घर से कुछ दूरी पर उनकी दुकान है, रात में वहीं पर सोते हैं। उस जमीन का कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-03-2023

# थाना परिसर में हुआ परेड का आयोजन



थाना परिसर में परेड करते पुलिसकर्मी ।

**बनकटा/अकटहीबाजार (एसएनबी)।** थाना परिसर में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया।परेड का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने किया साथ ही सभी पुलिस कर्मियों का कदम ताल कराया।इस दौरान उपनिरीक्षक लवकुश कुमार रिददवन सिंह रिजवन अल्ली छोटे लाल निगम श्रीप्रकाश पान्डेय हेड कांस्टेबल गणेश यादव राजेश कुमार सिंह, विनय कुमार वर्मा कास्टेबल प्रदीप वर्मा उमेश भारती नितेश कुमार प्रदीप कुमार मोहम्मद आदिल राकेश कुमार यादव आशिष सिंह जितेन्द्र कुमार अनिल यादव धीरज कुशवाहा अमिल कुमार चंदन मौर्या प्रवीण यादव कृष्णानंद यादव नामवर सिंह राजू खरवार महिला कांस्टेबल शैल कुमारी सरिता यादव अमृता विश्वकर्मा इंदु कला ज्ञानमती चौहान मांडवी दुबे सुमन यादव शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत सचिवालय का इन्वर्टर समेत कई सामान चोरी

**बनकटा/अकटहीबाजार (एसएनबी)।** बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोनार पाण्डेय में बीती वृहस्पतिवार की रात्रि में चोरों ने संदिग्ध परिस्थितियों में ताला खोल कर बैट्री लैपटाप सीसीटीवी इन्वर्टर आदि समान उड़ा ले गए, शुक्रवार की सुबह सार्वजनिक शौचालय के केयर टेकर ने देख कर ग्राम प्रधान को सूचना दिया। सूचना पाकर ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र गौड़ ने मौके पर जा कर देखा और स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी है। घटना को संदिग्ध मानते पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।इस बावत प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है मामला संदिग्ध है जांच की जा रही है।

रा० सहारा दि० 18.3.23

# कब रुकेंगी माल गोदाम से लोडेड ट्रकों की चोरी

देवरिया(एसएनबी)। रेलवे मालगोदाम एवं उसके आसपास के माल उतारने वाले रेलवे प्लेटफार्म से साल भर के भीतर दर्जन भर से ऊपर माल लदी ट्रकों की चोरी हो चुकी है। चोरी के बाद ट्रक मालिक सदर कोतवाली-थाने में एफआईआर भी दर्ज कराते हैं, किन्तु ट्रक चोर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आते। ऐसी घटनाओं से ट्रक मालिकों के अलावे वे लोग भी चिंतित हैं जिनका-माल इन ट्रकों पर चोरी के बाद गायब हो जाता है। ऐसी घटनाओं को लेकर आम लोगों का कहना है कि देवरिया के पुराने रेलवे माल गोदाम के छोटा पड़ने से ट्रेनों से जो माल आ रहा है वह शहर के पूर्वी रेलवें ढाला के अगल बगल बने प्लेटफार्म पर उतारकर ट्रकों पर लादा जाता है। रात में जो ट्रकें यहां से निर्धारित स्थलों पर माल लेकर नहीं जाती हैं और लोडेड ट्रकें प्लेटफार्म पर ही रह जाती हैं, उन्हें छोड़कर ट्रक चालक अपने घर चले जाते हैं। जब वे सुबह आते हैं तो उनकी ट्रकें गायब मिलती हैं। ऐसी दशा में ट्रकों की चोरी का मामला आम लोगों की समझ में नहीं आ रहा है।

रेलवे माल गोदाम एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि इन ट्रकों का बीमा, फीटनेस एवं परमिट नहीं है। उनपर भी व्यापारी माल लदवा दे रहे हैं। ऐसा वे लोग कम भाड़ा खर्च करने के चक्कर में करते हैं। एआरटीओ कार्यालय भी ऐसे ट्रकों का जांच पड़ताल नहीं करवाता है। लाखों रूपये ऐसे ट्रकों पर बीमा, फिटनेस एवं परमिट के मद में चोरी जा रहा है। लोगों का कहना है कि देवरिया पुलिस एवं उसके अधिकारी भी लोडेड ट्रकों के चोरी जाने की जांच पड़ताल कभी नहीं करते। इस वजह से चोरों का मन बढ़ गया है। ऐसा भी हो सकता है कि चोरी की इन घटनाओं में काफी चतुर लोगों का हाथ हो। तभी तो सीमेंट से लदी गाड़ियां भी मालगोदाम से गायब हो जा रही हैं। ऐसी दशा में चोरों

**साल भर के भीतर दर्जन भर ट्रकों की चोरी मालगोदाम से हो चुकी है पर पुलिस चोरों को पकड़ने में असहाय**

का पता लगाने के लिए गाड़ी चालकों की भी जांच की



जानी चाहिए कि वे कैसे मालगोदाम एवं उसके आसपास के इलाकों में रात को ट्रकें खड़ी कर घर चले जाते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोई भी ट्रक चालक महीने में 5 से 5 हजार वेतन एवं 9 से 16 हजार रूपये तक खोरोंकी अपने मालिक से पाता है। इसके अलावा जो बोरे ट्रक पर लादे जाते हैं उनमें प्रति बोरा 1 रू. ट्रक चालक को ईनाम मिलता है। लोगों का कहना है कि पुलिसे को चाहिए कि वह करों की चोरी करने वाले ट्रक मालिकों को एआरटीओ की मदद से पकड़कर वैधानिक कार्रवाई करे। लोगों का यह भी कहना है कि ट्रकों के गायब होने पर कुछ लोगों को विशेष फायदा भी हो जा रहा है। हालांकि ट्रक मालिकों का कहना है कि पुलिस विभाग के लोग चोरों का पता नही लगाकर ट्रक मालिक एवं चालक को ही चोरी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार मान लेते हैं। जबकि ऐसा नहीं है।

उधर कई लोगों का यह भी कहना है कि ट्रकों की चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को चाहिए कि वे ट्रक मालिकों, एआरटीओ एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त बैठक कर ट्रक चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करायें। 10 चक्का ट्रक का टैक्स एक साल का 28 हजार रूपये, 14 चक्का वाले ट्रक का एक वर्ष का टैक्स 34 हजार रूपये एवं 22 चक्का वाले ट्रक का एक माह का टैक्स करीब 48 हजार रूपये होता है। जो ट्रक मालिक उसे जमा नहीं कर रहे हैं वे सरकारी राजस्व की भारी हानि कर रहे हैं। ट्रकों की चोरी के मामले की जांच को राज्य सरकार को सतर्कता विभाग से करानी चाहिए। ट्रक चोरी की घटनाओं से शासन प्रशासन की किरकिरी हो रही है। इस संबंध में शहर कोतवाल राहुल सिंह का कहना है कि ट्रक की चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है। देवरिया के अलावे बिहार तक ट्रक चोरी के गिरोह का पता लगाया जा रहा है।

रा० सहारा दि० 18.3.23

# एक व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम खोरीबारी अरूवाडीह निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ भटनी थाने चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ है।इस सम्बंध में खोरीबारी अरूवाडीह निवासी वशिष्ठ यादव पुत्र दुख हरण द्वारा भटनी थाने में दिए गए तहरीर में लिखा गया है कि अपना बोलोरो और गेहूँ धान बेच कर दो लाख पचास हजार अपने घर के एक कमरे में बक्से में ताला बंद कर के रखा था। मेरे परिवार की एक महिला नबेल अस्पताल देवरिया में भर्ती है जिसका उपचार चल रहा है। 15 मार्च को लगभग एक बजे की रात को मेरे ही पड़ोसी हरिओम यादव पुत्र बबन यादव छत से सीढ़ी के रास्ते मेरे घर मे घुस कर मेरे बक्से के ताला तोड़कर पूरा पैसा लेकर जा रहा था कि मेरें परिवार की एक महिला कालिन्दा देवी छत पर सोई थी तभी पैरों की आवाज सुनकर जगी और टर्च जला कर देखा की हरिओम यादव हाथ मे पैसा लिए भाग रहा था। मेरे शोर मचाने पर छत से कूद कर भाग गया।

सहारा दि 18-3-23

# गोरखपुर को पराजित कर देवरिया बना विजेता

## वॉलीबाल प्रतियोगिता

देवरिया (एसएनबी)। शुक्रवार को पुलिस लाइन में 71वीं गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस वॉलीबाल, बास्केटबाल, हैण्डबाल, सेपक टकरा,



विजयी टीम को शील्ड प्रदान करते एएसपी।

योगा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2023 का समापन हुआ। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने विजयी टीमों को पुरस्कार वितरण किया। सेपक टकरा प्रतियोगिता में जनपद गोरखपुर व देवरिया के मध्य फइनल मैच हुआ जिसमें जनपद गोरखपुर 2-1 से विजयी रहा। बास्केटबाल प्रतियोगिता में जनपद गोरखपुर व देवरिया के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें गोरखपुर 28-21 से विजयी रहा। वालीबॉल प्रतियोगिता में जनपद देवरिया व गोरखपुर के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें देवरिया 3-1 से विजयी रहा। योगा प्रतियोगिता में योगा पुरूष वर्ग में जनपद देवरिया प्रथम तथा जनपद गोण्डा द्वितीय स्थान पर रहा तथा योगा महिला वर्ग में जनपद सिद्धार्थनगर प्रथम तथा संतकबीरनगर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी विनय कुमार, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर पंचमलाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स विजय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी अपहृत, दो पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय उपनगर के खजुहा चौराहे से 13 जनवरी को एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहृत किये जाने के मामले में विजय राजभर व सहयोगी हेमन्त राजभर के खिलाफ धारा 366, 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, कि किशोरी को साजिशतन बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया।

# मारपीट मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में रुद्रपुर पुलिस ने वादी अंकित निषाद पुत्र अशोक निषाद ग्राम लक्ष्मीपुर के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी शेषनाथ पुत्र रामअचल, गौरव निषाद पुत्र अज्ञात, निरंजन पुत्र अशोक को वादी के तहरीर पर कि लुअठही चौराहे के समीप घेरकर गाली गुत्ता देते हुए बैट तथा हाकी से मारपीट कर घायल कर देना, जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आ गयी। इस मामले में पुलिस ने शेषनाथ निषाद, निरंजन, गौरव निषाद के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रा० सहारा दि 18.3.23

हिन्दुस्तान 18-3-23

# युवती से रेप के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

भटनी। क्षेत्र के एक गांव की युवती को उसी गांव के युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। एक माह बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिता ने दिए गए तहरीर में लिखा कि 21 फरवरी को उसकी बेटी को गांव का युवक नशीला पदार्थ खिलाकर कही लेकर चला गया। दो दिन बाद युवती घर लौटी तो घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी।

# पुलिस ने दूसरी बाइक का कर दिया फोटो अपलोड

खुखुन्दू। बाइक के चालान में पुलिस ने दूसरी बाइक का फोटो अपलोड कर दिया। जब इसकी शिकायत हुई तो पुलिस ने नोटिस चालान को निरस्त करा दिया। गुरुवार की शाम परसिया बंशी गांव निवासी धंजीत यादव की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल कस्बे के थाने रोड पर खड़ी थी। पुलिस ने धंजीत यादव को यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित नोटिस चालान भेजा।

# भूमि विवाद मे पांच का चालान

महुआडीह। थाना क्षेत्र के सहोदर पट्टी गांव मे दो अलग-अलग जगह जमीनी विवाद मे पुलिस ने शुक्रवार को पांच व्यक्तियों का शांतिभग मे चालान कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० 18-3-23

## बस्ती, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर एक-एक मैच जीत बने विजेता

# देवरिया, गोरखपुर दो-दो प्रतियोगिताओं में विजयी

- गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस प्रतियोगिता संपन्न
- एएसपी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



शुक्रवार को 71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी शील्ड के साथ। • हिन्दुस्तान

देवरिया, निज संवाददाता। 71 वीं गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। महिला वर्ग के बास्केटबाल और हैंडवाल में बहराईच, वालीवॉल में बस्ती और हैंडवाल की पुरुष में कुशीनगर, सेपक टकरा और बास्केटबाल में गोरखपुर, पुरुष बालीवॉल और योगा में देवरिया, योगा महिला में सिद्धार्थनगर चैम्पियन बनी। एएसपी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

पुलिस लाइन में शुक्रवार को सेपक टकरा का फाइनल गोरखपुर और देवरिया केबीच खेला गया। जिसमें कड़े मुकाबले में गोरखपुर ने देवरिया को 2-1 से हराकर विजयी रहा। बास्केटबाल पुरुष का फाइनल गोरखपुर और देवरिया के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमों का अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। आखिरी क्षणों में देवरिया के हांथ से मैच फिसल गया। गोरखपुर 28-21 से विजयी रहा। वालीबॉल पुरुष का फाइनल देवरिया और गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें देवरिया 3-1 से विजयी रहा। योगा पुरूष वर्ग में देवरिया प्रथम, गोण्डा द्वितीय स्थान रहा तथा योगा महिला वर्ग में सिद्धार्थनगर प्रथम और संतकबीरनगर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का समापन एएसपी राजेश सोनकर ने किया। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी विनय कुमार, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर पंचमलाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स विजय राज सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान 18-3-21

# जालसाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। एक साल से फरार चल रहे जालसाजी के एक आरोपी को रामपुर कारखाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के लोकेशन के बारे में सीओ श्रीयस त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली थी। पुलिस ने वर्ष 2019 में दर्ज धोखाधड़ी के आरोपी स्थानीय थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा ईश्वरी प्रसाद गांव निवासी मोहम्मद अयूब सिद्दीकी को डुमरी चौराहे से दबोच लिया।

हिन्दुस्तान दि 18-3-23

**निर्देश** | जिला जज, डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का किया मुआयना, दिए जरूरी निर्देश

# जेल में सफाई और बंदियों के इलाज पर दें विशेष ध्यान

देवरिया, निज संवाददाता। जिला जज ने डीएम और एसपी के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का मुआयना किया। जहां गर्मी को देखते हुए बंदियों और कैदियों पर विशेष ध्यान देने के साथ गर्म भोजन देने का निर्देश दिया। गर्मी को देखते हुए बैरक में अलग अलग स्थानों पर घडे. में पानी रखने का निर्देश दिया।

जिला जज जयप्रकाश यादव , डीएम जेपी सिंह और एसपी संकल्प शर्मा, सीजेएम मंजू कुमारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, एडीजे अशोक कुमार दूबे के साथ अन्य अधिकारी दिन में जिला कारागार पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने पर जेल में हड़कंप मच



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते हुए जिला जज व अन्य अधिकारीगण।

गया। अधिकारियों ने जिला कारागार के बैरक, पाकशाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। देवरिया के बंदियों को बैरक से बाहर निकाल कर उनके सामानों की तलाशी ली गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने जेल में बंद बंदियों से जानकारी ली। महिला बैरक में कैदियों और बंदियों के खान पान के बारे में जानकारी ली। जिला जज ने राजू रावत,काशी नाथ, सतीश, इत्यादि की समस्याओं को सुना। उनकी समस्याओं पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

जिला जज ने पाकशाला तथा बैरकों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी द्वारा बंदियों हेतु मीनू के अनुसार पौष्टिक आहार देने का निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एडीजे अशोक कुमार दूबे द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला करागार में निरूद्ध ऐसे बंदी जिनके मुकदमें की पैरवी करने हेतु कोई अधिवक्ता नहीं हैं। वह अधिवक्ता के लिए प्रार्थना पत्र जिला कारागार देवरिया के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजे।

महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान महिलाओं के लिये पौष्टिक भोजन, तथा उनके साथ रह रहे बच्चों के लिये दुध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई का निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी जेपीसिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, जिला कारागार अधीक्षक भोला नाथ मिश्र, जेलर राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर मोती लाल वर्मा, वंदना त्रिपाठी, वंदना,जेल चिकित्सक आनंद मणि, विकास चंद्र, जेल वार्डर सपन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि 18.3.23

# चोरी के मामले में पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

- बहुभोज में नवदंपती को मिले उपहार स्टेज से हुए थे चोरी
- बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला मैनुद्दीन गांव की घटना

जासं, पथरदेवा: बहुभोज में दुल्हन को मिले गहने व नकदी चुराने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। चोरी करने वाले लाइट डेकोरेशन करने वाले युवक ही निकले। पुलिस ने चोरी गए सामानों व नकदी बरामद किया।

बघौचघाट थानाक्षेत्र के बसडीला मैनुद्दीन गांव के रहने वाले अताउल्लाह सिद्दीकी पुत्र रियासत अली के पुत्र डा.अकरम की शादी 11 मार्च को हुई थी। अगले दिन पैतृक गांव बसडीला मैनुद्दीन में 12 मार्च की रात बहुभोज कार्यक्रम रखा गया था। स्टेज पर दूल्हा व दुल्हन को लोगों ने उपहार भेंट किए थे। जिसमें 1.50 लाख रुपये व हार, चेन, कान की बाली, अंगूठी व अन्य आभूषण, लहंगा, चुनरी, लेडीज पर्स व सैंडिल आदि उपहार स्टेज पर रखे गये थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद दुल्हा दुल्हन व परिवार के लोग घर के अंदर चले गए। इसी बीच मौका पाकर डेकोरेशन का काम करने वाले दो युवकों ने सभी उपहार



चोरी के सामान के साथ पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपित ● सौ.पुलिस

बोरी में रखकर फरार हो गए। लाइट डेकोरेशन मालिक से जानकारी की गई तो पता चला कि घटना की रात से ही बरियारपुर थाने के किशुनपाली गांव का दीपक प्रसाद गायब है। दुल्हा के पिता अताउल्लाह सिद्दीकी की तहरीर पर बघौचघाट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की विवेचना में किशनपाली गांव के दीपक प्रसाद पुत्र जोखन प्रसाद, जोखन प्रसाद पुत्र दहारी प्रसाद व विकास कुमार पुत्र सिपाही राम की संलिप्तता पाई गई। आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए सामानों व नकदी को बरामद किया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान दि० 18.3-22

# चेक चुराकर दस लाख रुपये निकालने वाले तीन गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने 10 मार्च को दो के विरुद्ध दर्ज किया था केस
- शहर के चिकित्सक डॉ. के सिंह की पत्नी के खाते से निकाले थे रुपये

देवरिया, निज संवाददाता। घर से चेक चुरा कर एक महिला के खाते से दस लाख रुपये निकालने वाले तीन जालसाजों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को चालान कर दिया। इसमें से दो ने चेक चोरी कर रुपये को अपने खाते में मंगाया था। नेत्रचिकित्सक रहे स्व डॉ. के. सिंह की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पिछले दिनों दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना और गबन समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के राघव नगर मोहल्ला की रहने वाली मृदुला सिंह पत्नी स्व. डॉ. के सिंह के घर से चेक बुक को कुछ लोगों ने चोरी कर लिया था। जालसाजों ने फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मृदुला सिंह के खाते से 5 और 8 जनवरी को 3.90 लाख और 4.90 लाख रुपये ओमप्रकाश यादव व सतीश कुमार पाठक के खाते में ट्रांसफर कराया था। महिला की सोसायटी वाले खाता से 25 नबम्बर को 1.45 लाख रुपये ओमप्रकाश यादव के खाते में गया। 4 मार्च को बैंक से महिला के पास फोन आया कि 7.90 लाख के भुगतान का चेक सतीश कुमार पाठक के खाते से आया है। इसके बारे में जानकारी हुई तो मृदुला सिंह ने भुगतान रोकने का अनुरोध बैंक से करते हुए बताया कि उन्होंने किसी को चेक जारी नहीं किया है। फिर उन्होंने जालसाजी कर खाते से रुपए निकालने की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने 10 मार्च को ओमप्रकाश यादव और सतीश कुमार पाठक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। एसपी ने मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

हिन्दुस्तान हि० 18-3-23

# कोर्ट ने चोर को चार वर्ष की सजा सुनाई

देवरिया। चोरी के एक मामले एडीजे कोर्ट ने चोर को चार वर्ष का कैद और एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। चोर पर देवरिया जीआरपी ने वर्ष 2017 में चोरी का केस दर्ज किया है।

देवरिया जीआरपी ने चोरी के मामले में वर्ष 2017 में किशोर हरिजन पुत्र रामज्ञानी निवासी करमाजीतपुर थाना गौरीबाजार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया था। चोर जमानत पर बाहर था। जीआरपी ने चोर के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई एडीजे इंदिरा सिंह की अदालत में हुई। जहां जीआरपी ने चोरी का साक्ष्य एडीजे कोर्ट में प्रस्तुत किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनीष सिंह ने मामले में बहस किया।

दैनिक जागरण दि० 18-3-23

# 61.08 लाख रुपये की लागत से एकौना थाने की बनेगी चहारदीवारी

- चहारदीवारी न होने से बेसहारा पशुओं की हो रही आवाजाही
- 11 माह में पूरा किया जाएगा चहारदीवारी का कार्य

जासं, देवरिया: जिले का एकौना थाने का परिसर अब सुरक्षित रहेगा। बेसहारा पशुओं की बेरोकटोक आवाजाही पर रोक लग सकेगा। थाने के अभिलेख समेत अन्य सामान सुरक्षित रहेंगे। चहारदीवारी की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। शासन ने चहारदीवारी निर्माण के लिए 61.08 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसका निर्माण कार्य 11 माह में पूरा करना होगा। चहारदीवारी की लंबाई 368 मीटर है।

एकौना थाना पहले गांव में खुला था। आबादी के बीच होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बाद में एकौना थाने के लिए गांव से बाहर भूमि की तलाश की गई, जहां थाना भवन का निर्माण हुआ, लेकिन बजट के अभाव में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका, जिसके कारण थाना परिसर में बेसहारा पशुओं की आवाजाही लगी रहती है। पुलिसकर्मियों ने कटीले तार से घेरकर खुद को सुरक्षित करने का प्रयास किया है लेकिन यह नाकाफी है। एसपी कार्यालय की तरफ बीते वर्ष प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय लखनऊ भेजा गया था। गृह विभाग के अनु सचिव प्रभात रंजन ने 10 मार्च को अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, डीएम व एसपी को पत्र भेजकर धन स्वीकृति की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में धनराशि 61.08 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

> एकौना थाने की चहारदीवारी के लिए शासन से धन स्वीकृत होने की जानकारी है। जल्द ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बन जाने से थाना परिसर सुरक्षित हो जाएगा।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी

दैनिक जागरण दि० 18.3.23

# कैदियों की रिहाई को लेकर विचार-विमर्श



जिला कारागार का निरीक्षण करते जिला जज जयप्रकाश यादव, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • सौ. जेल प्रशासन

- अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में जिला जज ने दिए निर्देश
- डीएम व एसपी समेत जेल के अधिकारी रहे मौजूद

जासं, देवरिया: जिला जेल में शुक्रवार को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में आधी सजा काट चुके निरुद्ध बंदियों की रिहाई पर विचार किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज जेपी यादव ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) के तहत पात्रता रखने वाले बंदियों की रिहाई पर विचार किया जाएगा। कई ऐसे बंदी हैं, जिन्होंने पूरी सजा के सापेक्ष आधी सजा जेल में बीता चुके हैं। यह भी पात्रता रखते हैं। उन्होंने नियम के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने भी नियम के तहत कार्रवाई करने को कहा। जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र ने सूची प्रस्तुत की। जिला जज ने पाकशाला व बैरकों की स्वच्छता पर संतोष जताया। निरंतर स्वच्छता बनाने का निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने कहा कि जिन बंदियों के मुकदमे की पैरवी करने के लिए कोई अधिवक्ता नहीं हैं। अधिवक्ता के लिए वह अपना प्रार्थना-पत्र जिला जेल के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें। जिससे उन्हें तत्काल अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने बंदियों के लिए मीन्यू के अनुसार पौष्टिक आहार देने पर बल दिया। इस दौरान न्यायाधीश राजू रावत, काशीनाथ, सतीश आदि ने समस्याओं को सुना गया व कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। बैठक में राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर मोती लाल वर्मा, वंदना त्रिपाठी, वंदना, जेल चिकित्सक डा.आनंद मणि, विकास चंद्र, जेल वार्डन सपन कुमार आदि मौजूद रहे।

## 277 वादों का समझौता के आधार पर हुआ निस्तारण

जासं, देवरिया: जनपद न्यायालय में शुक्रवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंकों के ऋण वसूली मामले का समझौता के आधार पर निस्तारित किया गया। 277 वाद समझौता के आधार पर निस्तारित किए गए। 1.01 करोड़ रुपये का समझौता कराया गया। जिला जज जेपी यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाश्वत पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार, नोडल अधिकारी लोक अदालत संजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक प्राधिकरण अशोक कुमार दूबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी के अलावा बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 18.3.23

# बास्केटबॉल में गोरखपुर और वॉलीबाल में देवरिया चैंपियन

## 71वीं गोरखपुर जोन की अंतर जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। 71वीं गोरखपुर जोन की अंतर जनपदीय पुलिस वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, सेपक टकरा, योग एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का पुलिस लाइंस में समापन हुआ। सभी खेलों में विजेता व उपविजेता टीमों को एएसपी राजेश कुमार सोनकर ने ट्रॉफी प्रदान की।

शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम व पुलिस लाइंस ग्राउंड पर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले गए। सेपक टकरा में गोरखपुर ने देवरिया को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बास्केटबॉल में भी गोरखपुर ने देवरिया को 28-21 के अंतर से मात देकर ट्रॉफी जीत ली।



71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। संवाद

### योग पुरुष वर्ग में देवरिया और महिला वर्ग में सिद्धार्थनगर प्रथम रहा

वॉलीबॉल में देवरिया ने गोरखपुर को 3-1 के सेट में हराया। योग पुरुष वर्ग में देवरिया प्रथम तथा गोंडा द्वितीय व महिला वर्ग में सिद्धार्थनगर प्रथम व संतकबीरनगर की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

समापन समारोह में क्षेत्राधिकारी लाइंस जिलाजीत, सीओ भाटपाररानी विनय कुमार, सीओ रुद्रपुर पंचमलाल, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

सिंह का चालान कर दिया। (जासं)

## पांच लोगों पर बलवा व मारपीट का मुकदमा

रामपुर कारखाना : उपनगर के घूस मोहल्ला के रहने वाले अनिल चौहान की दुकान के सामने कुछ लोग गोलबंद होकर आए। अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर पिटाई की। पुलिस ने आरोपित रोहित शर्मा, दीपू शर्मा, बबलू, लाडला व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## आनलाइन कुत्ता बेचने के नाम पर ठगी मामले में मुकदमा

रामपुर कारखाना : आनलाइन कुत्ता बेचने के नाम छह लाख रुपये ठगी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामपुर जगदीश गांव की रहने वाली रिंकू देवी की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। (जासं)

## वांछित गिरफ्तार

रामपुर कारखाना : धोखाधड़ी के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को डुमरी चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपित मोहम्मद अयूब सिद्दीकी क्षेत्र के पोखभिंडा ईश्वरी प्रसाद गांव का रहने वाला है। उसके विरुद्ध 2019 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

दैनिक जागरण 18-3-23

दैनिक जागरण दि० 18-3-23

# युवक की पिटाई मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

रुद्रपुर : पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई मामले में तीन युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर के रहने वाले अंकित निषाद पुत्र अशोक निषाद ने तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपितों ने लुहठहीं चौराहा पर बैट व हाकी से मेरे सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने गांव के रहने वाले शेषनाथ निषाद, गौरव निषाद व निरंजन निषाद के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस जांच कर रही है। (जासं)

दैनिक जागरण दि 18.3.23

# नाबालिग के अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज

**पथरदेवा :** नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। नाबालिग की मां ने पुलिस को बताया कि कन्हैया प्रसाद ने अपहरण किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (जासं)

अमर उजाला दि० 18.3.23

# अमरोहा में देवरिया का बदमाश गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरोपी के कब्जे से उत्तराखंड में चोरी और लूटे गए सोने के आभूषण बरामद

अमरोहा। रजबपुर और डिडौली पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए यूपी के देवरिया और हरियाणा के फरीदाबाद जिले के रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से उत्तराखंड से चोरी और लूटे सोने के आभूषण बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा कारतूस और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात में डिडौली और रजबपुर पुलिस की संयुक्त टीम जोया में टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी शक के आधार हाइवे से गुजर रही एक लग्जरी को रोका गया। कार के कागज मांगने पर दस्तावेज नहीं दिखा सके। शव के आधार पर दोनों को हिरासत लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियों ने अपना नाम मुन्ना निवासी गांव कसली थाना मईल जिला देवरिया यूपी और धीरज लांबा निवासी सेक्टर सात फरीदाबाद हरियाणा बताया।

तलाशी में इनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, सोने के दो कुंडल व मंगलसूत्र बरामद हुआ। सख्ती बरतने कर दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने बृहस्पतिवार की सुबह उत्तराखंड के जिला चंपावत में थाना टनकपुर क्षेत्र में एक महिला के साथ धोखाधड़ी कर कुंडल व मंगलसूत्र उतरवाकर भागे थे।

अमर उजाला 18.3.23

# ट्रैफिक व्यवस्था बदली, मिलेगी जाम से निजात

## बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले ई-रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध, कसया ढाले पर माल ढुलाई वाले ट्रकों का प्रवेश दिन में बंद

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कवायद शुरू कर दी है। शहर में बिना डीएल वाले ई-रिक्शा चालकों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

वहीं, कसया ढाले के पास माल ढुलाई के लिए आने वाले ट्रकों की इंट्री भी दिन में बंद कर दी गई है। सिविल लाइंस रोड पर शिव मंदिर के सामने बैरिकेड हटाकर आवागमन को सुलभ बनाने का प्रयास किया गया है।

शहर में जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। बस स्टेशन, कचहरी चौराहे पर लोगों को काफी परेशानी होती है। दीवानी कचहरी चौराहे पर बैरिकेड के कारण जिला पंचायत गेट के पास कट पर लोगों को आना पड़ता था। कम दूरी तय करने के लिए लोग गलत साइड से चल कर सड़क पार करते थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

यही हाल मोतीलाल रोड, रामेश्वर लाल तिराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, डीएम आवास के सामने का है। इन स्थानों पर जाम में फंस कर लोग समय से गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते थे। वहीं, ई-रिक्शा चालक भी मनमानी करते हैं।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान के लिए पुलिस व नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने तीन निरीक्षकों की तैनाती की है। जिनके ऊपर पूरे शहर को जाम से मुक्त कराने की जिम्मेदारी रहेगी। पहले एक टीएसआई ट्रैफिक की कमान संभालते थे। वहीं, अब 16 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर शहरवासियों को जाम की इस भीषण समस्या से निजात दिलाएंगे। टीएसआई के सहयोग के लिए आठ हेड कांस्टेबल और 17 कांस्टेबल की तैनाती की गई है।



शुक्रवार को कचहरी चौराहे से लेकर बस स्टैंड तक लगा जाम। संवाद



कसया ढाला स्थित माल गोदाम पर खड़े ट्रक। संवाद



सोमवार आया तो फिर लगा दिन भर जाम



राहगीरों को पीड़ा दे रहा सोमवारी जाम



दुकानदार हो या खरीदार, जाम से सब रहे परेशान

अमर उजाला में जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए 21 और 28 फरवरी और सात मार्च को प्रकाशित खबर।

*शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए तैयारी की गई। निरीक्षकों की संख्या बढ़ाई गई है। नगर में विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्सी बोर्ड लगाए जाएंगे। ताकि लोग नियमों की अनदेखी न करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन कराया जाएगा।*

***-श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी***

*जाम की समस्या को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। नान वेंडिंग जोन में दुकान लगाने वालों का चालान किया जाता है। सड़क व पटरी पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।*

***-रोहित सिंह, ईओ***



कचहरी चौराहा स्थित शिव मंदिर के सामने से हटाई गई बैरिकेडिंग और यातायात की कमान संभालते होमगार्ड। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

# महराजगंज से ट्रक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ा

**मथौली बाजार।** महराजगंज से गन्ना लदा ट्रक चोरी कर भाग रहे युवक को महराजगंज पुलिस की सूचना पर कप्तानगंज थाने की पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि महराजगंज जिले से गन्ना लदे ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर एक चोर लेकर भाग निकला। कुशीनगर जिले में प्रवेश करते ही महराजगंज पुलिस द्वारा सूचना मिली। जिसके बाद ट्रक को पकड़ लिया।

# सिंघारी बाजार गांव में डिवाइस लगा गिद्ध मिला

**बोदरवार, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र कप्तानगंज के ग्राम सभा सिंघारी बाजार में ग्रामीणों को एक डिवाइस लगा गिद्ध मिला। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। गिद्ध को देखने के लिए आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए।

शुक्रवार की शाम करीब सात बजे ग्राम पंचायत सिंघारी बाजार टोला निवासी लवकुश, अमन, सादाब, अंगद टहलते हुए पास बह रहे मौन नाले के तरफ जा रहे थे कि अचानक अमन की नजर एक पक्षी पर पड़ी जो बेहद ही थके हारे अवस्था में बैठा हुआ था। बच्चे में उसके पास पहुंचे तो वो काफी बुरी तरह से हांफ रहा था। उसको कुत्ते ना नोंच डालें, इसलिए तत्काल बच्चों ने उसे उठाया और पास में बने प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे में लाकर रख दिया।



पुलिस ने गिद्ध मिलने की सूचना वन विभाग को दी। • हिन्दुस्तान

# परिजनों ने युवक का किया दाह संस्कार

जगदीशपुर। अहिरौली थाना क्षेत्र के होलिया निवासी युवक की गोरखपुर में मार्ग दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत होने के बाद परिजन हत्या की नियत से एक पक्ष पर दुर्घटना कराये जाने की बात कह पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। परिजनों द्वारा मृत युवक का शुक्रवार सुबह दाहसंस्कार कर दिया गया। दाह संस्कार होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

होली के दिन गोरखपुर में मार्ग दुर्घटना में घायल युवक सत्यम का इलाज के दौरान मेडिकल कालेज गोरखपुर में गुरूवार सुबह मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव पैतृक गांव होलिया शाम 6 बजे जैसे ही पहुंचा युवक के परिजन तथा शुभचिन्तक शव को पिपराइच-होलिया मार्ग पर रखकर मार्ग दुर्घटना एक पक्ष द्वारा जानबूझकर कर किए जाने का आरोप लगा हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग करने लगे।



इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगा मिला गिद्ध ● जागरण

## इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगा गिद्ध मिला, ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा

**कप्तानगंज :** सिंघाड़ी में शुक्रवार की देर शाम एक गिद्ध दिखाई दिया, जिसके गले में इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगी हुई थी ।ग्रामीणों ने पकड़ा और वन विभाग की टीम कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई ।ग्रामीणों को विशेष प्रकार का गिद्ध गांव में एक दीवार पर बैठा दिखाई दिया। गले में इलेक्ट्रानिक डिवाइस देख पकड़ लिए। क्षेत्रीय वनाधिकारी हाटा अमित श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष प्रकार का गिद्ध नेपाल में पाया जाता है। इसके गले में डिवाइस लगाकर टैगिंग की जाती है। इससे उसका लोकेशन मिल सके। गलती से भारत में चला आया है। डिवाइस के बारे में जांच कर पक्षी का उपचार कराया जाएगा उसके बाद छोड़ दिया जाएगा ।(जासं)

# एडीजी को प्रार्थना–पत्र देकर जांच की मांग

**नेबुआ–नौरंगिया :** क्षेत्र के पिपरा बुजुर्ग निवासी अजीमुल हक ने एडीजी जोन गोरखपुर को प्रार्थना–पत्र देकर जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक सितंबर 2022 को आरटीआई कानून के तहत आवेदन कर गांव में ही संचालित मदरसे से जुड़ी सूचना मांगी। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रथम अपील कर जानकारी देने की मांग की। सुनवाई न होने पर राज्य सूचना आयोग में अपील किया। (जासं)

# एएसपी के आश्वासन पर माने स्वजन, हुआ अंतिम संस्कार

**जागरण संवाददाता, बोदरवार :** अहिरौली बाजार के होलिया निवासी युवक का शव रख गुरुवार शाम को सड़क जाम किए स्वजन व ग्रामीण एएसपी रितेश कुमार सिंह द्वारा जांच करा कार्रवाई कराने के आश्वासन पर देर रात माने। शुक्रवार सुबह गांव के बाहर पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार हुआ।

मार्ग दुर्घटना में घायल सत्यम का शव पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की शाम घर लाया गया। स्वजन के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए देर शाम शव को गांव के बाहर रखकर पिपराइच-होलिया मार्ग जाम कर दिए। आरोप है कि गांव के ही एक परिवार से रंजिश चल रही। जानबूझ कर आरोपितों ने सत्यम को ठोकर मार लहूलुहान कर दिया। आरोपितों के विरुद्ध पुलिस हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करे। इधर सड़क जाम की सूचना पर एसएचओ पंकज कुमार गुप्त पहुंच गए। उन्होंने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। कुछ ही समय में कोतवाल हाटा, एसएचओ रामकोला भी आ गए। एएसपी रितेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। स्वजन व सड़क जाम किए ग्रामीणों से बात कर उन्हें समझाने-बुझा कर मामला शांत कराया।

# वाहनों की हुई जांच

**फाजिलनगर :** फाजिलनगर चौकी पुलिस ने शुक्रवार को कस्बे में वाहनों की जांच की। इस दौरान सड़क किनारे चाबी लगी आठ बाइकों को कब्जे में लिया। चेतावनी के बाद सभी बाइकों वाहन स्वामियों को सौंपा। चौकी प्रभारी राकेश कुमार यादव अपने टीम के साथ कस्बे के भारतीय स्टेट बैंक, बाबू बाजार, फोरलेन, कालेज रोड व हास्पिटल रोड पर वाहनों की जांच शुरू की तो वाहन में चाबी लगे आठ वाहन मिले। इन वाहनों के मालिक मौके पर नहीं थे। (जासं)

# घर में घुसकर तोड़फोड़ का मुकदमा

**फाजिलनगर :** चौराखास के सरैया महंथ पट्टी में भू-विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसमें एक क्षेत्र पंचायत सदस्य भी शामिल हैं। केसरी देवी की तहरीर के अनुसार भूमि विवाद को लेकर 27 फरवरी को गांव के हरेंद्र गुप्ता, रमेश गुप्ता, रंजीत व जयंत गुप्ता ने उसे घर में घुस कर मारापीटा और सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। बीच बचाव करने रामकली आई तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# पुलिस टीम पर हमला करने वाला पशु तस्कर गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला और लूट करने वाले तस्कर को एसटीएफ गोरखपुर की टीम ने शुक्रवार की सुबह तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। कुशीनगर जिले के रहने वाले तस्कर वाहिद रजा पर आइजी ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गुलरिहा थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



मोनू उर्फ वाहिद रजा ● मीडिया सेल

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तीन जनवरी, 2022 की रात करीब साढ़े 12 बजे गुलरिहा क्षेत्र में पशु तस्करों ने पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर मोबाइल फोन और 500 रुपये लूट लिए थे। पकड़ने का प्रयास करने पर फायरिंग करते हुए तस्कर फरार हो गए थे।

- **कुशीनगर के वाहिद पर था 50 हजार का इनाम, एसटीएफ ने दबोचा**
- **बदमाश पर कुशीनगर व गोरखपुर के थानों में दर्ज हैं 14 मुकदमे**

घटना में शामिल कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के लाला गुरवलिया निवासी मोनू उर्फ वाहिद रजा की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी। आइजी रेंज ने उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

शुक्रवार की सुबह एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह ने अपनी टीम के साथ सरैया बाजार में तस्कर को 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में वाहिद रजा ने बताया कि वह साथियों के साथ पिछले कई वर्षों से चिलुआताल, गुलरिहा, शाहपुर, कैंट, खोराबार, रामगढ़ताल, तिवारीपुर, पिपराइच राजघाट इलाके से घुमंतू मवेशियों को उठाकर तस्करी करता है। उसके विरुद्ध 14 मुकदमे दर्ज हैं।

# कुशीनगर सीमा पर हाईअलर्ट, नक्सली हमले की आशंका

## पत्र जारी कर हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए निर्देशित किया

**खड्डा (कुशीनगर)।** उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे बिहार के बगहां जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर नक्सली हमले की आशंका में हाईअलर्ट जारी किया गया है। खुफिया विभाग और एसटीएफ के मुख्यालय से मिले इनपुट्स के बाद सतर्कता बरती जा रही है। सीमा पर भी चौकसी बढ़ाई गई है। कुशीनगर जिले से सटा बिहार का जिला बगहां नक्सल प्रभावित रहा है। इसकी आंच कुशीनगर जिले तक पहुंचती रही है। बगहां में नक्सल अभियान के लिए तैनात दल के प्रभारी व एएसपी दिवेश कुमार मिश्रा ने एसएसबी 21वीं और 65वीं वाहनी को विशेष तौर पर सतर्क रहने के लिए पत्र जारी किया है। आशंका जताई है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में माओवादियों की तरफ से फरवरी से जून माह के बीच अर्द्धसैनिक बलों, (एसएसबी) पुलिस, थाना और पिकेट आदि पर हमले हो सकते हैं। एएसपी का कहना है कि पूर्व में अन्य जगहों पर हुई नक्सली गतिविधियों को देखते हुए विशेष चौकसी बरती जा रही है। संवाद

# कुशीनगर पर भी पड़ती है नक्सलियों की छाया

## बिहार सीमा पर जारी किया गया अलर्ट, पूर्व में भी जिले की सीमा से सटे बगहां में नक्सलियों की रही है सक्रियता

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/खड्डा।** जिले की सीमा से सटे बिहार के बगहां में नक्सली हमले की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी होने के बाद वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व सहित आसपास के इलाके में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ा दी गई है। बिहार सीमा पर नक्सली गतिविधियों की छाया जिले पर भी पड़ती है। ऐसी गतिविधियों का असर जनपद के खड्डा, हनुमानगंज, जटहां और पडरौना कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर भी पड़ता है।

बिहार के बगहा में अर्द्धसैनिक बलों, थाना, पुलिस पिकेट सहित अन्य सुरक्षा बलों पर माओवादी और नक्सली हमलों की आशंका जताई गई है। इसके बाद जिले से सटे बिहार के बगहा में हाईअलर्ट जारी किया गया है। बगहा में होने



नक्सली हमले की आशंका के बाद अलर्ट जारी होने पर वाल्मिकी नगर के जंगल में गश्त करते एसएसबी के जवान। संवाद

वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि के असर से जिले के कुछ हिस्से भी प्रभावित होते हैं।

जनपद में गंडक नदी का दियारा है, जिसका फायदा उठाकर नक्सली अपनी गतिविधि बढ़ा देते हैं। पूर्व में तो उनका नदी पाकर करके जनपद की सीमा से सटे गांवों में पहुंचने की भी सूचनाएं मिली थीं।

वर्ष 2008 में छितौनी-बगहा रेल पुल उड़ाने की धमकी देकर नक्सलियों ने सनसनी फैलाई थी। हालांकि, सुरक्षा एंजेसियों की सतर्कता से कोई घटना नहीं हुई।

### पूर्व में सामने आ चुके हैं ये मामले

- वर्ष 2022 में बगहां पुलिस ने हार्डकोर नक्सली सुरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। वह 30 से ज्यादा वारदातों में शामिल था।
- वर्ष 2020 में नेपाल सीमा के समीप वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व के जंगल में पुलिस व नक्सलियों में मुठभेड़ हुई थी। इसमें चार नक्सली मारे गए थे। चारों के पास से आधुनिक असलहे, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद हुए थे। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए थे।
- वर्ष 2020 में ही पुलिस ने रामकुमार उर्फ रामू तथा दुर्गेश उर्फ हरिशंकर नाम के हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार किया था।
- वर्ष 2020 में ही बगहां पुलिस ने महिला नक्सली पूजा कुमारी को गिरफ्तार किया था।
- वर्ष 2018 में सौ से ज्यादा नक्सलियों ने बगहा क्षेत्र के एक गांव में धावा बोल गांव के मुखिया के पति मनोज सिंह की हत्या कर दी थी।
- वर्ष 2008 में नक्सलियों ने खड्डा क्षेत्र के महदेवा गांव के प्राथमिक स्कूल में बैनर लगाकर जमीन की पैमाइश करने वाले कर्मचारियों को धमकी दी थी।

बिहार सीमा की संदिग्ध गतिविधियों की गोपनीय रिपोर्ट मंगाई जाती है। सभी थानेदारों को ऐसी गतिविधियों को लेकर हरदम सजग रखा जाता है। इस संबंध में बिहार पुलिस के अधिकारियों से बातचीत करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोकल इंटेलीजेंस यूनिट (एलआईयू) सहित अन्य खुफिया एजेंसियों की मदद ली जाएगी। - **रितेश कुमार सिंह,** एएसपी

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

# उत्खनन में मुस्कराती हुई प्राचीन मूर्ति व अवशेष मिले




लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद। लक्ष्मीपुर क्षेत्र के बनर्सिहा कला में गौतम बुद्ध के ननिहाल देवदह में शुक्रवार को एक प्राचीन मूर्ति मिली। आंख बंद मुस्कराती मूर्ति को भगवान बुद्ध का बताया जा रहा है। पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से बताया जा सकता है कि मूर्ति किस काल की है। उप निदेशक पर्यटन ने भी उत्खनन कार्य का निरीक्षण किया। पुरातत्व विभाग से आवश्यक जानकारी ली।

देवदह में पुरातत्व विभाग के उत्खनन में मोटी दीवार मिल चुकी है। शुक्रवार को मूर्ति भी मिली। पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों ने उत्खनन में



उत्खनन में शुक्रवार को प्राचीन मूर्ति मिली।

दिखने शुरू हुए दीवार के बाबत यहा कयास जताया है कि प्राचीन काल में यहां कोई बस्ती रही होगी। राजमहल के उत्खनन में 2000 वर्ष पुराना मिट्टी के बर्तन, मूर्ति आदि मिले चुके हैं। लक्ष्मीपुर क्षेत्र के बनर्सिहा कला में शुक्रवार पहुंची उपनिदेशक पर्यटन विभाग (बौद्ध परिपथ) प्रीति श्रीवास्तव ने देवदह में टीला, कुवरवर्ती पोखरे, राजमहल में उत्खनन हो रहे कार्यो का उत्खनन टीम मनोज यादव, राजीव रंजन, सूरज कुमार, अरशद, ओमप्रकाश आदि से वार्ता कर जानकारी ली।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

## फैसला 1

महराजगंज, निज संवाददाता। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने व उसके खिलाफ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विनय कुमार सिंह द्वितीय ने कोठीभार थानाक्षेत्र के एक आरोपित को दोषी करार देते हुए को बीस वर्ष की सजा सुनाया है। बीस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली के मुताबिक मामला कोठीभार थानाक्षेत्र का है। 23 मार्च 2019 को थानाक्षेत्र के एक गांव में कक्षा छह में पढ़ने वाली पन्द्रह वर्षीय नाबालिग बालिका को गांव का ही अरविन्द चौधरी नाम का युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में कोठीभार पुलिस पीड़ित छात्रा की मां की तहरीर पर आरोपित अरविन्द चौधरी के खिलाफ धारा 363, 366, 376, 504 आईपीसी, 3/4 व 16/17 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपित की मां के खिलाफ भी केस दर्ज किया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामले में विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने गवाहों की गवाही कराकर साक्ष्य व सबूत पेश किया। कोर्ट इस मामले में कड़ी सजा की मांग किया। दोनों पक्ष को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त अरविन्द चौधरी को दोषी करार दिया। धारा 376(3) आईपीसी में बीस वर्ष की सजा व दस हजार रुपए अर्थदंड, धारा 363 व 366 आईपीसी में सात-सात वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

## किशोरी से दुष्कर्म के मामले में 10 साल की सजा

**2**

महराजगंज। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विनय कुमार सिंह द्वितीय की अदालत ने नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित को दोषी करार दिया है। अभियुक्त के खिलाफ दस साल की सजा व दस हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाया है। पत्रावली के मुताबिक मामला कोठीभार थानाक्षेत्र का है। साक्ष्य के मुताबिक थानाक्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर बताई कि 30 नवंबर 2019 की रात में गांव का ही एक युवक फोन करके बुलाया। उसके साथ दुष्कर्म किया। वह दो साल से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता घर आकर घटना मां को बताई। पीड़िता जब शादी के लिए आरोपित से बोली तो वह मुकर गया।

# 6 बोरी यूरिया के साथ एक नेपाली गिरफ्तार

खनुआ। खनुआ चौकी पुलिस ने गुरुवार को देर शाम 06 बोरी यूरिया के साथ एक युवक को पकड़ा।

खनुआ चौकी प्रभारी गंगाराम यादव अपने हमराही मनोहर सिंह व राणा प्रताप के साथ भारत नेपाल सीमा से सटे कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गा फार्म के समीप गश्त के दौरान 6 बोरी यूरिया के साथ एक नेपाली युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शेष राम भर निवासी कोटही माई गांव पलिका वार्ड नम्बर तीन, मर्यादपुर मझगांव जिला रुपन्देही नेपाल बताया। कोतवाल ने बताया आरोपित व खाद को कस्टम को सुपुर्द कर दिया।

# 3 पर एससीएसटी का मुकदमा दर्ज

नौतनवा। क्षेत्र के गांव रुधौली उर्फ करेला निवासी देव अशीष की तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने शुक्रवार को 3 व्यक्तियों पर मारपीट एवं एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज की है।

पीड़ित देव आशीष ने नौतनवा पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि बीते 14 मार्च शाम करीब 7:30 वह साइकिल से अपने घर जा रहा था। नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर टोला कोहड़वल से गुजर रहा था तभी गांव के ही आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे सर में गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही वह लोग जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गुप्ता भी देने लगे। कार्यवाहक थाना प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धनवंत, सुनील एवं सुग्रीम के विरुद्ध मारपीट व एससीएसटी के तहत के

# दिव्यांग से अश्लील हरकत करने पर 20 साल की सजा

महराजगंज, निज संवाददाता। चौक थानाक्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय मासूम गूंगी बालिका के साथ अश्लील हरकत के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विनय सिंह द्वितीय की अदालत ने आरोपित रामवृक्ष को दोषी करार देते हुए बीस साल की सजा से दंडित किया है।

मामला चौक थानाक्षेत्र के एक गांव में पहली दिसंबर 2020 की है। पीड़िता की मां ने चौक पुलिस को तहरीर देकर बताई थी कि वह अपनी आठ वर्षीय बेटी के साथ मायके में रहती है। आरोपित रामवृक्ष अपने साढ़ू के घर रहता था। एक दिसंबर 2020 को आरोपित रामवृक्ष उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर छत पर ले गया। वहां उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। इस पर बालिका शोर मचाई। आवाज सुन उसकी मां ढूंढते हुए छत पर पहुंची तो आरोपित भागने लगा। पीड़िता को लेकर उसकी मां चौक थाने पर गई। तहरीर के आधार पर आरोपित रामवृक्ष राजभर के खिलाफ धारा 376 (डी) आईपीसी 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर चौक थाने की पुलिस विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दी। विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने साक्ष्य के आधार पर कोर्ट से कठोर दंड की मांग किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने अभियुक्त रामवृक्ष राजभर को बीस साल का सश्रम कारावास व दस हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाया।

# डांट-फटकार से तंग बालिका निकली दादी के घर

- इंटर कालेज के समीप बालिका को देख एक युवक ने पहुंचाया थाना
- चाइल्ड लाइन टीम, ग्राम प्रधान की मौजूदगी में रिश्तेदार को सौंपी गई



नौतनवा थाना में बालिका के रिश्तेदार, पुलिस व चाइल्ड लाइन की टीम • जागरण

**जागरण संवाददाता, नौतनवा** : मां व नानी की डांट-फटकार से तंग आकर नौ वर्षीय बालिका दादी के घर मेंहदावल जाने के लिए अकेले ही गुरुवार को निकल पड़ी। देर रात नौतनवा इंटर कालेज के समीप एक युवक ने बैग लिए बच्ची को देखकर पूछताछ की। उसने रोते हुए आप बीती बताई। युवक ने पुलिस व चाइल्ड लाइन टीम को बालिका को सिपुर्द कर दिया। पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मेंहदावल जनपद संतकबीर नगर निवासी शंभू मद्धेशिया की नौ वर्षीय पुत्री खुशी मद्धेशिया शाम बैग लिए अकेले पैदल जा रही थी, जिसको खरगबरवा निवासी सतीश यादव ने देख लिया और थाना ले आए। पूछताछ में बालिका ने बताया कि उसके पिता मुंबई में रहते हैं। वह माता के साथ ननिहाल सोनौली कोतवाली क्षेत्र के बनरहवा गांव आई थी। बताया कि उसकी नानी व मां अक्सर डांटती व मारती-पीटती रहती हैं। इससे तंग आकर अपनी दादी के घर मेंहदावल जा रही थी, दादी उसको प्यार करती हैं। बताया कि चाइल्ड लाइन के शुभम दुबे, ग्राम प्रधान असलम की मौजूदगी में बालिका के रिश्तेदार विकास मद्धेशिया को सौंप दिया गया। बालिका की इच्छानुसार वह बालिका को दादी के घर पहुंचाएंगे। सभी ने युवक सतीश यादव को धन्यवाद दिया।

# झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित को 10 वर्ष की सजा

**जासं, महराजगंज:** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने दोषी अभियुक्त सगीर अहमद को 10 वर्षों के कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास की सजा भोगनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में कोठीभार थाना क्षेत्र की पीड़ित युवती ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसी के गांव निवासी आरोपित सगीर अहमद उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित के विरुद्ध जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने उसके विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दिया। संबंधित मुकदमे की पैरवी के बाद विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनय कुमार सिंह ने सगीर के विरुद्ध साक्ष्य मिलने पर सजा सुनाई। अर्थदंड का भुगतान नहीं होने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

## मारपीट में दो अभियुक्तों को पांच वर्ष का कारावास

महराजगंज : वर्ष 2005 में निचलौल थाना क्षेत्र के बढ़या टोला गेठियहवां में हुई मारपीट के मामले में आरोपित दो युवकों को विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ की अदालत ने दोषी सिद्ध किया है। दोषसिद्ध दोनों अभियुक्तों को न्यायालय ने पांच-पांच वर्षों के कारावास और 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर दोषियों को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अपर शासकीय अधिवक्ता फणिन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2005 में बढ़या गांव निवासी मोती अपना खेत देखने गए थे, उसी दौरान ग्रामवासी अलगू और फुन्नी यादव उनसे उलझ गए और उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया था। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# मारपीट के मामले में पांच वर्ष का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** मारपीट के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने अभियुक्त अलगू यादव व कुंती यादव निवासी बढ़या टोला गेठीअहवा को पांच वर्ष के सश्रम कारावास व 10,000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार, मोती ने 26 अगस्त 2005 को तहरीर दिया कि बेटा जगदीश अपने गन्ने का खेत देखने गया था। गांव के अलगू यादव, कुंती यादव गन्ने के खेत में अपनी भैंस चरा रहे थे। यहीं पर जगदीश को लाठी डंडे से मारा पीटा गया।

## 10,000 रुपये का लगाया गया अर्थदंड

दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ। अपर शासकीय अधिवक्ता फणिंद्र त्रिपाठी ने गवाहों का बयान कराने के बाद कड़ी सजा की मांग की। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को सश्रम कारावास से दंड़ित किया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई महाराष्ट्र पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां।** महाराष्ट्र पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म, पॉक्सो तथा अन्य धाराओं में आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर महाराष्ट्र ले गई।

जानकारी के मुताबिक, नौतनवां थाना क्षेत्र का एक गांव का युवक पारसा मलिक थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से प्रेम संबंध था। दिसंबर में किशोरी नौतनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल चली गई। किशोरी के मामा महाराष्ट्र में रहते हैं।

वह अपने मामा के साथ दिसंबर 2022 में महाराष्ट्र चली गई। आरोपी युवक ट्रक चालक है। वह किशोरी से मोबाइल फोन से बात करता रहता था। 13 जनवरी को आरोपी युवक किशोरी से मिलने महाराष्ट्र चला गया। कुछ माह बाद किशोरी की तबीयत खराब हुई, तो जांच कराने पर पता चला की वह गर्भवती है।

जब उसकी मामी को पता चला तो वह युवक को बुलाने लगी, लेकिन वह नहीं गया और बाद में युवक अपना मोबाइल बंद कर दिया। पीड़ित किशोरी ने 21 फरवरी 2023 को महाराष्ट्र के नाला सोपारा के तुलिंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

उप निरीक्षक रामचंद्र दत्ता त्रय शेंडगे ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो तथा अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार को उसके घर से गिरफ्तार कर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

# छात्रा से छेड़खानी, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। स्कूल जाते समय छात्रो से आरोपी युवक ने छेड़खानी किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने पर तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को स्कूल में पढ़ने के लिए जाते समय रास्ते में आरोपी सोहनलाल ने रोककर छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत किया। मामले में पुलिस ने आरोपी सोहनलाल पुत्र राजाराम निवासी टेंगरिया बाबू थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 354ख, 506 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मकान निर्माण के दौरान मारपीट, न्याय की गुहार

**बस्ती (एसएनबी)**। सोनहा थाना क्षेत्र के परसाखुर्द बुर्जुग दरियापुर जंगल टोला सोनहटिया निवासिनी निर्मलादेवी पत्नी रामलोचन ने डीएम, एसपी के साथ ही अनेक वरिष्ठ अधिकारियों, मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाया है।

भेजे पत्र में निर्मला देवी ने कहा है कि उसका मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, गत 16 मार्च को वह अपने पुराने मकान को उजाड़कर नये मकान का निर्माण करवा रही थी। इस बीच गांव के ही कुछ दबंग लोग गाली गुप्ता देने लगे और लाठियों से बुरी तरह से उसे और उसके पति को लाठी डंडो से बुरी तरह से मारा पीटा। उसके गले का लाकेट, कान का झाला छीन लिया। 112 नम्बर पर पुलिस को फोन करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके पूर्व में उक्त लोगों ने मारा पीटा था किन्तु सुलहनामा कराकर मामले पर लीपापोती कर दी गई। पत्र में निर्मला देवी ने सोनहा पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस ने उससे 50 हजार रूपये की मांग किया। निर्मला ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

# महिला ने एसपी से किया जान माल के रक्षा की मांग

**बस्ती (एसएनबी)**। हरैंया थाना क्षेत्र के पूरे अजवी निवासिनी शुभमती मिश्रा पत्नी स्व. हीराशंकर मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसने गांव के ही एक युवक के विरूद्ध बयान दिया था। इससे नाराज होकर उक्त लोगों ने मुकदमा वापस लेने के लिये दबाव बनाया। जब उसने मुकदमा वापस लेने से इंकार कर दिया तो गत 5 मार्च को घर पर चढकर जान से मारने की कोशिश किया। असलहे से दो राउन्ड फायर किया। किसी तरह से उसने अपनी जान बचाया। शुभमती मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांगे किया है।

# एसडीएम ने विद्युत उपकेन्द्र का लिया जायजा

**रूधौली (एसएनबी)**। बिजलीकर्मियों के हड़ताल के क्रम में रुधौली क्षेत्र में एसडीएम आनन्द श्रीनेत, क्षेत्राधिकारी प्रीति खरवार तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र तथा विद्युत वितरण केंद्र कस्बा रूधौली का निरीक्षण किया गया।

उपकेंद्र पर विद्युत वितरण ग्रामीण नोडल अधिकारी के रूप मे तैनात एमआई देवनाथ शुक्ला ने बताया कि विद्युत सुचारु रुप से नियमित समय से संचालित हो रहा है तथा थाना क्षेत्र में सभी फीडर द्वारा विद्युत संचार में कोई भी अवरोध नहीं है। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल मौजूद व सतर्क मिले।



विद्युत केन्द्र का जायजा लेते एसडीएम व सीओ

# विद्युतकर्मियों की हड़ताल से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

**बस्ती (एसएनबी)**। बिजली विभाग कर्मियों के कार्य बहिष्कार के बाद फाल्ट को दुरुस्त कराने में प्रशासन के पसीने छूट ही रहे थे। शहर के अधिकतर मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे करीब लाखो की आबादी प्रभावित हो गयी है। गिदही ट्रांसमिशन से निकलने वाली उपकेंद्र की 33 केवी लाइन फाल्ट हो गयी है। अब बिजली विभाग के कार्य बहिष्कार का असर पूरे जिले के उपभोक्ताओं पर पड़ गया है।

अवर अभियंताओं, एसडीओ और एक्सईएन के सीयूजी नंबर बंद होने के कारण उपभोक्ता बिजली के लिए परेशान रहे। फाल्ट दुरुस्त कराने के लिए दिनभर प्रशासन की टीम जद्दोजहद करती नजर

## पूरे जिले में हाहाकार

आई। लेकिन, तकनीकी जानकारी न होने के कारण कर्मी भी बेबस नजर आए। कार्य बहिष्कार के बाद प्रशासन ने विद्युत /उपकेंद्रों पर 79 आईटीआई प्रशिक्षु तैनात किए गए हैं। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के द्वितीय वर्ष के यह छात्र फाल्ट को दुरुस्त करने से डर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि बिजली उपकेंद्रों और खंभों पर काम करने का अनुभव न होने के कारण डर लग रहा है। उपकेंद्र पर लगे फीडरों के पैनल को संचालित करने के बारे में भी उन्हें जानकारी नहीं है। ऐसे में लाइन ट्रिप होने के बाद आपूर्ति बहाल करने में दिक्कतें आ रही हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले जिले भर के विद्युत कर्मी हक के लिए चीफ इंजीनियर कार्यालय पर धरना पर बैठे। ऊर्जा प्रबंधन के हठवादी रवैया को लेकर कर्मियों ने गुस्सा का इजहार करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। संयोजक अशर्फी लाल ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार आरपार की लड़ाई है। शांति पूर्वक किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को यदि दबाने का प्रयास किया गया तो विरोध प्रदर्शन जेल भरो आंदोलन में तब्दील हो जाएगा। **हरैंया कार्यालय** के अनुसार विद्युत कर्मियों के तीन दिवसीय हडताल से निपटने के लिए शासन द्वारा अधिकारियों को जारी किया गया दिशा निर्देश बेमतलब साबित हो रहा है। विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा दावा फेल हो गया। सिर्फ हरैंया टाउन को छोडकर बाकी अधिकांश उपकेन्द्रों के विभिन्न फीडरों की विद्युत आपूर्ति ठप रही जिससे तहसील क्षेत्र के हजारों गांव के विद्युत उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति से वंचित है। विभिन्न उपकेन्द्रो पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। आईटीआई एवं पॉलीटेक्नीक के प्रशिक्षुओं की सहायता से विद्युत



आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने का प्रयास किया गया। विद्युत मंत्री द्वारा हडताली कर्मचारियों के विरूद्ध एस्मा लगाने तथा उन्हे बरखास्त करने की चेतावनी भी दी गयी थी। मगर शासन-प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद विद्युत आपूर्ति अधिकांश उपकेन्द्रो तथा फीडरों पर ठप रही। गुरूवार से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को सायं खबर लिखे जाने तक बहाल नही हो पायी थी। विद्युत आपूर्ति बंद होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। विक्रमजोत प्रतिनिधि के अनुसार हडताल के चलते 33/11 विद्युत उपकेन्द्र फूलडीह विक्रमजोत में आपूर्ति पूरी तरह ठप है। उपकेन्द्र के पांचो फीडर पर प्रशासन द्वारा लाख प्रयास के बाद भी आपूर्ति नही की जा सकी।

## जिलाधिकारी ने किया विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)**। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरन्जन ने



सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए 220/132 केवी गिदही विद्युत उपकेंद्र का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा शीघ्रातिशीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम कमलेश चन्द्र, अधीक्षण अभियंता विद्युत एके आर्या तथा उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे भी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि फीडर की खराबी तत्काल ठीक की जाए। पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड द्वारा संविदा पर अतिरिक्त कर्मचारी शीघ्र ही उपलब्ध कराए जाएंगे। जो विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का निराकरण कर सकेंगे। उन्होंने उप केंद्रवार पेट्रोलिंग बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड 4 राकेश कुमार गौतम को गिदही विद्युत उपकेंद्र का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जो नियमित रूप से यहां उपस्थित रहकर विद्युत आपूर्ति की समस्या का निवारण करेंगे।

# बच्चों को निपुण बनाने का लिया संकल्प

रुधौली (एसएनबी)। शुक्रवार को रुधौली के बीआरसी प्रांगण में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी रुधौली आनन्द सिंह श्रीनेत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीओ प्रीती खरवार मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती बन्दना गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नोडल शिक्षक शिक्षामित्र आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । एसडीएम ने कहा कि हमारा आँगन ,हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने में सभी शिक्षक अपना योगदान दें और नन्हे मुन्ने बच्चों को अमूल्य शिक्षा प्रदान कर देश की ऊंचाईयों को छूने के लिए प्रेरणा

**हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम**



कार्यक्रम में प्रशस्त्रि पत्र देते अतिथि।

प्रदान करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनन्द ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए हमे प्री-प्राइमरी को सशक्त बनाना है। इसके लिए स्कूल रेडीनेस तथा चहक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। हम सभी को मिलकर निपुण लक्ष्य को हासिल करना है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल कमालुद्दीन एवं योगेश्वर प्रसाद शुक्ल ने किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, एआरपी प्रदीप कुमार,संतोष पाण्डेय, अशोक मिश्र,गरिजेश उपाध्याय तथा विजय लक्ष्मी पाण्डेय सहित अन्य अध्यापक एवं आंगनवाडी कार्यकत्री मौजूद रही।

# कमिश्नर से मिल पीड़ित ने लगायी फरियाद

**बस्ती (एसएनबी)।** भानपुर तहसील के बरडाड़ नानकारनिवासी एक युवक नेआयुक्त बस्ती मंडल सेमिलकर उन्हेंअपनी समस्या से अवगत कराया है। इस मामलेमें आयुक्त ने उन्हें समस्या से निजात दिलानेका आश्वासन भी दिया है। बरडाड़ नानकार निवासी कृष्णदेव पुत्र कालीप्रसाद नेआयुक्त बस्ती मंडल को दिये प्रार्थना पत्र में कहाकि उनके गांव के कुछ लोगो सेपारिवारिक रंजिश चली आ रही है। जिसके चलते दूसरा पक्ष उनका लगातार उन्हें परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी विपक्षियों नेभानपुर तहसील के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर उनके बाउण्ड्रीवाल तथा निजी खेत में चक मार्ग कोसीधा जोड़ दिया गया जबकि नक्शे में चकमार्गटेढ़ा है। पैमाइशकरनेआयेअधिकारियो को जब उन्होंने न्यायालय से स्थगन आदेश के कागजात दिखाये तो उसेफेंककर पीड़ित कोधमकिया देते हुए अपमानित किया गया। इस मामलेकोलेकर 13 मार्च कोकृष्णदेव मुख्यमंत्री सेभी मिलकर मामले से अवगत कराया है।आयुक्त बस्ती मंडल को दिये प्रार्थना पत्र में उन्होंने मामले की जांच कराते हुए दोषी भानपुर तहसील के उच्चाधिकारियों का स्थानान्तरण किये जाने माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करनेवालों पर कार्य वाही करनेव गांव के सरहद से पैमाइश कराकरपीड़ित का चक पूरा कराकरनक्शे के अनुसारचकमार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# रास्ता बन्द करते हुए दी गालियां, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। सार्वजनिक रास्ते को बन्द करने का विरोध करने पर आरोपी ने एक व्यक्ति को गालिया व धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के विल्लौर गांव में डीही जमीन से होकर जाने वाले सत्य प्रकाश मिश्रा का रास्ता आरोपी हरीश ने रोक दिया। जिसका सत्य प्रकाश ने विरोध किया तो उसे गालियां व धमकी दी गयी। रास्ते के अभाव में सत्य प्रकाश मिश्रा के सरसो की फसल भी बर्बाद हो गयी। मामले में पीड़ित सत्यप्रकाश मिश्रा पुत्र सुर्यमणि मिश्रा ग्राम विल्लौर थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरीश पुत्र रामनरेश ग्राम विल्लौर थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)**। खेत देखने जा रहा एक व्यक्ति तेज रफ्तार  आटो की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत भैसहिया गांव के रहने वाले परमात्मा प्रसाद सड़क से होकर (65) खेत देखने जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार आटो संख्या यूपी 51 एटी/ 4127 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए परमात्मा प्रसाद को ठोकर मार दिया। जिससे वह जख्मी हो गये। जिनकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मामले में मृतक के पुत्र राज नारायण पुत्र परमात्मा प्रसाद निवासी भैसहिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने चालक अतुल पुत्र प्रेमचन्द्र ग्राम भैसहिया थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बिजलीकर्मियों ने दी जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

**आक्रोश**

- गुरुवार रात 10 बजे से शुरू हुई है 72 घंटे की हड़ताल
- बिजली कर्मियों ने जनता से की सहयोग करने की अपील

**बस्ती, निज संवाददाता।** आंदोलित बिजली कर्मियों ने जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार रात दस बजे से बिजली कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल पर जाने के बाद से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शासन की ओर से कार्रवाई की लगातार मिल रही धमकियों के बीच संगठन के नेताओं ने अब जेल भरो आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। हड़ताल अगर लम्बी खिंचती है तो इसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।

इधर हड़ताल को कामयाब बताते हुए संगठन के नेताओं ने आमजन से सहयोग की अपील की है। बिजली कर्मी शुक्रवार को मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे रहे।



मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे बिजलीकर्मी। • हिन्दुस्तान

विद्युत कर्मचारी सयुक्त संघर्ष समिति, बस्ती के संयोजक अशर्फी लाल ने कहा कि 72 घंटे की हड़ताल गुरुवार रात 10 बजे से प्रारम्भ हो गई है। हड़ताल के समर्थन में देशभर के 27 लाख बिजली कर्मी भी सड़कों पर उतरे। किसी भी बिजली कर्मी को गिरफ्तार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ जेल भरो आन्दोलन शुरू किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन के प्रति ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के नकारात्मक एवं हठवादी रवैये के चलते बिजली कर्मियों को हड़ताल पर जाने हेतु बाध्य होना पड़ा।

कर्मचारी नेताओं ने दावा किया कि हड़ताल से लगभग एक हजार मेगावॉट उत्पादन ठप हुआ है। जिले के 28 उपकेंद्र बुरी तरह प्रभावित हैं। सभा में राम इकबाल प्रसाद, आशुतोष लाहिरी, अमित कुमार, अजय पांडेय, दयाशंकर, अष्टभुजा उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, जितेंद्र मौर्या, ज्ञानू, गब्बर, विक्रम, भानु, बृजकिशोर, राजकुमार यादव, राम वृक्ष यादव, राम बहादुर, अभय सिंह, गजेंद्र श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन गजेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

# रास्ते पर आने जाने को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र के मलौली गोसांई गांव निवासी कैलाशपति पत्नी रामधीरज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षी द्वारा घर के सामने रास्ते पर आने जाने से मना किया गया। दरवाजे पर आकर उन्हें व उनकी बेटियों को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया। पुलिस ने गांव के ही सुकई, भरत लाल, जयदेवी, राजू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**मारपीट में मुकदमा :** अगया खास गांव निवासी हरीराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आपसी कहासुनी को लेकर विपक्षी द्वारा अपशब्द कहा गया। विरोध करने पर मारापीटा। पुलिस ने सत्य प्रकाश उर्फ मुसऊ, राजन, राहुल व नीरज पर मुकदमा दर्ज किया है।

## अयोध्या के पूर्व विधायक खब्बू तिवारी के शस्त्र जमा न कराने का मामला

# ९६ से अब तक के एसओ पर कार्रवाई का आदेश

**03** मार्च को डीएम बस्ती को उच्च न्यायालय के समक्ष स्थिति स्पष्ट करने का कहा

### एसएचओ हरैया ने कामचलाऊ रिपोर्ट दी

अपर आयुक्त ने कहा कि थानाध्यक्ष हरैया ने डीएम बस्ती के आदेश का अनुपालन कराने का प्रयास नहीं किया और सतही आख्या प्रस्तुत कर दी। इस कारण 3 मार्च 2023 को डीएम बस्ती को उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। अपर आयुक्त ने एसपी को भेजे पत्र में 1996 से लेकर 02 मार्च 2023 तक हरैया थाने पर तैनात रहे सभी थानाध्यक्षों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए स्पष्ट अनुपालन आख्या डीएम बस्ती के समक्ष प्रस्तुत करने और आयुक्त कार्यालय को सूचित करने को कहा है।

- अपर आयुक्त ने हरैया में तैनात रहे थानेदारों पर कार्रवाई को एसपी बस्ती को लिखा पत्र
- थानाध्यक्षों पर है जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन न कराने का आरोप



■ सुरेंद्र पांडेय

**बस्ती।** अयोध्या के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी का शस्त्र जमा न होने के मामले में अपर आयुक्त बस्ती मंडल ने 1996 से लेकर 2023 तक हरैया में तैनात रहे थानेदारों पर कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने इसके लिए एसपी बस्ती को निर्देशित किया है। इसके साथ ही डीएम बस्ती ने भी इस बाबत एसपी और आयुक्त को पत्र लिखा है।

कमिश्नर बस्ती के आदेश पर अपर आयुक्त प्रशासन नीता यादव ने एसपी बस्ती को लिखे पत्र में कहा है कि 2 जुलाई 1996 को इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी पुत्र कृष्ण गोपाल के नाम जारी शस्त्र लाइसेंस संख्या 54 का निरस्तीकरण डीएम बस्ती ने कर दिया था। यह लाइसेंस राइफल का था। एसओ हरैया को निर्देशित किया गया कि राइफल थाने में जमा कराकर सीज किया जाए। इस आदेश के क्रम में डीएम बस्ती ने एसओ हरैया को 04 जुलाई 1996 को पत्र भेजकर आदेश दिया था कि निरस्त लाइसेंस वाले शस्त्र जमा कराकर सूचित करें। लेकिन तत्कालीन थानाध्यक्ष ने कोई अनुपालन आख्या प्रेषित नहीं की। अपर आयुक्त ने बताया कि फिर से 29 जुलाई 2022 को शस्त्र जमा कराने के आदेश का अनुपालन करने के लिए एडीएम बस्ती ने पत्र लिखा। इस पत्र के जवाब में 04 अगस्त 2022 को थानाध्यक्ष हरैया ने यह आख्या प्रस्तुत की कि थाने के अभिलेख व जांच में पाया गया कि शस्त्र लाइसेंस धारक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी कथित निवासी गौहनिया नैपाल सिंह थाना हरैया वर्तमान में अयोध्या जिला कारागार में बंद हैं, जो पूर्व विधानसभा सदस्य हैं। इनका वर्तमान पता श्रीराम गेस्ट हाउस के पीछे देवकाली थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या है। इस प्रकरण में उनके भाई भूपेश तिवारी से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि शस्त्र के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। शस्त्र कहां जमा है या नहीं जमा है, इसकी जानकारी खब्बू तिवारी ही बता सकते हैं।

# थानाध्यक्ष को शस्त्र जमा कराने में कब-कब भेजा पत्र

- सीओ हर्रैया ने डीएम के आयुध लिपिक को लिखा पत्र
- सीओ ने पूर्व में डीएम की तरफ से की गई कार्रवाई का मांगा ब्यौरा

बस्ती, निज संवाददाता। सीओ हर्रैया ने इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के शस्त्र जमा कराने के मामले में डीएम के आयुध लिपिक से पूछा है कि कब-कब पत्र भेजा गया है। इसका ब्यौरा उपलब्ध कराएं। डीएम के आयुध लिपिक को सीधे लिखे पत्र में सीओ हर्रैया ने कहा है कि डीएम बस्ती की तरफ से 02 मार्च 2023 को पत्र भेजकर खब्बू तिवारी का लाइसेंस रद्द कर शस्त्र जमा कराने के संबंध में आदेशित किया गया है। परन्तु उस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। इस संबंध में मेरे द्वारा प्रारंभिक जांच की जा रही है। जांच के लिए पांच बिन्दुओं पर सूचना चाही गई है।

सीओ हर्रैया ने आयुध लिपिक से यह मांगा है कि शस्त्र धारक इंद्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी के शस्त्र लाइसेंस 54 की प्रमाणित छाया प्रति, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रेषित रिपोर्ट व उस पर 04.07.1996 को की कई कार्रवाई की प्रमाणित छाया प्रति, 04.07.1996 के आदेश के अनुपालन में थाना हर्रैया को कब-कब अनुस्मारक पत्र या निर्देश भेजा गया, उसकी प्रमाणित छायाप्रति, दिनांक 27.07.2022 को एडीएम बस्ती की तरफसे भेजे गए पत्र की प्रमाणित छाया प्रति और उक्त पत्र के संबंध में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया की तरफ से दिनांक 04.08.2022 को उपलब्ध कराई गई। आख्या की प्रमाणित छाया प्रति, यदि इस संबंध में कोई अन्य निर्देश प्रभारी निरीक्षक हर्रैया को दिया गया हो तो उसकी आख्या उपलब्ध कराएं। यह भी जानकारी दें कि शस्त्र निरस्तीकरण से संबंधित आदेश डीएम कार्यालय से किस तिथि को थाना हर्रैया को अनुपालन के लिए भेजा गया और किसके द्वारा प्राप्त की गई है। उसकी तिथि व प्राप्ति डॉक रजिस्टर की प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध कराएं। सीओ हर्रैया ने यह भी कहा है कि इस संबंध में 04.03.2023 को भी पत्र भेजा गया था, जिसका जबाब न मिलने के कारण जांच प्रभावित हो रही है, जो आपत्तिजनक है।



पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्ड की सलामी लेते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी।

# एसपी ने परेड की ली सलामी

बस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने सुबह सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस मेस, परिवहन शाखा, डायल-112 के वाहनों आदि का निरीक्षण किया गया।

# सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में मुकदमा

**बस्ती:** कोतवाली क्षेत्र के भैंसहिया गांव निवासी राजनारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 मार्च को गांव से सटे मार्ग पर उनके 65 वर्षीय पिता परमात्मा प्रसाद को एक टेंपो ने ठोकर मार दिया। हादसे में उनके पिता को गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान उनकी 15 मार्च को मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर टेंपो चालक अतुल निवासी भैंसहिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। (जासं)

# मनमुटाव दूर कराकर महिला थाने से कराई गई 11 दंपतियों की विदाई



महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय व सुलह के लिए आए दंपती ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : आपसी मतभेद के कारण अलग-अलग रह रहे 11 दंपतियों के बीच मनमुटाव को दूरकर महिला थाने से हंसी खुशी विदा किया गया।

प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने बताया कि रीमा चौधरी पत्नी राजदेव, स्वीटी पत्नी विवेक उपाध्याय, शांति पत्नी दूधनाथ, ममता पत्नी शंभू नाथ, गीता पत्नी राजकुमार, शशिकला पत्नी अवधेश, सुमन पत्नी आशीष प्रजापति, सरस्वती पत्नी सुधीर, अमीना खातून पत्नी मोहम्मद शकील, बीना पत्नी राहुल व खुशबू पत्नी राकेश के बीच विभिन्न कारणों से पारिवारिक मनमुटाव चल रहा था। महिला थाने पर दंपतियों को बुलाकर कई बार काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद दोनों पक्षों को उनके अलावा महिला हेल्प डेस्क की हेड कांस्टेबल शांति यादव, महिला कांस्टेबल आशा गौड़, ऋचा सिंह, विजय लक्ष्मी चौहान, सपना द्वारा समझाया बुझाया गया। पति-पत्नी एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गए। सुलहनामा लिखवाकर सभी को थाने से विदा किया गया।

# बिजलीकर्मियों को गिरफ्तार किया गया तो शुरू होगा जेल भरो आन्दोलन

**जासं, बस्ती :** हड़ताली बिजलीकर्मियों ने प्रशासन को चेताया कि यदि 15 सूत्री मांगों को लेकर चल रहे शान्तिपूर्ण आन्दोलन के दौरान किसी भी बिजलीकर्मी को गिरफ्तार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ जेल भरो आन्दोलन शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की आम सभा मुख्य अभियंता प्रांगण में हुई। सभी कर्मचारियों ने एक सुर से समझौते के क्रियान्वयन तक हड़ताल जारी रखने का एलान किया। सभा का संचालन गजेंद्र श्रीवास्तव कुमार ने किया।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन के प्रति ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के नकारात्मक एवं हठवादी रवैये के चलते बिजलीकर्मियों को 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर जाने को बाध्य होना पड़ा। हड़ताल में उत्पादन, पारेषण और वितरण के समस्त कर्मचारी शामिल हैं।



मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कार्यालय पर धरना देते अभियंता व विद्युतकर्मी ●जागरण

सभा में राम इकबाल प्रसाद, आशुतोष लाहिरी, अमित कुमार, अजय पांडेय, दयाशंकर, अष्टभुजा उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, जितेंद्र मौर्या, ज्ञानू, गब्बर, विक्रम, भानु बृजकिशोर, राजकुमार यादव, रामवृक्ष यादव,गजेंद्र श्रीवास्तव ने जमकर प्रबंधन के वादाखिलाफी पर विरोध दर्ज कराया। दावा किया कि हड़ताल से जिले में 39 उपकेंद्र में से 28 उपकेंद्र बुरी तरह प्रभावित हैं।

**यह रही विजलीकर्मियों की प्रमुख मांगें:** पूर्व की तरह मिल रहे तीन पदोन्नति पदों के समयबद्ध वेतनमान के आदेश, बिजलीकर्मियों के लिए पावर सेक्टर इम्प्लॉइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, पारेषण के विद्युत उपकेन्द्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण की आउटसोर्सिंग को बन्द करने, नये उपकेन्द्रों का निर्माण पारेषण निगम से कराने, निविदा/संविदा कर्मियों को अलग-अलग निगमों में मिल रहे मानदेय की विसंगति दूर करने, भत्तों के पुनरीक्षण एवं वेतन विसंगतियों का निराकरण करने आदि की मांग की गई है।

**हरैंया में भी विजली आपूर्ति लड़खड़ाई**

**हरैंया:** हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई है। प्रशासनिक अमला बिजली आपूर्ति बनाए रखने को सक्रिय नजर आया। सब स्टेशनों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी लगाई गई हैं। बिजली की तकनीकी खराबी को प्राइवेट एजेंसियों व तकनीकी कर्मियों से सही कराया जा रहा है। सब स्टेशन की कमान बीडीओ, लेखपाल राजस्व निरीक्षकों को सौंपी गई है। हरैंया सब स्टेशन के बेलभरिया व केशवापुर फीडर की आपूर्ति दो घंटे बाधित रही। परशुरामपुर क्षेत्र में हड़ताल से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई हैं। मखौड़ा तथा श्रृंगीनारी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांव अंधेरे में डूब गए हैं। घरों में लगे इनवर्टर तथा विद्युत उपकरण शोपीस बने हैं।

**मरीज रहे परेशान : बस्ती:** अस्पतालों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न रहने से मरीजों का बुरा हाल हो गया। गाउखोर फीडर पर बिजली ठप होने से क्षेत्र के पांच लाख से भी अधिक आबादी प्रभावित रही।

# शांतिभंग में छह को भेजा जेल


**जागरण संवाददाता, हरैंया, बस्ती:** एसडीएम गुलाबचंद ने विद्युत विभाग की हड़ताल के समय विवाद करने पर शुक्रवार को गौर और छावनी थाने के कुल छह लोगों को शांतिभंग के मामले में जेल भेज दिया।

एसडीएम गुलाब चंद्र ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र मलौली गोसाई गांव में दो पक्षों में नल गड़ाने के विवाद में सुकई पुत्र दुलारे व झिनकनू पुत्र छेदी तथा गौर थाना क्षेत्र के बसहिया गांव में घर उजाड़ने के विवाद में राम अजोर, रामसुंदर, रामकोमल पुत्र मुन्नू तथा कटघरा गांव निवासी पल्टूराम पुत्र जगन्नाथ को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान कर आरोपितों को एसडीएम हरैंया के न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# जेई सहित अन्य कर्मियों पर केस

**जासं, बहादुरपुर, बस्ती:** बिजलीकर्मियो के हड़ताल पर जाने के कारण विद्युत उप केंद्र कलवारी के तहत सभी फीडरों से आपूर्ति ठप हो गई है। शुक्रवार को उप केंद्र पर पहुंचे सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति को बताया गया कि आपूर्ति बहाल करने में जगह-जगह फाल्ट के कारण समस्या आ रही है। वहीं कुछ लोगों ने सीडीओ को बताया कि जेई की मिलीभगत से संविदा लाइनमैन द्वारा तार काट दिया गया है। इससे संबंधित वीडियो भी दिखाया गया। सीडीओ ने मजिस्ट्रेट के रूप में उप केंद्र पर मौजूद प्रांतीय खंड के जेई कृष्ण गोपाल को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

थानाध्यक्ष कलवारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मजिस्ट्रेट की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा और धमकी आदि के आरोप में विद्युत उप केंद्र के जेई प्रिंस कुमार, विद्युत कर्मी शैलेंद्र कुमार, संविदा लाइन मैन कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार सहित अन्य चार- पांच संविदा कर्मियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।





बभनान उपकेन्द्र पर बैठे एसडीएम गुलाबचंद्र, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ●जागरण

## 12 संविदाकर्मियों की बर्खास्तगी के लिए भेजी गई रिपोर्ट

**बभनान:** विद्युत उपकेंद्र बभनान के गौर व पैकोलिया फीडर से जुड़े गांव में लगभग 33 घंटे से ठप पडी विद्युत आपूर्ति को बहाल कराने के लिए शुक्रवार को उपजिलाधिकारी हर्रैया गुलाब चंद, सीओ शेषमणि उपाध्याय व खंड विकास अधिकारी गौर अनिल कुमार यादव बभनान विद्युत उप केंद्र पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद बभनान टाउन व वेदीपुर फीडर तो चालू हो गया पर उपकेंद्र से जुड़े गौर व पैकोलिया फीडर देरशाम तक चालू नहीं हो पाई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बभनान गौर व दुबौला में कार्यरत 12 संविदा कर्मचारियों की बर्खास्तगी के लिए डीएम को रिपोर्ट भेज दी गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परेड का निरीक्षण



पुलिस लाइन में डायल-112 सेवा में वाहनों के रखरखाव की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • सौ.पुलिस विभाग

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के पश्चात पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया गया। एसपी ने परेड के उपरांत पुलिस लाइन स्थित मेस, परिवहन शाखा, डायल-112 के वाहनों आदि का निरीक्षण किया।


पुलिस लाइन में बेहतर सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में गार्द कमांडरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में एसपी के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार को परेड कराई गई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई।

अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। इस दौरान सीओ सिटी आलोक प्रसाद भी मौजूद रहे।

# जेई सहित अन्य कर्मियों पर केस

**जासं, बहादुरपुर, बस्ती:** बिजलीकर्मियो के हड़ताल पर जाने के कारण विद्युत उप केंद्र कलवारी के तहत सभी फीडरों से आपूर्ति ठप हो गई है। शुक्रवार को उप केंद्र पर पहुंचे सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति को बताया गया कि आपूर्ति बहाल करने में जगह-जगह फाल्ट के कारण समस्या आ रही है। वहीं कुछ लोगों ने सीडीओ को बताया कि जेई की मिलीभगत से संविदा लाइनमैन द्वारा तार काट दिया गया है। इससे संबंधित वीडियो भी दिखाया गया। सीडीओ ने मजिस्ट्रेट के रूप में उप केंद्र पर मौजूद प्रांतीय खंड के जेई कृष्ण गोपाल को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

थानाध्यक्ष कलवारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मजिस्ट्रेट की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा और धमकी आदि के आरोप में विद्युत उप केंद्र के जेई प्रिंस कुमार, विद्युत कर्मी शैलेंद्र कुमार, संविदा लाइन मैन कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार सहित अन्य चार- पांच संविदा कर्मियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।



# मारपीट की चार घटनाओं में 15 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, बस्ती :** वाल्टरगंज, परशुरामपुर, कप्तानगंज व दुबौलिया थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की चार घटनाओं में 15 लोगों को नामजद किया गया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के जगतापुर गांव निवासी आरती पत्नी मुन्ना विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 16 मार्च को विपक्षीगणों ने प्रतिवादी द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहा और जान माल की धमकी दी। उनके बच्चों को मारा पीटा। पुलिस ने रामतेज, परदेशी, आरती व माधुरी निवासी जगतापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश को ही लेकर कप्तानगंज थाने के मानपुर गांव में भी मारपीट हो गई। गांव निवासी संदीप कुमार तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 15 मार्च को विपक्षियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें अपशब्द कहा, मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। उनके कपड़े को भी फाड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही वरुण तिवारी, विजय नारायण तिवारी व जयगोविंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

परशुरामपुर थानाक्षेत्र के ककराखुर्द कला गांव की रहने वाली सिर्जना देवी पत्नी राजाराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 मार्च को भूमि विवाद को उन्हें, बेटी आरती, बहू रीता व उसकी बेटी प्रर्मिला को विपक्षीगणों द्वारा अपशब्द कहते हुए मारापीटा गया, जानमाल की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मामले में गांव के ही राममणि, उनके पुत्र नितेश व संतोष के अलावा पत्नी रेशमा देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया बाजार के रहने वाले अरविंद सोनकर ने आरोप लगाया कि उनके भाई सूरज को बाजार के ही राजकुमार, दिलीप कुमार, विजय कुमार और खिस्सू सोनकर ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस आरोपितों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

रांदाजी, एथलेटिक्स, बाक्सिंग, ूडो व हैंडबाल का जिला स्तरीय यन ट्रायलःसुबह 11 बजे से

र्मकर्म

श्रीराम कथा : गौर क्षेत्र के रदहा शुक्ल में श्रीराम कथा व लश यात्राः सुबह 10 बजे से

**आपकी आवाज**

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल

gkp-dakincharge@gkp.amarujala.com

व्हाट्सएप करें

9368724164

काम की बात

समाधान : राजस्व वादों के स्तारण के लिए सदर क्षेत्र में जस्व चौपालः सुबह 10 बजे से

शेष कार्यक्रम पेज-4

मौत हो गई।

## ग्राम प्रहरी का मनोबल बढ़ाने घर पहुंचे आईजी

**बस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भद्देश्वरनाथ ग्राम प्रहरी (चौकीदार ) चंद्रभूषण के घर पहुंचे।

उन्होंने कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व अपराध पर रोकथाम के विषय में विस्तार से चर्चा की।

उपस्थित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय को निर्देशित किया गया कि जब भी थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरी हाजिरी पर आएं या आप भ्रमण के दौरान ग्राम प्रहरी से संपर्क कर उनसे उनके ग्राम सभा की सूचनाएं अवश्य ही प्राप्त करें। संवाद

न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## फसलों के नुकसान की आशंका

**बस्ती।** मौसम के इस तेवर से किसानों के होश उड़ गए हैं। सरसों, गेहूं और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान की आशंका है। सरसों की फसल पक कर तैयार है।

कुछ किसानों ने इसकी कटाई भी कर ली है, लेकिन अभी मड़ाई नहीं कर पाए हैं। तेज बारिश या ओले गिरे तो अधपकी गेहूं की फसल बर्बाद हो सकती है। बहादुरपुर ब्लॉक के नरायनपुर के किसान राघवेंद्र, बलवंत यादव, हरीश चौधरी, राम करन आदि ने बताया कि यह मौसम किसानों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। संवाद

## पुरवाई से आम की फसल को फायदा

आम की फसल को इस मौसम का फायदा मिलेगा। खासकर पुरवाई चलने से उसमें परागण की क्रिया तेज होगी और बौर में टिकोरे बनने लगेंगे। इससे पहले लगातार पछुआ हवा चलने के कारण परागण की क्रिया नहीं हो पा रही थी। इसलिए बौर तो पेड़ों में खूब लद गए थे, लेकिन उनमें दाने नहीं बन रहे थे। संवाद

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं 20 मार्च


VISHVARA ENVIRONMENT Pvt. Ltd

Walk in Interview

Wat

| WTPS-23 Nos /2000 MLD | STPS-32 870 ML |
|---|---|

Profile / Position

Planning Incharge

Planning Engineer

Billing Engineer

Structural and MEP design En

Project Manager (Agra and Pilibhit location )

Procurement Engineer/ M

All profiles should be relevant to Jal Jeevan Mis

Venue : Fairfield by Marriott Lu Gate No. 2, Vibhuti Khand, Go

Job Locations : Philibhit Distri Candidates interested for

1. Please share your updated re
2. Please carry photocopy of R


# जनता की नजर में बस्ती पुलिस का कामकाज बेहतर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर की ओर से पुलिस के लिए शुरू की गई पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में बस्ती को पहला स्थान मिला है। वहीं सिद्धार्थनगर दूसरे व संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर रहा। पब्लिक एप्रूवल रेटिंग सिस्टम के तहत छह बिंदुओं पर जनता की राय ली जाती है।

शिकायतों के निस्तारण में बस्ती को 47.8, ट्विटर पोल में 99, डायरेक्ट पोल में 99.9, एफआईआर में 97.1, पीआरवी रिस्पांस के लिए 84.2 और पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामले में 94.8 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस पर प्रकार कुल 600 अंकों में उसे 522.8 अंक अर्थात 87.13 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में सिद्धार्थनगर को 54.2, ट्विटर पोल में 73, डायरेक्ट पोल में 97.2, एफआईआर में 96, पीआरवी रिस्पांस के लिए 76.9 और पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामले में 95.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस पर प्रकार कुल 600 अंकों में उसे 492.7 अंक अर्थात 82.12 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। ऐसे में सिद्धार्थनगर दूसरे स्थान पर रहा। संतकबीरनगर को आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में 51.3, ट्विटर पोल में 68, डायरेक्ट पोल में 94.1,

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

## चार आरोपियों को व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़ने का आदेश

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ( एससी/एसटी एक्ट) ने मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के 04 आरोपियों को 02-02 वर्ष के लिए सदाचारण कायम रखने हेतु 25-25 हजार ₹ के व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़ने का आदेश दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ( एससी/एसटी एक्ट) द्वारा थाना महुली पर पंजीकृत मु.अ.सं. 12/2003 धारा 323, 504, 506 भादवि व 3(1)10 एससी/एसटी एक्ट में दोषसिद्ध अभियुक्तगणों ओम प्रकाश, रवि प्रकाश पुत्रगण सदाशिव तिवारी, सदाशिव पुत्र भागवत तिवारी तथा श्रीमती रुपलता पत्नी ओमप्रकाश तिवारी को 02 -02 वर्ष के लिए सदाचारण कायम रखने हेतु 25-25 हजार ₹ के व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की 02-02 प्रतिभू पर छोड़ा गया। विदित हो कि वादी मुकदमा को उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा बच्चों के विवाद को लेकर लाठी डंडा से मारा पीटा गया व जाति सूचक अपशब्द देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी थी। जिसके संबंध में थाना पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद नागेन्द्र प्रसाद राय द्वारा संपादित की गयी थी।

## 25 हजार का इनामिया शातिर अपराधी गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मैली गांव निवासी 25 हजार के ईनामिया शातिर अपराधी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गिरफ्तार ईनामियां शातिर अपराधी गोवध और मारपीट के मुकदमें में नामजद होने के बाद बतौर वांछित होने के बावजूद लगातार दो वर्ष से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के मैली गांव निवासी दिलावर पुत्र मुन्ना समेत चार लोगों के विरूद्ध धनघटा पुलिस ने वर्ष 2021 में मुकदमा अपराध संख्या 446/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था जिसमें दिलावर लगातार फरार रहने के चलते अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका था। फरारी के दौरान ही बीते वर्ष 2022 में मैली गांव में हुई एक मारपीट की घटना में एक मुकदमा उसके विरूद्ध दर्ज किया जिसमें उसके विरूद्ध आरोपपत्र पुलिस न्यायालय को प्रेषित कर चुकी है। बीते छः मार्च 2023 को पुलिस उच्चाधिकारियों ने दिलावर को ईनामियां अपराधी घोषित करते हुए उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित कर दिया। शुक्रवार को जरिए मुखबिर प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह को ईनामिया दिलावर के घर पर मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई तो उनके निर्देश पर धनघटा थाने के उपनिरीक्षक अनुज कुमार यादव हमराही पुलिसकर्मी शैलेन्द्र कुमार और विशाल कुमार सिंह के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर ईनामियां दिलावर को गिरफ्तार कर लिया।

# एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण, दिया निर्देश



रिजर्व पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** रिजर्व पुलिस लाइन का पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने गणना कार्यालय, पुलिस लाइन्स स्टोर, शस्त्रागार आदि कार्यालयों के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुआ भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरन द्वारा पायी गयी कमियों को तत्काल दूर करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल लाइन राजीव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी धनघटा श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। उन्होंने परेड के उपरांत पुलिस मेस, पुलिस हॉस्टल, डायल-112 के वाहनों, अग्निशमन के वाहनों आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित करते हुए पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

# मारपीट का केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के चिरैयाडाड़ गांव की एक किशोरी ने पट्टीदारों के खिलाफ बंटवारे की भूमि को लेकर विवाद करने और मारने-पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दम्पत्ति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पूनम का आरोप है कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। 15 मार्च की शाम उसके पट्टीदार समेत चार लोगों ने मारने व जान से मारने की धमकी भी दी।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों का टर्न आउट किया चेक

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर आयोजित हुए साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने सबसे पहले परेड की सलामी लेकर जांच के दौरान मिली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया। इसके साथ ही पुलिस टीम के टर्न आउट चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

'एसपी सत्यजीत गुप्ता ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने एवं लोगों के बीच मधुर संबंध बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। परेड के बाद पुलिस अस्पताल, भोजनालय, शस्त्रागार, पुलिस लाइन्स स्टोर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। इस दौरान यूपी-112 का निरीक्षण कर पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को रखने के संबंध में कर्मियों को निर्देशित किया। पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को जरूरी आदेश दिए। इसके अलावा जिले के सभी थाना पर भी एसपी के निर्देश के बाद आयोजित परेड में पुलिस टीम ने हिस्सा लिया। शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगाने का अभ्यास किया।



पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों की परेड के दौरान शुक्रवार को निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत कुमार। • हिन्दुस्तान

## एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार दिनांक 17 मार्च को रिजर्व पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने गणना कार्यालय, पुलिस लाइन्स स्टोर, शस्त्रागार आदि कार्यालयों के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुआ उनका भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान एसपी ने वहां पर मिली कमियों को तत्काल दूर करने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल व लाइन राजीव यादव, क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली बहाली पर भिड़े एसडीएम व एक्सईएन

बखिरा/बघौली, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा के ढोंढ़या विद्युत उपकेन्द्र के कर्मचारियों की हड़ताल से सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे हैं। 24 घण्टे से लोग बगैर बिजली के हैं। पूरी रात लोगों ने अंधेरे में काटकर बिताई है। इससे पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा है। शुक्रवार को एसडीएम सदर रमेशचन्द्र बीडीओ रेनू चौधरी के साथ उपकेन्द्र पर पहुंचकर हालात की जानकारी ली। एसडीएम ने विद्युत बहाली के लिए उपकेन्द्र पर लगे ताले को भी तोड़वाया, लेकिन शाम तक बिजली बहाल नहीं हो सकी है। इसे लेकर उपकेन्द्र पर एसडीएम खलीलाबाद रमेश चंद और एक्सईएन सरोज कुमार से खूब तीखी बहस हुई।

विद्युत कर्मचारियों के आन्दोलन का रुख अख्तियार करने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बखिरा के ढोंढ़या उपकेन्द्र से आपूर्ति ठप होने से सैकड़ों गांव अंधेरे में डूब गए हैं। जिससे लोगों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर एसडीएम सदर रमेशचन्द्र बीडीओ रेनू चौधरी के साथ उपकेन्द्र पर पहुंचे। यहां ताला बंद देखकर एसडीएम का माथा ठनका। तुरन्त एक्सईएन सरोज कुमार को फोनकर बुलाया। बुलाने के बाद भी एक घण्टे बाद आए। उपकेन्द्र पर विद्युत बहाली के लिए एसडीएम और एक्सईएन सरोज कुमार के बीच तीखी बहस हुई। विद्युत बहाली में लापरवाही पर एसडीएम ने कहा कि कहे के लिए एक्सीएन हैं। उन्होंने कहा कि वे एक घंटे से इंतजार कर रहे हैं। इतनी देर में तो लोग लखनऊ से आ जाते हैं। एसडीएम ने विद्युत बहाली के लिए उपकेन्द्र में लगे ताले को भी तोड़वाया।

- बघौली के ढोंढ़या उपकेन्द्र पर एसडीएम व एक्सईएन में हुई तीखी बहस
- बिजली बहाली के लिए ताले को भी तोड़वाया, नहीं बहाल हुई बिजली आपूर्ति

इसके बाद आईटीआई प्रशिक्षु वैभव सिंह, अजय कुमार, विपिन कुमार व हेडकांस्टेबल मोहन कुमार व पीआरडी जवान लोरिक यादव को फीडर पर सुरक्षा के लिए तैनात किया। परन्तु देर शाम तक बिजली की सप्लाई चालू नहीं हो सकी। क्षेत्र की जनता को बिना बिजली के रहना पड़ सकता है।

# चार आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में चार आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त राजदेव निषाद पुत्र टुअर निवासी तेजपुर को गिरफ्तार किया।

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

बखिरा। थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में महिला ने कुछ लोगों पर मारने -पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने सास-बहू समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

देविका पांडेय ने बताया कि 16 मार्च की सुबह साढ़े सात बजे बच्चों के विवाद की वजह से हरिशंकर, माधव पांडेय, काजल व सुमित्रा पांडेय ने उसे व उसके पति उमाशंकर को अपशब्द कहते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घर का सारा सामान भी इधर-उधर फेंक दिए व जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर, माधव पांडेय, काजल व उसकी सास सुमित्रा पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पिता, पुत्र एवं बहू को परिवीक्षा पर छोड़ा

- एडीजे व विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की कोर्ट ने दिया फैसला
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारपीट, एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज किया

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। मारपीट के चार आरोपियों को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने दोषसिद्ध करार देते हुए दो वर्ष के परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया। आरोपी सदाशिव तिवारी (पिता), ओम प्रकाश, रवि प्रकाश (पुत्र) एवं रूपलता पुत्रवधू पर अनुसूचित जाति के मां-बेटे को जातिसूचक गाली देते हुए मारने पीटने का आरोप लगाया गया था। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की कोर्ट ने चारों आरोपितों को एससीएसटी एक्ट के आरोप से दोषमुक्त करने का भी फैसला दिया।

विशेष लोक अभियोजक आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि मामला जनपद के ग्राम अछती थाना महुली का है। प्रकरण में पीड़ित योगेन्द्र पुत्र झिनक ग्राम अछती के धारा 156 (3) दप्रसं के आवेदन पर मुकदमा कायम हुआ था। वादी का आरोप था कि वह अनुसूचित जाति है। 26 दिसम्बर 2002 को समय ढ़ाई बजे दिन में मेरे घर के छोटे बच्चे घर के बगल में सड़क पर नल के पास खेल रहे थे। उसी समय ओम प्रकाश पुत्र सदाशिव तिवारी लाठी लेकर आए और द्वेषवश मां-बहन की गाली देते हुए कहा खेलने से मना किया। विरोध करने पर ओम प्रकाश, उनके पिता सदाशिव तिवारी, उनके भाई रवि प्रकाश और पत्नी रूपलता भी गाली देने लगे। ओम प्रकाश, रवि प्रकाश एवं सदाशिव ओसारे में घुसकर लात मूका लाठी से मारने लगे। मेरी मां प्रभावती मुझे बचाने आई तो रूपलता उसका बाल पकड़ कर पटक कर लात, थप्पड़ और चप्पल से मारने लगी। सिर में गम्भीर चोट आने से बेहोश हो गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज एवं हरिजन उत्पीड़न की धारा में अभियोग पंजीकृत किया। विशेष लोक अभियोजक आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि अभियोजन ने मामले पांच गवाह प्रस्तुत किया। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने पर आरोपितों को मारपीट के मामले में दोषसिद्ध करार दिया।

# पूरे दिन घनघनाता रहा कंट्रोल रूम का फोन

- बिजली नहीं मिलने की कंट्रोल रूम में लोग करते रहे शिकायत
- हर फोन पर संबंधित अधिकारियों को सूचना देते रहे कर्मचारी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में बिजली व्यवस्था पर निगरानी के लिए बनाए गए कन्ट्रोल रूम का फोन शुक्रवार को पूरे दिन घनघनाता रहा। फोन करने वाला हर कोई फाल्ट और बिजली न मिलने की समस्या से अवगत कराता रहा। कंट्रोल रूम के प्रभारी उच्चाधिकारियों को संज्ञान में ले आने के साथ ही संबंधित स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी अवगत कराते रहे। दिन चढ़ने के साथ ही फोन की संख्या में बढ़ती गई। शाम होते-होते फोन लगातार बजने लगा। कर्मचारी लोगों को जवाब देते-देते परेशान रहे।

धौरहरा निवासी विजय ने कंट्रोल रूम को बताया कि धौरहरा में पोल गिर गया है। इस कारण बिजली नहीं आ रही है। कंट्रोल रूम ने तत्काल एक्सईएन को अवगत कराया। इसी तरह अनिल कुमार ने मेड़रापार से फोन किया और बताया कि पिछले 36 घंटे से बिजली नहीं आई है। खटहां, सांथा के अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले 36 घंटे जमया ताल, सेवहाबाबू, खटहां, जखिनिया में लाइट नहीं आ रही है। सेमरियावां क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद ने बताया कि सुबह से रुधौली में बिजली नहीं आई है। कमलेश सिंह ने महुआर गांव में बिजली न आने की शिकायत की। सिकरी से अविनाश पाल, बसडीला से अबरार अहमद, इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद से सुरेन्द्र कुामर जैसे दर्जनों लोगों ने बिजली न आने की शिकायत कंट्रोल रूम से किया। कन्ट्रोल रूम के कर्मचारी आश्वासन देते रहे। कंट्रोल रूम के प्रभारी अमरेन्द्र राय ने बताया कि सभी सूचनाओं को जिम्मेदार अधिकारियों को भेजा जा रहा है।



शुक्रवार को कण्ट्रोल रूम में शिकायतों के बारे में जानकारी लेते डीएम व एसपी।

**डीएम, एसपी ने लिया कंट्रोल रूम का जायजा:** जिलाधिकारी संदीप कुमार, एसपी सत्यजीत गुप्त, एडीएम अभिनव रंजन ने कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम में पहुंचकर वहां का जायजा लिया। वहां आने वाली शिकायतों की जानकारी लेते हुए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जो भी फोन आ रहे हैं उसे रजिस्टर में दर्ज करें और स्टेटिक मजिस्ट्रेट और बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते रहें।

# दस-दस की टीम बनाकर उपकेंद्रों की समस्या दूर करें

## डीएम सख्त

**80** में से 30 कर्मचारी ही कर रहे हैं काम

- बिजली व्यवस्था को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में डीएम व एसपी ने की बैठक
- संविदा कर्मियों के भी हड़ताल में शामिल होने से बढ़ी दिक्कत

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में विद्युत व्यवस्था संचालन की समस्याओं को दूर करने के लिए डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। अधीक्षण अभियंता विद्युत के साथ ही दोनों एक्सईएन और प्राइवेट एजेंसियों के जिम्मेदार मौजूद रहे। तीनों तहसीलों की समीक्षा के साथ ही डीएम ने दोनों एक्सईएन को सख्त निर्देश दिया कि जहां भी व्यवस्था बाधित है उसे जल्द से जल्द सही कराएं।

जिलाधिकारी ने रात से दोपहर तक जितनी भी शिकायतें आईं थी सबकी समीक्षा करते हुए एक्सईएन को निर्देश दिया कि 10-10 कर्मचारियों की टीम बनाकर त्वरित गति से उपकेन्द्रों का संचालन कराएं। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि संविदा कर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं। इस कारण और समस्या हो रही है। 80 संविदा कर्मचारियों में महज 25 से 30 कर्मचारी ही कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उपकेन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात हैं। यदि कहीं भी कोई संविदा कर्मियों पर दबाव बनाएं अथवा जबरियां उन्हें आन्दोलन में शामिल कराने का प्रयास करे तो तत्काल सूचना दें। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संविदा कर्मियों की सेवा प्रदाता फर्म के जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी संविदा कर्मी विद्युत व्यवस्था प्रभावित कर रहे हैं उनके सूची उपलब्ध कराएं, उनके विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई होगी।

बैठक में एक जेई द्वारा कुछ संविदा कर्मियों को जबरिया ले जाने की शिकायत सामने आई। डीएम ने इसकी गोपनीय जांच कराने का निर्देश दिया। एडीएम अभिनव रंजन ने जिलाधिकारी को प्रत्येक फीडर की स्थिति से अवगत कराया। डीएम ने कहा कि जो भी फीडर बंद हैं उन्हें तत्काल चलवाएं। एसपी सत्यजीत गुप्त ने कहा कि किसी भी संविदा कर्मी अथवा फीडर पर कार्य कर रहे कर्मचारी के उत्पीड़न का प्रयास हुआ अथवा उन्हें कार्य से रोकने का कोई भी प्रयास किया उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

# 25 हजार रुपये के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- गोवध निवारण अधिनियम अन्य मामले में था वांछित पुलिस ने किया गिरफ्तार
- दिलावर उर्फ सोनू को डिहवा बाजार सड़क से गिरफ्तार किया गया

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। धनघटा पुलिस टीम ने 25 हजार रूपए के इनामिया को दबोचकर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। वह गोवध निवारण अधिनियम व अन्य मामले में वांछित था। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर संबंधित न्यायालय प्रस्तुत किया। कार्रवाई के बाद जेल रवाना कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार को गोवध निवारण अधिनियम अन्य मामले में वांछित इनामिया अभियुक्त दिलावर उर्फ सोनू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मैली थाना धनघटा को को गिरफ्तार किया। उसे डिहवा बाजार सड़क से 10.35 बजे गिरफ्तार किया। श्री सिंह ने बताया कि 09 सितंबर 2021 को गोवध निवारण अधिनियम दिलावर पुत्र मुन्ना आदि चार आरोपितों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसमें शेष तीन आरोपित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई थी। आरोपित अभियुक्त दिलावर उर्फ सोनू पुत्र मुन्ना तभी से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने दिनांक 06 मार्च को 25 हजार रूपए का पुरस्कार घोषित किया था। दिलावर थाना धनघटा के एक अन्य अभियोग में भी नामजद था।

# नियम तोड़ने वालों से वसूला 76 हजार का जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 76 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 73 वाहनों के चालकों से 76 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# नवरात्रि व रमजान पर शांति व सौहार्द की अपील

बखिरा। बखिरा थाना परिसर में शुक्रवार को नवरात्रि व रमजान को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान व अन्य काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों से आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

# सदाचरण के आश्वासन पर छोड़े गए मारपीट के चार आरोपित

जासं, संतकबीर नगर : अपर सत्र न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने के मामले में सभी आरोपितों को दोषी करार देते हुए उन्हें दो-दो वर्ष के परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया है। सभी आरोपितों को इस दौरान सदाचरण का व्यवहार करना होगा। मामला करीब 20 वर्ष पहले का है, जिसमें एक आरोपित की उम्र करीब 90 वर्ष हो चुकी है। वहीं अन्य आरोपित भी बुजुर्ग हो गए हैं।

अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी करते हुए लोक अभियोजक आशीष पांडेय ने कहा कि महुली थानाक्षेत्र के अक्षती गांव के योगेंद ने न्यायालय के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि 26 दिसंबर 2002 को गांव के ही सदाशिव तिवारी व उनके दोनों पुत्र ओमप्रकाश व रविप्रकाश तथा ओमप्रकाश की पत्नी रूपलता दिन में 2.30 बजे बच्चों के खेलने की बात को लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर पीटा व जानमाल की धमकी दी। थाने पर सूचना देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के हस्तक्षेप पर मुकदमा दर्ज हुआ। न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व आरोपितों के चरित्र का अवलोकन करने के उपरांत दो-दो वर्ष के परिवीक्षा पर रहने का फैसला सुनाया है।

**मामला करीब 20 वर्ष पहले का, एक आरोपित 90 वर्ष का, अन्य सभी हो चुके हैं बुजुर्ग**

# 25 हजार के इनामी को भेजा जेल

**जासं, धनघटा** : दो वर्ष से फरार चल रहे एक 25 हजार के इनामी बदमाश को धनधटा पुलिस ने डिहवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि मैली निवासी दिलावर उर्फ सोनू पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। कोर्ट के निर्देश के बाद भी वह फरार चल रहा था। उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। शुक्रवार को पता चला कि वह डिहवा चौराहे से कहीं भागने की फिराक में है।



विद्युत उपकेंद्र बिधियानी की जांच करने पहुंचे डीएम संदीप कुमार, एसपी सत्यजीत गुप्ता व अन्य अधिकारी • जागरण

# डीएम ने इंडस्ट्रियल एरिया में बहाल कराया विद्युत आपूर्ति

**जासं, संतकबीर नगर**: डीएम व एसपी के अलावा अन्य अधिकारी शुक्रवार को विभिन्न उपकेंद्रों व फीडरों पर जांच के लिए पहुंचे। आपूर्ति सुचारू से जारी रखने के लिए प्रत्येक बिंदु की जांच की। बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से बातचीत की। कमियां मिलने पर इन्हें फटकार भी लगाई। इंडस्ट्रियल एरिया में आपूर्ति को बहाल कराया।

डीएम संदीप कुमार शुक्रवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता व बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता डीके लाल के साथ खलीलाबाद तहसील के बिधियानी विद्युत उप केंद्र पर पहुंचे। यहां पर आपूर्ति की स्थिति ठीक मिली। यहां पर तैनात कर्मियों से डीएम ने कहा कि वे आपूर्ति जारी रखें। किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तुरंत अवगत कराएं। इसके बाद ये अधिकारी इंडस्ट्रियल एरिया-खलीलाबाद में पहुंचे। यहां पर बिजली नहीं थी। बिजली विभाग के अधिकारियों के सहयोग से आपूर्ति शुरू कराए। इसके अलावा एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने भी इन दोनों स्थानों का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम से बिजली से संबंधित समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण में जुटे रहे। एसडीएम रमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारियों ने विद्युत उप केंद्रों व फीडरों का भ्रमण किया।

# त्यौहार पर पुलिस सख्त

जासं, बखिस : रमजान व नवरात्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को बखिरा थाने पर थानाध्यक्ष श्याम मोहन की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। लोगों से मिलकर त्योहार मनाने की अपील की गई। अराजकता फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती से शादी का रिश्ता तय करने के बाद महुली क्षेत्र के युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी और उसके घर वाले शादी से मुकर गए। इस मामले में शुक्रवार की शाम को पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया।

पीड़िता का आरोप है कि करीब चार साल पूर्व वह बुआ के घर गई थी। वहीं पर आरोपी और उसके माता-पिता से मुलाकात हुई। उसकी बुआ रिश्ते में आरोपी की मामी हैं। इसीलिए वह भी सपरिवार आया था। वहीं उन लोगों ने उसे देखकर शादी क लिए पसंद कर लिया।

उसने आरोप लगाया कि आरोपी के माता-पिता ने उसकी शादी आरोपी युवक से करने की बात कही। यह तय हुआ कि पहले आरोपी की बहन की शादी कर लेंगे, उसके बाद बेटे की शादी करेंगे। इस बीच आरोपी मोबाइल फोन से बातचीत करने लगा। आरोप है कि आरोपी उसके घर से कई बार उसे घुमाने के बहाने ले जाकर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। संवाद

# कोर्ट ने चार दोषियों को व्यक्तिगत बंध पत्र पर किया रिहा

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के चार दोषियों को दो-दो वर्ष के लिए 25-25 हजार के व्यक्तिगत बंध पत्र पर रिहा किया। एसपी ने बताया कि ओमप्रकाश, रविप्रकाश, सदाशिव, रुपलता पत्नी ओमप्रकाश तिवारी ने बच्चों के विवाद में पीड़ित पिटाई की और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया था। विवेचना तत्कालीन सीओ नागेंद्र प्रसाद राय ने किया। कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर चारों को दो -दो वर्ष के लिए 25-25 हजार के व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो-दो प्रतिभूत पर रिहा कर दिया। संवाद

# एसपी ने कमियों को सुधारने के दिए निर्देश



पुलिस लाइंस में निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। अभिलेखों के रखरखाव को देखा। कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

एसपी ने गणना कार्यालय, पुलिस लाइन स्टोर, शस्त्रागार आदि में पहुंच कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इन कार्यालयों के अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया।

एसपी ने सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल /सीओ लाइन राजीव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## परेड का निरीक्षण करने के बाद लगवाई दौड़

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन की परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई। मातहतों को जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के निर्देश दिए। एसपी ने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच की।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने के निर्देश दिए। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

# रामलीला मैदान में छात्रों के दो गुटों में नोकझोंक

गोण्डा। शहर के रामलीला ग्राउंड में छात्रों के दो गुटों में आपस में जमकर नोकझोंक हुई। दोनों गुट के लगभग दो दर्जन छात्र काफी देर तक झड़प करते रहे। कुछ लोगों ने इसकी सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी। काफी समय बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। किसी तरह मामला शांत करवाया गया।

# अफसर से मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

मेहनौन। रेशम फार्म सुभागपुर बकठोरवा में तैनात सहायक रेशम विकास अधिकारी के साथ बुधवार को बकठोरवा निवासी दो लोगो से किसी बात को लेकर गाली गलौज के मामले को लेकर कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह ने बताया प्रकरण में गांव के जावेद और बसीर सहित दो अन्य के खिलाफ सरकारी कर्मचारी से मारपीट धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोगों में दहशत

झंझरी। कोतवाली देहात के अंतर्गत पथरी बाजार चौकी क्षेत्र में बीते दस दिनों से मवेशी चोरी घटनाओं से पशुपालकों में दहशत है। चौकी क्षेत्र के रामनगर तरहर ग्राम पंचायत में गुरुवार आधी रात प्रकाश की दो भैंसें गाड़ी पर लादकर चोर फरार हो गए। इसी गांव के अनवर हुसैन की 12 बकरी चोरी हो गई। परमापुर गांव के छेदी की एक भैंस, विंध्या की दो भैंस, गड़रियन पुरवा गांव के रामराज पाल एक भैंस चोरी हो गई।

# दोस्त पर लगा पत्नी के यौनशोषण का आरोप

परसपुर, संवाददाता। क्षेत्र के एक गांव में दिमागी रूप से बीमार महिला का यौन शोषण उसके पति का दोस्त कई माह से कर रहा था। अचानक पति ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखा तो उसके पैरों तले जमी खिसक गई। मामला थाने पहुंचा तो सिपाही ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

पीड़ित पति ने जनसुनवाई पोर्टल और एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया है कि आरोपी दोस्त उसके घर आता जाता था। उसी दौरान उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर नाजायज सम्बन्ध बनाता रहा। जानकारी होने पर पुलिस को इसकी तहरीर दी। पीड़ित का कहना है पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे ही फटकार लगाकर शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार किया।

# जमीन पर दबंगों का कब्जा

**गोंडा:** कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा है। अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोगों की जमीनों पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया। उनकी जमीन को दबंगों व साहूकारों से बचाने के लिए नियम बनाने की मांग की है। शहर अध्यक्ष रफीक रायनी, प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनकर, सेवादल के अध्यक्ष प्रदुम्न शुक्ल ने कहा कि समस्याओं का समाधान किया जाए। ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पांडेय, हनुमान प्रसाद, अनीश व इसरार अहमद उपस्थित रहे। (संसू)

# सहायक रेशम विकास अधिकारी के साथ मारपीट में मुकदमा

संसू, इटियाथोक : बकठोरवा रेशम फार्म पर तैनात सहायक रेशम विकास अधिकारी व चौकीदार के साथ हुई मारपीट के मामले में चार आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है। सहायक रेशम विकास अधिकारी प्रतिभा यादव ने कहा कि गुरुवार को बकठोरवा गांव के बसीर व जावेद ने रेशम फार्म में घुसकर उनसे व चौकीदार के साथ मारपीट कर अभद्रता की थी।

आरोप है कि दोनों आरोपितों ने रेशम फार्म में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया था। चौकीदारों व मौजूद कीट पालकों के दौड़ाने पर आरोपित भाग निकले थे। घटना की जानकारी उप निदेशक रेशम को दी गई थी। पुलिस के मुताबिक वशीर, जावेद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# बिजली कटौती से घरों में असंतोष, कर्मियों में रोष, अफसरों को नहीं सूझ रहे उपाय

## 22 उपकेंद्र बंद होने से परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे परीक्षार्थी, लघु उद्योग ठप, पेयजल की बढ़ी किल्लत





मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते बिजली कर्मी तथा इटियाथोक विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे एसडीएम सदर कुलदीप सिंह व सीओ सदर शिल्पा वर्मा • जागरण



अखिलेश प्रताप



मुकुल तिवारी



रचना मिश्र



राहुल पांडेय

**जसं, गोंडा :** बिजलीकर्मियों की हड़ताल से जिले के 22 उपकेंद्रों पर ताला लटक रहा है। 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली से चलने वाले लघु उद्योग बंद हो गए हैं। पानी की किल्लत से नगरवासियों की परेशानी बढ़ गई है। छात्र बोर्ड व वार्षिक गृह परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। बिजली कटौती से त्राहिमाम है। अधिकारियों का आपूर्ति बहाल करने का दावा हवा-हवाई साबित हो रहा है। पुलिस, लेखपाल व आइटीआइ के प्रशिक्षुओं को उपकेंद्र पर तैनात किया गया है, लेकिन इन्हें कोई उपाय नहीं सूझ रहा है।

**रामापुर :** गुरुवार दोपहर 12 बजे से ही बिजली नहीं है। जन सेवा केंद्र संचालन सत्य प्रकाश ने कहा कि बिजली न होने से लेनदेन बाधित है। छात्र शिवम व अवनेश ने कहा कि परीक्षा चल रही है। रात में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

**बेलसर :** उपभोक्ताओं के इन्वर्टर डिस्चार्ज हो चुके हैं। टंकी में पानी खत्म होने से महिलाओं को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है।

**मेहनौन :** 40 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक में जनरेटर चलाकर कार्य किया जा रहा है।

**कर्नलगंज :** हड़ताल का असर आम लोगों पर पड़ने लगा है। सरकारी कार्यालय, अस्पताल, तहसील, थानों में काम प्रभावित हो रहा है। उपकेंद्र पर पुलिस तैनात की गई है। भंभुआ उपकेंद्र पर बिजली कर्मी ने ड्यूटी पूरी कर लेखपाल प्रभात कुमार व आरक्षी अंगद कुमार को चार्ज सौंपना चाहा जो न लेने पर फीडर को बंद कर वह चला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे के लिए 24 से अधिक लोग सुबह से ही खड़े रहे। उनकी जांच न हो पाई।

**वजीरगंज :** मोहनपुर, टिकरी, डुमरियाडीह फीडर बंद है। उपकेंद्र पर ताला लटक रहा था। पुलिसकर्मी तैनात थे।

**नवाबगंज :** उपकेंद्र से गुरुवार को रात में कर्मचारी दरवाजा बंद करके भाग गए। मोबाइल फोन बंद कर लिया। सुबह एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, सीओ संसार सिंह राठौर, प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। एसडीएम ने कहा उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

**इटियाथोक :** सुबह नौ बजे कर्मचारी उपकेंद्र पर ताला लगा कर भाग गए। पांच फीडर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ सदर शिल्पा वर्मा व प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि अधिशासी अभियंता को अवगत कराया गया है।

**कर्मियों ने किया प्रदर्शन:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। विकास यादव, राकेश यादव, सतीश गुप्ता, नीरज तिवारी, संदीप यादव व रमा जी ने प्रबंधन पर लिखित समझौते को लागू न करने का आरोप लगाया। पीयूष सिंह, एलएल भारती उपस्थित रहे।

अखिलेश प्रताप ने कहा कि 48 घंटे से बिजली नहीं मिली है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार मूक हैं। मुकुल तिवारी ने कहा कि आपूर्ति बहाल रखने का दावा हवा-हवाई है। मंगलवार से बिजली नहीं आई है। राहुल पांडेय ने कहा कि जन सेवा केंद्र का संचालन करने में मुश्किल हो रही है। रचना मिश्रा ने कहा कि मच्छर बहुत हैं। बिजली न होने से रात में मोमबत्ती के रोशनी में लोग काम निपटाने को विवश हैं। मिट्टी का तेल नहीं मिलता है। लोगों की समस्या को लेकर जिम्मेदार मौन हैं।

# चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया युवक

तरबगंज (गोंडा)। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी भानपुर सोमप्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को पकड़ी बाजार में चेकिंग कर रहे थे तभी बाइक सवार एक युवक को रोककर कागजात मांगे गए तो नहीं दिखा सका। पूछताछ में टूट गया। अपना नाम पवन सिंह निवासी धनौली थाना तरबगंज बताया। बताया कि बाइक दिल्ली के बवाना क्षेत्र से चोरी की थी। (संवाद)

# नाबालिग से दुराचार में सात साल की जेल

लखनऊ। मकान मालिक की नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर दुराचार करके गर्भवती करने के आरोपी हरिराम चौहान को पॉक्सो एक्ट के कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सात साल की कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर दस हजार का अर्थदंड में लगाया है। अभियोजन पक्ष की तरफ से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तरफ से 4 जुलाई 2017 को इस मामले की रिपोर्ट हुसैनगंज थाने में दर्ज कराई गई थी। बताया गया था की गोंडा का रहने वाला हरिराम चौहान बीते चार साल से उसके मकान में किरायेदार था। वादी की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर दुराचार करता रहा। संवाद

# मारपीट में सगे भाई नामजद

इटियाथोक (गोंडा)। सहायक रेशम विकास अधिकारी से मारपीट के मामले में शुक्रवार को दो युवकों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि राजकीय रेशम फार्म सुभागपुर में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी प्रतिभा यादव व चौकीदार से बुधवार रात बकठोरवा निवासी बशीर व उसके भाई जावेद ने मारपीट की थी। शुक्रवार को प्रतिभा यादव ने पुनः तहरीर देकर दोनों के खिलाफ मारपीट व अभद्रता की प्राथमिकी दर्ज कराई है। (संवाद)

# अपहृत दो किशोरियां मिलीं अब आरोपी की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

वजीरगंज (गोंडा)। चौकी डुमरियाडीह की पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को शुक्रवार को तलाश निकाला। जबकि आरोपी युवक फरार है।

चौकी प्रभारी डुमरियाडीह गोपाल सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र की एक किशोरी को गांव का ही एक युवक 15 मार्च को अगवा कर ले गया था। बताया कि शुक्रवार की शाम महराजगंज बाजार से किशोरी को तलाश निकाला गया। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

इधर, धानेपुर क्षेत्र में गैर जनपद से गन्ना छीलने आया मजदूर थाना क्षेत्र की एक किशोरी का बीते 13 मार्च को अपहरण कर लिया। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने आरोपी प्रदीप निवासी दुबहा निघासन लखीमपुर खीरी व एक अन्य पर केस दर्ज कराया है। किशोरी को जनपद खीरी लखीमपुर से बरामद कर लिया गया है।

## पत्नी पर दर्ज कराया केस

करनैलगंज (गोंडा)। बहराइच के जरवल रोड थाना के जोतौरा गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी पूजा सिंह के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। महेंद्र का कहना है कि उसके बच्चे 15 मार्च को स्कूल गए थे। उसकी पत्नी हरिभजन सिंह निवासी बसंतपुर बिहुरी थाना परसपुर के साथ उसके बेटे सूर्या व बेटी शुभी को लेकर चले गए। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

खोड़ारे (गोंडा) प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा से ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी गुरु प्रसाद निवासी पेडार थाना पैकोलिया जनपद बस्ती से गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व गर्भपात कराने का आरोप है। संवाद

**मारपीट मामले में तहरीर दी : मनकापुर।** गायत्री नगर निवासी सपना त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को उसके पति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट किया। उसे और उसकी सासू मां के साथ भी मारपीट किया। तथा उसके पति का बाइक उठा ले गए। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

# बेकाबू बस खाई में पलटने से बची

महराजगंज तराई। बलरामपुर से हर्रैया मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस महराजगंज की ओर से बलरामपुर जा रही थी। इसी बीच परसपुर के पास गन्ना से भरे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। खाई में पलटने से पहले बस सड़क एक पेड़ में फंसकर रुक गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। बस में बैठे सभी यात्री सुरक्षित निकल आए। बस चालक पवन कुमार ने बताया की बस में 35 यात्री मौजूद थे।

# 620 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

उतरौला। थाना कोतवाली पुलिस ने 620 ग्राम गांजा के साथ एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि उप निरीक्षक मनीष कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान मोहल्ला गांधीनगर निवासिनी साबित्री देवी पत्नी स्व. विहारी की संदेह होने पर तलाशी ली गई, जिसके पास से 620 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने महिला गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

बलरामपुर। एसपी ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी केशव कुमार औचक निरीक्षण करने पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने लाइन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वाटर गार्ड, कैंटीन, आरक्षी बैरग व आवास का निरीक्षण किया। एसपी ने सलामी शस्त्र सहित अन्य विषय पर जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम व अन्य मौजूद थे।

# मेले की व्यवस्था का लिया जायजा

बलरामपुर, संवाददाता। देवीपाटन मेले के दौरान जिले में बाहर से आने वाली 800 पुलिस बल व पीएसी के ठहने की व्यवस्था इंटर व डिग्री कॉलेजों में की गई है। गुरुवार को एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व एडीएम प्रदीप कुमार ने पुलिस व पीएसी के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने फैजल महाविद्यालय, स्टार वर्ड इंटर कॉलेज व स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर स्कूल के प्रबंधकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में पेयजल व शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। इस अवसर पर एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# खनन अपराध में दो गिरफ्तार किए

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने खान एवं खनिज अधिनियम के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। उपनिरीक्षक शिव सिंह यादव ने बताया कि कांस्टेबल मानवेंद्र दुबे के साथ खान एवं खनिज अधिनियम के वांछित अभियुक्त राम विलास पुत्र मुन्नू व अंग्रेज पुत्र रामू को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस काफी समय से इन लोगों की तलाश कर रही थी। अब कार्रवाई की गयी है।

# अधिवक्ता पुत्र को पुलिस ने पकड़ा, घेराव

बलरामपुर, संवाददाता। अधिवक्ता शत्रुहन यादव के घर पर दबिश देकर पुलिस उनके पुत्र कमलेश को देहात कोतवाली ले आई। वकीलों ने देहात कोतवाली का घेराव कर लिया। देहात कोतवाली की पुलिस ने अधिवक्ता पुत्र कमलेश को शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखना में आठ मार्च को दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें नानमून ने अधिवक्ता शत्रुहन यादव सहित पांच लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। कुछ दिन बाद शत्रुहन यादव के प्रार्थना पत्र पर नानमून सहित आठ लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष दया शंकर पांडेय व महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को शत्रुहन यादव के घर पर दबिश दिया। नामजद अभियुक्तों के न मिलने पर पुलिस उनके पुत्र कमलेश को पकड़ लाई।

# प्रतिबंधित पशु हत्या में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। प्रतिबंधित पशु हत्या के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने छह अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। उपनिरीक्षक रामकुमार वर्मा ने बताया कि जुम्मन पुत्र जमादार को मुख्य आरक्षी हनुमंत यादव, कांस्टेबल विवेक गौड़ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। साथ ही दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# शांतिभंग मामले में तीन के खिलाफ कार्रवाई

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने तीन अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक शेखर प्रसाद साहनी ने बताया कि संतराम मौर्य, अवध राम व दयाराम को शांति भंग के मामले में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। तीनों के खिलाफ शिकायत की गयी थी और काफी समय से पुलिस को उनकी तलाश थी।

# संपूर्ण समाधान दिवस आज

**बलरामपुर** : तीनों तहसीलों में 18 मार्च को संपूर्ण सम्माधान दिवस का आयोजन होगा। तहसील सभागार उतरौला में जिला स्तरीय संपूर्ण सम्माधान दिवस में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार जन शिकायतों का निस्तारण कराएंगे। तुलसीपुर में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य और सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव मामलों की सुनवाई करेंगी। (संसू)

# बैठक कर की समीक्षा

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शुक्रवार को पचपेड़वा थाना के नेपाल सीमा से सटे गांव इमिलिया कोडर में ग्राम सुरक्षा समिति के साथ बैठक की। ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं का लाभ लेने के तौर-तरीकों के बारे में भी बताया गया। (संसू)

# विद्युत केंद्रों पर पुलिस फोर्स मुस्तैद

**बिजलीकर्मियों** की हड़ताल को देखते हुए सभी विद्युत उपकेंद्र एवं फीडरों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत केंद्रों पर तैनात किए गए प्रशिक्षु छात्रों व अन्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। बिजली सप्लाई में कोई बाधा न पहुंचा सके, इसका ध्यान रखा जा रहा है।



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी केशव कुमार ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

# पुलिस अधीक्षक ने परेड और कार्यालय का किया निरीक्षण

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन के परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस कार्यालय का भी निरीक्षण किया। पासपोर्ट, वीआइपी सेल, जनसूचना सेल, सम्मन सेल समेत अन्य पटलों का जायजा लिया। अभिलेखों का अध्ययन किया। एसपी ने साफ-सफाई पर विशेष जोर देने की बात कही। साथ में प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम, वाचक संतोष तिवारी मौजूद रहे। (संसू)

# आरोपित गिरफ्तार

**उतरौला :** प्रभारी निरीक्षक उतरौला संजय कुमार दूबे ने बताया कि गांधीनगर निवासी सावित्री देवी को फक्कड़दास चौराहा आम्र के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से बरामद गांजा जब्त कर लिया गया है। (संसू)

# बारिश में बिजली गिरने से छत क्षतिग्रस्त

गैसड़ी। मौसम में बदलाव के बीच शुक्रवार को बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से भोजपुर थारु गांव निवासी जगदेव के दोमंजिला मकान की छत का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। साथ ही शिव पलटन के घर का इनवर्टर व बोर्ड आदि जल गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार यादव ने बताया कि बिजली गिरने से किसी को चोट नहीं पहुंची है। (संवाद)

# वकील पुत्र की गिरफ्तारी पर घेरी देहात कोतवाली

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** अधिवक्ता शत्रुहन यादव के पुत्र कमलेश की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को वकीलों ने देहात कोतवाली का घेराव किया। पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के आरोप में कमलेश का चालान कर दिया।

विदित हो कि देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखना में आठ मार्च को दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसमें नानमून ने अधिवक्ता शत्रुहन यादव सहित पांच लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। कुछ दिन बाद शत्रुहन यादव के प्रार्थनापत्र पर नानमून सहित आठ के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था।

कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष दयाशंकर पांडेय व महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया



कोतवाली का घेराव करते वकील।-संवाद

कि पुलिस ने शुक्रवार को शत्रुहन के घर पर दबिश दिया। पुलिस ने उनके पुत्र कमलेश को पकड़ लाई। इस पर दर्जनों अधिवक्ता देहात कोतवाली पहुंचे। मुकदमे में नामजद न होने के बाद भी कमलेश के पकड़े जाने पर अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त किया। देहात कोतवाल राजकुमार सरोज ने वकीलों को बताया कि शांतिभंग की आशंका में कमलेश का चालान किया है।

# 12 हड़ताली संविदा कर्मचारी बर्खास्त

**बलरामपुर।** बिजली कर्मियों की हड़ताल के मामले में शुक्रवार की शाम को 12 संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। उधर, पावर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

सेवा प्रदाता संस्था अवनी परिधि ने जारी पत्र में कहा है कि उतरौला फीडर में तैनात 12 कर्मी कार्य नहीं कर रहे हैं। इनके बारे में जब सुपरवाइजर ने जानकारी ली तो कर्मियों का मोबाइल बंद मिला। कहा गया कि संबंधित कर्मी आउट सोर्सिंग कर्मी होने के बाद भी अवर अभियंताओं के आंदोलन में शामिल हो रहे हैं।

इधर, नगर के बलुहा मुहल्ले में बिजली न आने से नाराज लोगों ने शुक्रवार की शाम प्रदर्शन किया। पुलिस ने पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। बता दें कि बिजली नहीं आने से पानी का संकट गहरा गया है। (संवाद)

# बेटियों को दी कानून की जानकारी

**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस मौजूद है। इसके लिए कई हेल्पलाइन हैं। अगर महिलाओं को कोई समस्या आती है तो वह हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकती हैं। ये बातें शुक्रवार को वीर विनय चौराहा पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने कहीं। (संवाद)

# पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय की विभिन्न शाखाओं प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पासपोर्ट शाखा, आईजीआरएस, वीआईपी सेल, जनसूचना सेल, सम्मन सेल, सोशल मीडिया सेल, मॉनीटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई के रजिस्टर एवं अभिलेखों को परीक्षण किया गया। कर्मियों से जानकारी ली गई। (संवाद)

# चोरी की दी तहरीर

**पचपेड़वा।** ग्राम पंचायत नौबस्ता के ग्राम प्रधान अखिलेश यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा कि बृहस्पतिवार रात गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप का हैंडल चोरी हो गया। गांव के रामकिशोर, राजन, हनुमान, रामहेत, रामसूरत, राम अजोर, धनीराम, रामनिवास के हैंडपंप का भी हैंडल चोरी हो गया है। पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है। (संवाद)

# गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**उतरौला।** उतरौला कोतवाल संजय कुमार दूबे ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम फक्कड़ दास चौराहा के पास जांच कर रही थी। तभी सावित्री देवी निवासी मोहल्ला गांधीनगर को 620 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। मुकदमा दर्ज कर सावित्री को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-03-2023

हिन्दुस्तान

# निर्माणाधीन हॉस्टल को एसपी ने देखा

बहराइच, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन महिला हॉस्टल, पुलिस मेस, निर्माणाधीन पुलिस आडीटोरियम का निरीक्षण कर संबंधित अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन में परेड का भी निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा शुक्रवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा किया। परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने को दौड़ लगवाई गई।

हिन्दुस्तान

# बिजली व्यवस्था शाम को हुई बहाल

जरवलरोड, संवाददाता। हड़ताल के दौरान जरवलरोड से कैसरगंज के मध्य में लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण स्थिति और बिगड़ गई है। लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियर अहमद रजा खान ने बताया कि लाइन की पूरी जानकारी न होने से ठीक करने में दिक्कत आ रही है। विद्युत उप केंद्र जरवलरोड से क्षेत्र में चल रही रही सप्लाई सुबह 6:20 बजे कैसरगंज जरवलरोड के बीच मेन लाइन में तकनीकी खराबी चारों फीडर की बंद हो गया। कई घंटे आपूर्ति बाधित होने से जरवल, जरवल रोड सहित लाइट के लिए हाहाकार मच गया है। शाम पांच बजे जरवल, जरवलरोड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है।

हिन्दुस्तान

# धोखाधड़ी के मामले में अग्रिम जमानत खारिज

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, एससी एक्ट के जज सुरजन सिंह ने तालाब की भूमि के धोखाधड़ी मामले मे अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

एडीजीसी क्रिमिनल सुनील जायसवाल ने बताया कि मोतीपुर थाने में ओम प्रकाश निषाद ने एक जून 2022 को एफआईआर दर्ज कराई कि वह शादी में गए थे। इसी दौरान उनके हिस्से की भूमि को प्रतिवादी महेश, उमेश व गनेश ने कूटरचित फर्जी दस्तावेज के सहारे सम्पूर्ण भूमि पर तालाब की आईडीए बनवाकर ग्राम पंचायत प्रधान की मिली भगत से मनरेगा में तालाब खोदकर कब्जा कर लिया। इसमें ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सेवक की भी मिली भगत है। इस मामले में आरोपी गेंदी ने बजरिए वकील अग्रिम जमानत याचिका दायर कराई थी। जज ने जमानत याचिका खारिज कर दी है।

हिन्दुस्तान

# जांच करने गई पुलिस से ग्रामीण भिड़े

## कहासुनी

बहराइच, संवाददाता। मटेरा इलाके के विलासपुर भगवानपुर गांव में पुलिस एक शिकायत की जांच को दूसरे पक्ष के व्यक्ति को थाने लाने पहुंची, तो ग्रामीणों ने थाने ले जाए जा रहे व्यक्ति को नहीं ले जाने दिया। जिससे ग्रामीणों की पुलिस टीम से कहासुनी हुई। ग्रामीणों का आक्रोश देख टीम थाने वापस चली गई।

मटेरा थाने के विलासपुर भगवानपुर गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र सांवली प्रसाद के विरुद्ध पड़ोसी गांव निवासी इलियास पुत्र इशहाक ने तहरीर दी थी। जिस पर मामले की जांच करने दो दिन पूर्व थाने के दरोगा बृजभान यादव, अविनाश यादव की टीम गांव पहुंची।



मटेरा इलाके के विलासपुर भगवानपुर गांव में पुलिस से नाकझोक करते लोग

दरोगा का आरोप है कि जांच के दौरान काफी संख्या में लोग आ गए, सभी पुलिस के सामने ही इलियास समेत अन्य से मारपीट करने लगे। पुलिस ने बीच बचाव शुरू किया, तो पुलिस कर्मियों से कहासुनी की। एसएचओ मनोज कुमार सिंह यादव ने बताया कि दरोगा बृजभान यादव की तहरीर पर गांव निवासी सतीश कुमार, आशीष, सांवली, माता प्रसाद, हंसराज, मिथलेश, सुभाष, शिवरानी और राम रूप के विरुद्ध 10 धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिन्दुस्तान

## गोंडा- बहराइच हाईवे पर उधरना सरहदी के मजरा मुण्डेरवा के पास हुआ हादसा

# अनियंत्रित कार की टक्कर से दादी व पौत्र समेत तीन की मौत

**दर्दनाक**

**विशेश्वरगंज, संवाददाता।** गोंडा-बहराइच हाइवे पर शुक्रवार को सुबह मुंडेरवा के पास पैदल सड़क पार कर रही महिला व बालक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

इस हादसे में वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पौत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार गाय को रौंदती हुई नाद से जा टकराई। जिससे गाय की भी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बालक को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। बालक की भी रास्ते में मौत हो गई। हादसे में दादी- पौत्र की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों लाश परिजनों को सौंप दिया है। विशेश्वरगंज थाने के गोंडा- बहराइच हाईवे पर बने सरदार भगत सिंह द्वार के बगल उधरना सरहदी के मजरा मुण्डेरवा निवासिनी 62 वर्षीय यशोदा देवी पत्नी बच्चू लाल तिवारी अपने नाती पांच वर्षीय आकाश तिवारी पुत्र अनूप तिवारी के साथ शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे सड़क के किनारे अपने घर जा रही थी। इसी दौरान गोंडा की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पीछे से टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे नादे पर बंधी गाय को टक्कर मारकर पेड़ में जा टकराई। इस हादसे में वृद्धा व गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बालक को भी गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। एसएचओ श्यामदेव चौधरी ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर तत्काल केस दर्ज कर लिया जाएगा।



विशेश्वरगंज के उधरना सरहदी के मुंडेरवा सड़क हादसे के बाद पेड़ से टकराई कार

**तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बालक की मौत :** बहराइच-करनैलगंज मार्ग पर हुजूरपुर थाने से दस मीटर दूर तेज रफ्तार पिकप ने बालक को टक्कर मार दी। अनियंत्रित पिकअप बालक को घसीटते हुए खड्डे में पलट गई। पिकअप को सीधा कर बालक का शव निकाला गया। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हुजूरपुर थाने से दस मीटर दूर शुक्रवार लगभग 11:30 बजे करनैलगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने हुजूरपुर निवासी नौ वर्षीय रेहान पुत्र बैधू को टक्कर मार दी, इस हादसे वह चोटहिल हो गया। अनियंत्रित पिकअप के हुड में फंसे बालक सहित पिकअप खड्ड में पलट गई। हादसा होते ही लोग दौड़ पड़े। लोगों ने पिकअप सीधी कर पानी में डूबे बालक को गंभीरावस्था में निकाला गया। मौके पर पहुंचे एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने एम्बुलेंस से बालक को चिरैयाटांड़ सीएचसी भेजवाया। चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि छह माह पूर्व ही बैधू के 12 वर्षीय बेटे चांद की छत से गिरकर मौत हुई थी। इस हादसे से नाराज ग्रामीणों ने थाने के पास में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

हिन्दु

# मारपीट में तहरीर पर केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के इंटहा गांव के कल्लू व गयादीन पुत्र परशुराम के बीच पुरानी रंजिश में मारपीट हुई थी। कल्लू की तहरीर पर गयादीन सहित चार, दूसरे पक्ष से कल्लू समेत चार पर केस दर्ज किया गया।

# बिजली कर्मियों के गुस्से से बिगड़ी बिजली आपूर्ति

## नगरीय इलाकों में **गहराया पेयजल का संकट** सौ करोड़ रुपये से अधिक का प्रभावित हुआ कारोबार

**जासं, बहराइच :** समझौता शर्तें लागू न होने से आक्रोशित बिजली कर्मियों ने शुक्रवार से 72 घंटे की हड़ताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को मालगोदाम रोड स्थित उर्जा भवन के सामने जिले भर के बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। हड़ताल के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इससे जिले में सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ।

शहर के कई इलाकों में गुरुवार रात से ही बिजली व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इससे कई जगह पानी की दिक्कत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर 36 घंटों से अधिक समय से बिजली नहीं हैं। सिविल लाइन, बशीरगंज, बखशीपुरा, गुल्लाबीर, फखरपुर और पयागपुर क्षेत्र में कई जगह आपूर्ति बाधित हो गई। सिविल लाइन क्षेत्र में पेड़ काटने के दौरान शुक्रवार को ट्रांसफार्मर फुंक गया। लोगों की सूचना पर दमकल कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इससे पूरे सिविल लाइन क्षेत्र में अंधेरा हो गया। लोगों को पानी की दिक्कत उठानी पड़ी।

बिजली न होने से कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। घरों में लोग मोबाइल तक चार्ज नहीं कर पाए। बालिका इंटर कालेज में लाइट न होने से शिक्षक और कर्मचारी परेशान रहे। रिसिया क्षेत्र में मीरपुर फीडर में खराबी के चलते बेगमपुर, सोहरवा, अचाकपुर, भगवानपुर माफी, मदनजोत और कौआ कोड़री सहित कई गावों में बीते 36 से बिजली आपूर्ति बाधित है। इन क्षेत्रों भी लोगों को पानी के अलावा मोबाइल आदि चार्ज करने में दिक्कत हो गई।





मालगोदाम रोड स्थित उपकेंद्र पर धरना देते बिजली कर्मी और ठप आपूर्ति के बीच राजकीय बालिका इंटर कालेज कार्यालय में खिड़की से आ रही रोशनी में कार्य करते कर्मचारी ● जागरण

**बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी:** हड़ताल के दौरान बिजली कर्मियों ने अधिशाषी अभियंता प्रथम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में उप खंड अधिकारी विजय कुमार, अश्वनी कुशवाहा, अवर अभियंता संजय कुमार, अनिल कुमार भारती, प्रतीक गुप्त, अजय कुमार और चंदन प्रजापति के अलावा विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जितेंद्र कुमार, देवेश कुमार और सुशील कुमार गोस्वामी, जयनंदन मिश्र सहित तमाम कर्मचारी शामिल रहे। बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान समझौता लागू नहीं होने पर रोष व्यक्त किया और चेतावनी दी कि अगर समझौता जल्द लागू नहीं किया जाता है तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। कर्मचारियों ने उर्जा प्रबंधन और पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन पर तानाशाही का आरोप लगाया।

## पानी को तरसी आबादी, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बदहाल

**कैसरगंज** : जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के साथ कैसरगंज क्षेत्र के 132 उपकेंद्र तथा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। डीएम ने अधीक्षण अभियंता बिजली सुरेश कुमार और अधिशाषी अभियंता सौरभ निगम को निर्देश दिया कि आपूर्ति के माकूल बंदोबस्त कराएं। डीएम ने कहा हड़ताल अवधि में आवश्यक सेवाओं चिकित्सालयों, जलापूर्ति के उपक्रम व संचार संस्थानों की बिजली आपूर्ति में बाधा न आए।

**नवाबगंज** : रात 2.30 बजे से क्षेत्र में सप्लाई बाधित रही। पानी व अन्य सुविधाओं के लिए तरसे गए। आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए एक लेखपाल, होमगार्ड व अन्य सरकारी कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया, लेकिन वे कुछ नहीं कर पाए। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या हो गई है। बैंक, डाकघर व अन्य सरकारी कार्य बाधित रहा।

**विशेश्वरगंज** : एसएसओ आशीष कुमार ने बताया कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से बिजली आपूर्ति में दिक्कत आ रही है। सफाई कर्मी रामप्रसाद व पुतान सिंह, सिपाही दीपक चौधरी व सूर्यकेस यादव तैनात रहे। एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार व सीओ पयागपुर आनंद राय ने उपकेंद्र का निरीक्षण किया। रिसिया व रामगांव इलाके में बिजली के अभाव में लघु उद्योग, घरेलू उपकरण बंद हो गए। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली के अभाव में घरों में रखे तमाम इलेक्ट्रानिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। गंभीरवाबाजार में पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई बंद है।

**लाखों रुपये डीजल की खपत :** बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से सरकारी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काम चलाने के लिए जनरेटर का उपयोग किया जा रहा है। इससे करीब पांच हजार जनरेटर के धुएं प्रदूषण फैला रहे हैं, वहीं 50 लाख रुपये से अधिक के डीजल की खपत का अनुमान है।



# इलाज के दौरान मौत

**बहराइच** : दरगाह थाना क्षेत्र के सागौन की बगिया निकट शिवकुमार दुबे के मकान के निकट कल्पीपारा में सड़क किनारे एक अज्ञात नवजात बच्ची पाई गई। जिला महिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। (**संसू**)

# स्कूल गए भाई-बहन का अपहरण, दो पर मुकदमा

**संसू, जरवलरोड(बहराइच) :** पड़ोसी जिले में पढ़ने गए सगे भाई-बहन का बाइक सवार ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जरवलरोड इलाके के ग्राम पंचायत रणहा जतौरा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह का पांच वर्षीय बेटा सूर्या सिंह तथा छह वर्षीय बेटी सुभी सिंह गोंडा जिले के कर्नलगंज कोतवाली के इंसान मार्डन पब्लिक स्कूल बुढ़वलिया पढ़ने गए थे। बुधवार को ढाई बजे स्कूल में छुट्टी के बाद बड़े बेटे आठ वर्षीय किशन और गांव के बच्चों के साथ दोनों जतौरा के ब्रह्मचारी स्थान तक आए और पानी पीने लगे। वहां एक बाइक सवार पहले से मौजूद था। उसने जबरदस्ती दोनों बच्चों को अपनी बाइक पर बैठाया और फरार हो गया। बच्चों के घर न पहुंचने पर स्वजन ने खोजबीन शुरू की, लेकिन बच्चे नहीं मिले। स्वजन ने सूचना कर्नलगंज पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि महेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर पूजा सिंह निवासी ग्राम विहुरी बसंतपुर थाना परसपुर तथा हरिभजन सिंह निवासी राजा चौहानपुर के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दबोचे गए किशोरियों के अपहरण के आरोपित

**जासं, बहराइच :** किशोरियों के अपहरण के आरोपितों तक पुलिस पहुंच चुकी है। अभियुक्त भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। रानीपुर इलाके में बीते शनिवार की शाम खेत गई दो चचेरी बहनों का गांव निवासी मुस्लिम समुदाय के दो युवकों ने कार से अपहरण कर लिया था। स्वजन ने दो मुख्य आरोपितों के साथ चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने गिरफ्तारी की लिए एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की निगरानी में चार टीमें गठित की थीं। घटना के सात दिन बाद भी किशोरियों का पता न लगने से परिवारजन में आक्रोश बढ़ रहा था। दो मुख्य आरोपितों इम्तियाज और वसीम उर्फ छुटकू पर 15-15 हजार रुपये इनाम की घोषणा पुलिस ने की है। दोनों की फोटो इंटरनेट पर प्रसारित की गई। इसके बाद पुलिस को कुछ सुराग मिले, जिससे पुलिस अभियुक्तों तक पहुंचने में कामयाब रही। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने दावा किया कि 24 घंटे में किशोरियों को बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया जाएगा।

# बिना लाइसेंस चल रहा अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

**संसू, तेजवापुर (बहराइच) :** सीएमओ के निरीक्षण में उत्तम नगर चौराहे पर अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन होता पाया गया, जिसे सील कर दिया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेश कुमार सिंह ने उत्तमनगर चौराहे पर अचानक पहुंचकर छापा मारा, जिसमें मशीन सहित एक व्यक्ति मौके पर मौजूद था, लेकिन सीएमओ को देखते ही वह व्यक्ति भाग गया। सीएमओ ने एसीएमओ को फोन कर अवैध सेंटर सील करने के निर्देश दिए। इसके बाद तहसील प्रशासन ने अल्ट्रासाउंड सेंटर सील कर दिया है।

**यह और देश की अन्य खबरें**
www.jagran.com **पर पढ़ें**

# हादसों में नानी-नाती समेत तीन की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**विशेश्वरगंज में कार व हुजूरपुर में पिकअप से हुआ हादसा**

**विशेश्वरगंज/हुजूरपुर (बहराइच)।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस कर्मियों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में गोंडा-बहराइच मार्ग स्थित ग्राम पंचायत उधरना सरहदी के मजरा मुंडेरवा निवासी यशोदा देवी (62) अपने नाती आकाश तिवारी (पांच) के साथ सुबह लगभग छह बजे घर से निकलीं थीं। मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद गोवंश को भी चपेट में ले लिया। महिला व गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बालक की मौत हो गई।

निरीक्षक श्यामदेव चौधरी ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है। उधर, हुजूरपुर निवासी रेहान शुक्रवार को सुबह नौ बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी कर्नलगंज की ओर से आ रही पिकअप ने उसे चपेट में ले लिया। रेहान पिकअप में ही फंस गया। इसके बाद पिकअप सड़क किनारे बने खड्ड में पलट गई। ग्रामीणों ने वाहन को सीधा कर बालक को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



विशेश्वरगंज में नानी व नाती को चपेट में लेने के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त कार। -संवाद

# बालक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौत, चालक की पिटाई

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** कलकलवा में घर के सामने खेल रहे बालक को बालू लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शुक्रवार सुबह रौंद दिया। बालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से जखमी हो गया। मल्हीपुर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कलकलवा निवासी शिवा विश्वकर्मा (07) पुत्र रंगीलाल शुक्रवार को अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच बहराइच के थाना नवाबगंज अंतर्गत लक्ष्मणपुर लहसोरवा के पास बालू लाद कर चालक महेश वर्मा निवासी जौगढ़ थाना कोतवाली भिनगा सेमरी जा रहा था। जैसे ही वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर कलकलवा पहुंचा तभी महेश वर्मा ओवरटेक करने के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली शिवा को रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना में शिवा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक महेश वर्मा की पकड़कर पिटाई कर दी।

सूचना के बाद पहुंचे जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र राय ने भीड़ को समझा कर शांत कराया। घायल महेश वर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे चिकित्सकों ने संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर राम पाल यादव का कहना है कि शिवा के चाचा रामपाल की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। संवाद



बच्चे की मौत के बाद मौके पर मौजूद भीड़। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-03-2023

हड़ताल पर कर्मचारी, दोपहर के बाद आधे से अधिक क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित रही

# बिजलीकर्मियों ने काम करना बंद किया, घंटों आपूर्ति बाधित

**हाहाकार**

श्रावस्ती, संवाददाता। बिजली कर्मियों की हड़ताल शुक्रवार को जारी रही। रात से बिजलीकर्मियों ने उपकेन्द्रों में काम करना बंद कर दिया। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से नामित अधिकारी व सुरक्षाकर्मियों ने कमान संभाल ली। लेकिन हड़ताल के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। नगरीय इलाकों में किसी तरह से आपूर्ति बहाल रखी गई। लेकिन ग्रामीण इलाकों में आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई।

हड़ताल में शामिल बिजली कर्मियों ने शुक्रवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांगों को माने जाने की मांग की। इसके साथ ही मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा। बिजली कर्मियों की हड़ताल के कारण भिनगा में सुबह 10 बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

मरम्मत के बाद कुछ क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बहाल की गई। लक्ष्मनपुर संवाद के अनुसार- विद्युत उपकेंद्र लक्ष्मनपुर बाजार में सुबह से ही ताला लटक रहा था। कोई भी कर्मी उपकेन्द्र पर मौजूद नहीं मिला। इसके साथ ही बिजली सप्लाई बाधित रही। प्रशासन की ओर से लेखपाल [illegible] भिनगा को तैनात किया गया था। लेकिन सुबह नौ बजे कोई मौजूद नहीं मिला। पुलिस कर्मी भी मौजूद नहीं मिले।

कटरा संवाद के अनुसार-विद्युत केंद्र कटरा में सुबह पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने मौजूद कर्मचारियों को विद्युत केंद्र पर रोककर विद्युत सप्लाई का कार्य करवाया। इसके बाद भी कटरा कस्बा को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। कारण है कि लाइन में खराबी होने की वजह से ग्रामीणों में विद्युत की सप्लाई बंद हो गई।

कोई भी कर्मचारी ठीक करने के लिए क्षेत्र में नहीं जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र में बिजली से चलने वाले सारे उपकरण बंद पड़े हैं। प्राथमिक स्कूल बिद्धनी में लगा प्रोजेक्टर बिजली न होने से बंद रहा। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित रही।

गिलौला बाजार संवाद के अनुसार- विद्युत उपकेंद्र उरलहवा मजरा [illegible] पुरवा में सुबह बिजली कर्मचारी मौजूद रहे। लेकिन काम नहीं किया। इससे तिवारी गांव फीडर बंद रहा। दोपहर के बाद सभी फीडरों से बिजली सप्लाई बंद हो गई। थानाध्यक्ष गिलौला उमेश सिंह ने उपकेन्द्र पहुंच कर सुरक्षा का जायजा लिया। उप केंद्र खोलिया क्षेत्र सिरसिया में सुबह करीब 10 बजे बिजली कट गई। इसके बाद देर शाम तक बिजली सप्लाई चालू नहीं की जा सकी। इकौना संवाद के अनुसार- विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शुक्रवार सुबह 10 बजे के बाद से आपूर्ति बंद हो गई।

विद्युत केंद्र इकौना पर तैनात कर्मचारी ने बताया कि बिजली बाहर से काट दी गई है। इकौना नगर व देहात क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। इससे नागरिक परेशान हो गए। बिजली न होने के कारण पानी की भी सप्लाई बाधित हो गई।


उपकेन्द्र लक्ष्मनपुर बाजार में बंद ताला।


उपकेन्द्र उरलहवा में मौजूद बिजली कर्मी व पुलिस।

- रात से बिजलीकर्मियों ने बंद कर दिया काम, अधिकारी देख रहे काम
- कहीं लटक रहा है ताला तो कहीं पर जबरन कर्मियों को रोक कर कराया काम

# विशेष लोक अदालत आज

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बैंकों के ज्यादा से ज्यादा बैंक वसूली मामले निस्तारित किए जाएंगे। विशेष लोक अदालत में बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बड़ौदा ग्रामीण बैंक, श्रीराम फाइनेंस, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, यूको बैंक के साथ अन्य सभी बैंक प्रतिभाग करेंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली ने बालक को कुचला, मौत

जमुनहा, संवाददाता। घर के बाहर खेल रहे बालक को बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही बालक की दर्दनाक मौत हो गई। बालक की मौत से गुस्साये लोगों ने ट्रैक्टर चालक की बुरी तरह पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चालक को कब्जे में लेकर सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

थाना मल्हीपुर के कलकलवा निवासी शिवा विश्वकर्मा (9) पुत्र रंगीलाल शुक्रवार दोपहर में घर के सामने कलकलवा मार्जिनल बांध के किनारे अन्य बालकों के साथ खेल रहा था। तभी जनपद बहराइच के लक्ष्मणपुर से बालू के ठेका से बालू लादकर आ रही टैक्टर ट्राली ने शिवा को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बालक की मौत से गुस्साये ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक महेश वर्मा निवासी गोठवा थाना भिनगा की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव व जमुनहा चौकी प्रभारी जीतेन्द्र राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर चालक को छुड़ाते हुए एम्बुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया।

## पत्नी से विवाद में पति ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

जमुनहा। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के भेलागांव निवासी ओमप्रकाश (30) पुत्र राधेश्याम का अपनी पत्नी के साथ गुरूवार की रात कुछ विवाद हो गया। पत्नी से हुए विवाद से क्षुब्ध होकर ओम प्रकाश ने थोड़ी देर बाद कमरे में जाकर छत के पंखे से गमछा बांध कर फांसी पर झूल गया। उसी के चीखने की आवाज पर परिजन भागकर उसके कमरे के पास पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़कर ओम प्रकाश को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद आनन फानन में उसे सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ओम प्रकाश को जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया।

## 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। आपरेशन धरपकड़ के तहत पुलिस ने 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर आपरेशन धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत शुक्रवार को कोतवाली भिनगा पुलिस ने दो वारंटी, थाना मल्हीपुर पुलिस ने छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसी तरह थाना गिलौला पुलिस ने दो वारंटी, थाना इकौना पुलिस ने दो वारंटी व थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# पुलिस ने गोहत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

श्रावस्ती। क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली। देर रात मुठभेड़ में टीम ने गोहत्या के एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अपराधियों से निपटने के लिए एसपी प्राची सिंह की ओर से आपरेशन धरपकड़ चलाया जा रहा है। गुरुवार की रात अपरेशन के तहत गोहत्या के आरोपियों को पकड़ने गई क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम पर अपराधियों ने फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। 14 मार्च की रात सिरसिया थाना क्षेत्र के हेमपुर बड़रहवा गांव के पास औरा इमली जंगल में कुछ लोगों की ओर से गोहत्या की गई थी। ग्रामीणों ने मौके से एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया था जबकि एक और आरोपी को पुलिस ने 15 मार्च को गिरफ्तार करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था। वहीं वारदात में शामिल दो सलीम उर्फ मटरू पुत्र जाहिद उर्फ आंधी निवासी शाहपुर पूरे शिवदीन व एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

# पुलिस ने लूट के दो वांछित आरोपियों को पकड़ा

श्रावस्ती। क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम ने महिला से लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बलरामपुर जिले की महिला के साथ दोनों आरोपियों को लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक निर्भय नरायण सिंह शुक्रवार को अपराधियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण करने निकले थे। इस दौरान टीम ने लूट के आरोपी विवेक शर्मा पुत्र तुलसीराम निवासी सिसवारा व शिवपूजन यादव पुत्र जग्गू यादव निवासी भरथापुर थाना गिलौला को मनिकौरा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 15 फरवरी को बलरामपुर जिले के थाना तुलसीपुर पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद इस्माईल पत्नी के साथ बहराइच में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। इस दौरान बाइक से पीछा करते हुए देर शाम को गिलौला के दमावा राइस मिल के पास महिला के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए थे।

# एसपी ने परेड का निरीक्षण किया

श्रावस्ती। पुलिस लाइन परेड मैदान में शुक्रवार सुबह परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने यूपी 112 के दो पहिया और चार पहिया वाहनों का निरीक्षण कर कमियों को दुरुश्त कराने का निर्देश दिया। यूपी 112 की गाड़ियों व टैबलेट तथा अन्य उपकरणों के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# संयुक्त टीम से मुठभेड़ के बाद दबोचा गया गोवध का फरार आरोपित

## विशंभरपुर बिल्ली में दूसरी घटना को देने जा रहे थे अंजाम

**जासं, श्रावस्ती :** क्राइम ब्रांच व सिरसिया पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गोवध के बाद फरार आरोपित को 48 घंटे के अंदर मुठभेड़ में दबोच लिया। घायल आरोपित को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में भर्ती कराया गया है। आरोपित के कब्जे से तमंचा व गोवध करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक व स्वाट टीम के प्रभारी निर्भय नारायण सिंह गोवध निवारण अधिनियम के फरार आरोपितों को तलाश कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि विशंभरपुर बिल्ली जंगल में घटना से संबंधित आरोपित पुनः गो-वध करने वाले हैं। पुलिस टीम ने बताए हुए स्थान पर घेराबंदी की। थोड़ी देर बाद दो व्यक्ति गाय को लेकर आते दिखाई दिए। नजदीक आने पर रोका गया तो एक व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया।

आत्मसुरक्षा में पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग की गई। मुठभेड़ में सिरसिय क्षेत्र के शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी सलीम उर्फ मटरू के दाहिने पैर में गोली लगी। उपचार के लिए सीएससी सिरसिया लाया



मुठभेड में घायल गोवध के आरोपित को हिरासत में लिए पुलिस टीम ● जागरण

गया। दूसरा आरोपित भूरे भागने में सफल रहा। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है। सलीम के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, कारतूस, बांका, छुरा, दो नायलान की रस्सी, तीन बोरी बरामद हुई हैं। एसपी ने बताया कि 14 मार्च की रात औरा-इमली जंगल में गोवध की घटना से संबंधित दो आरोपितों को सिरसिया के हेमपुर निवासी बाबू खां व शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी अनिल को जेल भेजा गया था।

### लूट के सामान के साथ दो आरोपित दबोचे

**जासं, श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने बताया कि बलरामपुर जिले के तुलसीपुर क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी मुहम्मद इमरान अपनी पत्नी के साथ बहराइच जिले से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस आ रहे थे। तभी बाइक सवार आरोपित पहुंचे। दमावा राइस मिल के पास मुहम्मद इमरान की पत्नी के हाथ से पर्स छीन लिए थे। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय व स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नरायण सिंह क्षेत्र मे भ्रमणशील थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने भरथापुर के सिसवारा निवासी विवेक शर्मा व शिवपूजन यादव को मनिकौरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से लूट का एक अदद मंगलसूत्र, दो अदद कान का झाला, चार अदद मोती बड़े व 18 अदद मोती छोटे भिन्न-भिन्न रंग के व मोबाइल फोन, आधार कार्ड, मीडिया कार्ड व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

# मुठभेड़ व गोवध के मामले में एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ बिल्ली विशंभर पुर जंगल से मुठभेड़ के बाद गोवध के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा व गोवध में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया।

सिरसिया थाना क्षेत्र के औरा इमली जंगल में 14 मार्च की रात गोवध हुआ था। इसका मामला दर्ज कर सिरसिया पुलिस ने हेमपुर निवासी बाबू खां व शाहपुर पूरेशिवदीन निवासी अनिल को औरा इमली जंगल से गिरफ्तार किया था। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गये थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी प्राची सिंह ने दो टीमें गठित की थीं।

इस मामले में टीम ने बिल्ली विशंभर पुर जंगल में नाकेबंदी की। जहां दो व्यक्ति गाय को लेकर आते दिखाई दिए। नजदीक आने पर जब पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो एक व्यक्ति ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में गोली लगने के बाद पुलिस ने एक आरोपी सलीम उर्फ मटरू को गिरफ्तार कर लिया। जबकि साथ में मौजूद भूरे भागने में सफल रहा। गिरफ्तार सलीम को सीएससी सिरसिया ले जाया गया। जहां से उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया गया।

गिरफ्तार सलीम के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक बांका, एक छुरा, 2 नायलॉन की रस्सी, 3 बोरी बरामद हुई। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई है। संवाद

# एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी प्राची सिंह ने रैतिक परेड की सलामी लेकर परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड पर मौजूद कर्मचारियों से ड्रिल कराई। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। साथ ही सभी कर्मचारियों को वर्दी में रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने व जनता के साथ मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय में पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता जांची। एसपी ने डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का निरीक्षण भी किया। जहां सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक विनोद सिंह को निर्देशित किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को चलाए गए जांच अभियान में पुलिस ने 24 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 36,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद